RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 315
नई दिल्ली, रविवार, 25 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



केंद्र के अनेक फैसले गांधीवादी दर्शन पर आधारित
राष्ट्रीय-9

# अंकिता की हत्या से भड़का आक्रोश

- नहर से बरामद हुआ शव आरोपी के रिजॉर्ट पर चला बुलडोजर, एक हिस्से को लोगों ने फूंका, एसआईटी करेगी हत्याकांड की जांच
- गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने भाजपा विधायक रेनू बिष्ट की गाड़ी में भी की तोड़फोड़
- भाजपा ने मुख्य आरोपी के पिता पूर्व राज्यमंत्री विनोद और भाई को पार्टी से किया निष्कासित





अंकिता भंडारी की हत्या से आक्रोशित लोगों ने देहरादून में भाजपा विधायक की गाड़ी में तोड़फोड़ की तो पौड़ी गढ़वाल में आरोपी पुलकित आर्य के कारखाने में आग लगा दी

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

**रिसेप्शनिस्ट** अंकिता भंडारी की हत्या से पूरे उत्तराखंड में आक्रोश फैल गया है। राज्य सरकार ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्य के रिजॉर्ट पर शुक्रवार रात से ही बुलडोजर चलाना शुरू कर दिया। शनिवार सुबह इसके एक हिस्से को आक्रोशित लोगों ने आग के हवाले कर दिया।

सरकार ने पूरे मामले की जांच एसआईटी को सौंप दी है। राज्य से कई अन्य रिजॉर्ट को भी फूंकने की खबरें आ रही हैं। भाजपा ने आरोपी पुलकित के पिता पूर्व राज्य मंत्री विनोद आर्य और भाई अंकित को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पौड़ी के श्रीकोट की रहने वाली 19 वर्षीय अंकिता भोगपुर क्षेत्र में वनतारा रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थी और 19 सितंबर से लापता थी। शनिवार सुबह उसकी लाश चिल्ला नहर से बरामद हो गई। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर लोग उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं और सोशल मीडिया से लेकर सड़कों पर वे अपने गुस्से का इजहार कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने भाजपा की यमकेश्वर से विधायक रेनू बिष्ट की गाड़ी में भी उस समय तोड़फोड़ कर दी जब वह ऋषिकेश स्थित एम्स पहुंचीं, जहां युवती की लाश पोस्टमार्टम के लिए लायी गई थी। इस बीच, राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मामले की जांच एसआईटी से कराने के आदेश दिए हैं।

दूसरी ओर, भाजपा ने पूर्व राज्यमंत्री विनोद आर्य और उनके बेटे एवं मुख्य आरोपी पुलकित के भाई अंकित आर्य को पार्टी से तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। धामी के निर्देश पर अंकित आर्य को भी ओबीसी आयोग के मनोनीत उपाध्यक्ष के पद से हटा दिया गया है। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के कर्मियों ने शुक्रवार को आरोपी से उस स्थान के बारे में पूरी जानकारी जुटाई, जहां नहर में अंकिता को धकेला गया था। टीम ने उसी स्थान से शव की तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ कर्मियों को शनिवार की सुबह युवती का शव मिल गया। शव को एम्स ऋषिकेश ले जाया गया, जहां पहले से ही बड़ी संख्या में लोग एकत्र होकर प्रदर्शन कर रहे थे। यमकेश्वर विधायक रेणु बिष्ट जैसे ही वहां पहुंचीं, नारेबाजी करती भीड़ उनकी कार पर टूट पड़ी और उनकी एसयूवी की पिछली खिड़की को तोड़ दिया। इस बीच, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने पीड़िता के पिता के साथ टेलीफोन पर बातचीत की और उन्हें हर प्रकार से सहायता एवं आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वह पूरी कोशिश करेंगे कि दोषियों को मौत की सजा मिले। सोशल मीडिया पर शेयर की गई बातचीत के ऑडियो क्लिप में भावुक पिता को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि आरोपी का एनकाउंटर होना चाहिए था।

हालांकि पुलिस महानिदेशक ने कहा कि कानून के मुताबिक ही कार्रवाई होनी चाहिए। अशोक कुमार ने पीड़ित पिता को आश्वासन दिया कि अपराधियों के लिए मौत की सजा सुनिश्चित कराने के लिए पुलिस बारीकी से मामले की जांच करेगी और सभी सबूत जुटाएगी। रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की हत्या से उत्तराखंड की राजनीति से लेकर पर्यटन, अपराध और अन्य पहलुओं को लेकर हलचल मच गई है। राज्य के लोग रिसॉर्ट्स और भूमि कानूनों के अंधाधुंध दुरुपयोग और अवैध निर्माण के मुद्दे को उठा रहे हैं। मुख्यमंत्री धामी ने राज्य के सभी पर्यटक रिसॉर्ट्स ( शेष पेज 8 )

## धामी ने दिया त्वरित जांच व निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून

**उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को अंकिता भंडारी के पिता से फोन पर बात कर संवेदनाएं प्रकट की और उनकी बेटी की हत्या की निष्पक्ष और त्वरित जांच का आश्वासन दिया। इसके लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। मुख्यमंत्री धामी ने ट्वीट कर कहा कि राज्य सरकार इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई करेगी जो इस प्रकार के घृणित कार्य को करने वाले अपराधियों के लिए एक नजीर साबित होगी।

# बाल उत्पीड़न से जुड़ी सामग्री के खिलाफ सीबीआई की कार्रवाई

- देशभर में 59 जगहों पर छापेमारी, इंटरपोल सिंगापुर से मिली सूचना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने ऑपरेशन मेघ चक्र के तहत बाल यौन उत्पीड़न से संबंधित सामग्री (सीएसएएम) के ऑनलाइन प्रसार से जुड़े दो मामलों में शनिवार को 21 राज्यों और एक केंद्र-शासित प्रदेश में 59 ठिकानों की तलाशी ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छापेमारी इंटरपोल सिंगापुर से मिली सूचना और पिछले साल के ऑपरेशन कार्बन के दौरान प्राप्त खुफिया जानकारी पर आधारित है। छापेमारी अभियान क्लाउड स्टोरेज सेवाओं पर लक्षित है, जिसका इस्तेमाल अपराधी बच्चों के साथ अवैध यौन गतिविधियों के ऑडियो-विजुअल प्रसारित करने के लिए करते हैं।

इसी के चलते इस अभियान को ऑपरेशन मेघ चक्र नाम दिया गया। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि सीबीआई ने देशभर में सीएसएएम प्रसारित करने वाले अपराधियों के खिलाफ छापे मारे हैं। एजेंसी ने बताया कि देश भर में जिन 59 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया, उसमें फरीदाबाद और फतेहाबाद (हरियाणा), देहरादून (उत्तराखंड), कच्छ, लुनावअडा, राजकोट और गोधरा (गुजरात), महाराजगंज, हाथरस तथा गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश), बर्धमान तथा मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल), मुंबई, पुणे, नासिक, ठाणे, नांदेड़, सोलापुर, कोल्हापुर तथा नागपुर (महाराष्ट्र), धनबाद और रांची (झारखंड), चित्तूर और कृष्णा (आंध्र प्रदेश), बेंगलुरु, कोडागू, रामनगर तथा कोलार (कर्नाटक), रायपुर (छत्तीसगढ़ ) तथा नई दिल्ली शामिल हैं।

इसी तरह सीबाआई ने चेलाक्कारा तथा मल्लपुरम (केरल), डिंडीगुल (मदुरै), गुरदासपुर तथा होशियारपुर (पंजाब), चेन्नई, गोवा, हैदराबाद, अजमेर, जयपुर (राजस्थान), कुड्डोलोर (तमिलनाडु), गुवाहाटी, धीमाजी (असम), ईंटानगर (अरुणाचाल प्रदेश), सारन और भागलपुर (बिहार), अगरतला (त्रिपुरा) और मंडी (हिमाचल प्रदेश) में छापेमारी की। सीबीआई ने बयान में कहा कि आरोप है कि काफी संख्या में बच्चों के साथ अवैध यौन गतिविधियों के ऑडियो-विजुअल प्रसारित किए जा रहे हैं। इसके लिए क्लाउड बेस्ड स्टोरेज का इस्तेमाल किया जाता है। इस बारे में न्यूजीलैंड की कानून प्रवर्तक एजेंसी से इंटरपोल को जानकारी मिली थी, जिसका सीबीआई ने विश्लेषण किया तथा संदिग्ध लोगों की पहचान की और आगे इसे प्रसारित करने से रोक दिया।

# जल बोर्ड व बैंक अफसरों पर एफआईआर के निर्देश



- पानी के बिलों की 20 करोड़ की धनराशि के गबन का आरोप, एलजी सक्सेना ने मुख्य सचिव से 15 दिन में मांगी रिपोर्ट
- जल बोर्ड का काम संभाल रहे हैं उपमुख्यमंत्री सिसोदिया, आप ने उपराज्यपाल के फैसले का किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**आरोप-प्रत्यारोपों** के बीच राजधानी में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना में खींचतान और बढ़ गई है। एलजी सक्सेना ने शनिवार को मुख्य सचिव नरेश कुमार को निर्देश दिया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), बैंक अधिकारियों और निजी संस्थाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करें।

इन सभी पर पानी के बिलों में कथित तौर पर 20 करोड़ रुपये के गबन के आरोप लगाए गए हैं। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया जलबोर्ड के प्रमुख हैं। सिसोदिया पहले से ही आबकारी नीति और फर्जी शिक्षकों के कथित घोटालों के आरोपों का सामना कर रहे हैं। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव को जल बोर्ड के उन अधिकारियों की पहचान करने को भी कहा है, जो कथित तौर पर फंड की हेराफेरी कर रहे थे। उन्होंने मुख्य सचिव से इस मामले में जिम्मेदारी तय करने और 15 दिनों के भीतर कार्रवाई ( शेष पेज 8 )

## चंडीगढ़ विवि वीडियो मामले में अरुणाचल से सैन्यकर्मी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** पुलिस ने शनिवार को बताया कि उसने चंडीगढ़ विश्वविद्यालय वीडियो मामले के संबंध में एक सैन्यकर्मी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में यह आरोप लगाया गया है कि छात्रावास की एक छात्रा ने साझा स्नानघर में छात्राओं के कई आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए थे। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने कहा कि संजीव सिंह को अरुणाचल प्रदेश से दबोचा गया और उसे मोहाली की एक अदालत में पेश किया जाएगा। डीजीपी ने ट्वीट किया, सेना, असम और अरुणाचल प्रदेश पुलिस के सहयोग से चंडीगढ़ विश्वविद्यालय मामले में अहम खुलासा। आरोपी सैन्यकर्मी संजीव सिंह को सेला दर्रा से गिरफ्तार किया गया। मोहाली की अदालत में पेशी के लिए बोमडिला के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट से उसे ट्रांजिट रिमांड पर लिया गया है। वहीं सैन्यकर्मी की गिरफ्तारी पर सेना के अधिकारी ने ( शेष पेज 8 )

# शांति चाहने वाला देश 26/11 के हमलावरों को पनाह नहीं देगा

- पाकिस्तान पर भारत का पलटवार, पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को मिला करारा जवाब

**भाषा।** संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए भारत ने कहा कि जो देश अपने पड़ोसियों के साथ शांति की चाह रखने का दावा करता है, वह कभी सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करेगा और मुंबई में 26-11 को हुए भयावह हमलों के साजिशकर्ताओं को पनाह नहीं देगा। भारत ने कहा कि पाकिस्तान ने 26-11 के हमलावरों के मुल्क में होने की जानकारी विश्व समुदाय के दबाव के बाद दी।

भारत ने जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया दी। शरीफ ने महासभा को संबोधित करते हुए जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव मिजितो विनितो ने कहा, यह खेदजनक है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने इस महासभा के मंच का इस्तेमाल भारत पर झूठे आरोप लगाने के लिए किया। युवा भारतीय राजनयिक ने कहा, शरीफ ने यह आरोप लगाया है, ताकि वह अपने देश के गलत कृत्यों को छिपा सकें और भारत के खिलाफ उठाए गए कदमों को न्यायोचित ठहरा सकें, जिन्हें दुनिया अस्वीकार्य मानती है।

गौरतलब है कि शरीफ ने संयुक्त राष्ट्र महारासभा को संबोधित करते हुए दोहराया था कि पाकिस्तान भारत के साथ शांति चाहता है, लेकिन शांति तभी सुनिश्चित हो सकती है और उसकी गांरटी तभी हो सकती है, जब संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के तहत कश्मीर मुद्दे का समाधान हो। भारत ने शरीफ के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, एक ऐसा देश, जो अपने पड़ोसियों के साथ शांति कायम करने का दावा ( शेष पेज 8 )

## प्रधानाचार्य ने डांटा तो छात्र ने गोली मार दी

**पायनियर समाचार सेवा।** सीतापुर

**उत्तर** प्रदेश के सीतापुर जिले के एक स्कूल में प्राचार्य द्वारा डांटे जाने से नाराज होकर 12वीं कक्षा के एक छात्र ने शनिवार को उन पर गोली चला दी जिससे वह घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए लखनऊ भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि घटना सीतापुर जिले की बिसवां तहसील के सदरपुर थाना क्षेत्र के एक निजी विद्यालय आदर्श रामस्वरूप इंटर कॉलेज की है। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि पेड़ों के बीच से भागते हुए एक छात्र नजर आता है। फिर जिन प्रधानाचार्य को गोली लगी है, वह जान बचाते हुए भागते दिख रहे हैं। दरअसल शनिवार की सुबह सात बजे की यह घटना है। थाना सदरपुर इलाके के जहांगीराबाद में स्थित आदर्श रामस्वरूप विद्यालय इंटर कॉलेज के परिसर में ही प्रधानाचार्य रामसिंह वर्मा रहते हैं। कोचिंग पढ़ने के लिए छात्र गुरुविन्दर सिंह पहुंचा था। रोज की तरह अपने बैग में कापी-किताब तो ले गया, लेकिन उसी में नजायज असलहा भी ( शेष पेज 8 )

# पहले विदेशी नियोक्ता की विश्वसनीयता को जांचें

- विदेश में नौकरी के इच्छुक भारतीयों को विदेश मंत्रालय ने दी सलाह
- देश छोड़ने से पहले भर्ती एजेंट की पृष्ठभूमि को भी सत्यापित करें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने विदेशों में नौकरी की तलाश कर रहे भारतीयों को सलाह दी है कि वे नौकरी के लिए देश से बाहर जाने से पहले अपने विदेशी नियोक्ताओं की विश्वसनीयता को सत्यापित करें और भर्ती एजेंटों की पृष्ठभूमि की जांच करें। सरकार ने यह परामर्श म्यांमा में कई भारतीयों को नौकरी देने के नाम पर की गई कथित धोखाधड़ी का मामला आने के बाद दिया है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि बैंकॉक और म्यांमा स्थित भारतीय मिशन के संज्ञान में फर्जी रोजगार गिरोह के मामले आए हैं, जो थाईलैंड में संदिग्ध आईटी कंपनियों में नौकरी दिलाने का लालच दे रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, हमारे बैंकॉक और म्यांमा स्थित दूतावासों के संज्ञान में फर्जी रोजगार गिरोह की ओर से भारतीय युवाओं को बहकाकर संदिग्ध आईटी कंपनियों द्वारा थाईलैंड में डिजिटल सेल्स और मार्केटिंग एक्जक्यूटिव की नौकरी दिलाने का लालच दिया जा रहा है। ये कंपनियां कॉलसेंटर घोटाले और क्रिप्टोकरेंसी फर्जीवाड़े में संलिप्त हैं। परामर्श में कहा गया, लक्षित समूह आईटी कौशल प्राप्त युवा हैं जिन्हें सोशल मीडिया विज्ञापन और दुबई एवं भारत में मौजूद एजेंटों के जरिए आकर्षक डाटा एंट्री की नौकरी का लालच देकर धोखाधड़ी की जाती है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि खबर है कि अधिकतर पीड़ितों को गैर कानूनी तरीके से सीमा पार कराकर म्यांमा ले जाया जाता है और बंधक बनाकर कठिन परिस्थितियों में काम कराया जाता है। मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 58,098 | |
| निफ्टी | 17,327 | |
| सोना | 50,326 | /10g |
| चांदी | 58,366 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पुरोहित ने भगवंत मान को दायित्वों की दिलाई याद

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** पंजाब के राज्यपाल बनवारीलाल पुरोहित और राज्य की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के बीच विधानसभा सत्र बुलाने को लेकर विवाद शनिवार को और बढ़ गया, जब राज्यपाल ने मुख्यमंत्री भगवंत मान को उनके कर्तव्यों की याद दिलाने की कोशिश की तो वहीं दूसरी ओर आप ने राज्यपाल से लक्ष्मण रेखा न लांघने को कहा। पुरोहित ने मान को उनके दायित्वों की याद दिलाने की कोशिश करते हुए कहा कि उनके कानूनी सलाहकार इस विषय पर उन्हे समुचित ढंग से सही जानकारी नही दे रहे है। राज्यपाल ने यह भी कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री उनसे बहुत ज्यादा नाराज हैं। आप ने राज्यपाल पुरोहित पर हमला तेज करते हुए आरोप लगाया कि वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के इशारे पर काम कर रहे हैं।

# सोशल मीडिया पर चर्चा, नजरबंद हो गए चीनी राष्ट्रपति!

- भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्वीट कर कहा- क्या शी जिनपिंग नजरबंद हैं, इसकी जांच होनी चाहिए
- चीनी मीडिया या सरकार ने जारी नहीं किया कोई बयान, अंतरराष्ट्रीय मीडिया भी साधे है चुप्पी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया पर इस दावे के साथ खबरें तेजी से वायरल हो रही हैं कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को नजरबंद कर चीनी सेना ने तख्तापलट कर दिया है। कई चीनी सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं का कहना है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठों ने उन्हें पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के प्रमुख के पद से हटाकर यह कदम उठाया। ट्वीटर पर भी यह मामला ट्रेंड कर रहा था। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने शनिवार को ट्वीट कर पूरे मामले की जांच की मांग की।

हालांकि अंतरराष्ट्रीय मीडिया इस मामले में चुप्पी साधे हुए है और चीनी प्रशासन से भी कोई बयान जारी नहीं किया गया है। न्यूज हाईलैंड विजन की एक रिपोर्ट में कहा गया कि चीनी राष्टपति को पूर्व राष्ट्रपति हू जिंताओ और पूर्व प्रधानमंत्री वेन जियाबाओ के कहने पर नजरबंद किया गया है, जिन्होंने स्थायी समिति के पूर्व सदस्य सोंग पिंग को चीन की सेंट्रल गार्ड ब्यूरो (सीजीबी) का नियंत्रण वापस लेने के लिए मना लिया है। रिपोर्टों में यह भी कहा गया है कि 16 सितंबर को एससीओ सम्मेलन में भाग लेकर समरकंद से लौटे शी जिनपिंग को हवाई अड्डे पर ही हिरासत में ले लिया गया। इस तरह के वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

इन दावों में कितनी सच्चाई है, इस बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। चीन से यह खबर जरूर पुष्ट हुई है कि पूर्व वाइस पब्लिक सिक्यारिटी मिनिस्टर सुन लिजून को मौत की सजा सुनाई गई है। चीन के सरकारी मीडिया का दावा है कि सुन लिजून को बड़े पैमाने पर घूस लेने का दोषी पाया गया है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट का यह फैसला दर्शाता है कि शी जिनपिंग पार्टी की अहम बैठक से ठीक पहले उच्चाधिकारियों के खिलाफ भी ऐक्शन लेने से नहीं चूक रहे हैं। भारत में इन ( शेष पेज 8 )

# महाराष्ट्र के गांव में लोग होते हैं डिजिटल डिटॉक्स

- शाम को सायरन बजते ही टीवी-फोन बंद कर देते हैं गांव वाले, फिर होती है पढ़ाई और गपशप
- जीवन की दैनिक डिजिटल अव्यवस्था को रोकने के लिए चुना विकल्प

**एजेंसी।** सांगली

**महाराष्ट्र** के सांगली जिले का एक गांव अपने निवासियों को हर शाम डिजिटल डिटॉक्स कराने के लिए प्रेरित कर आधुनिक जीवन में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की अव्यवस्था से बाहर निकलने का रास्ता दिखा रहा है।

यह विचार मोहित्यांचे वडगाँव गाँव के सरपंच विजय मोहिते ने रखा था और निवासी इस आदर्श पहल में उत्साह से भाग ले रहे हैं। स्थानीय मंदिर से शाम सात बजे एक सायरन बजता है, जो लोगों को अपने मोबाइल फोन और अन्य उपकरण एक तरफ रखने के साथ ही टेलीविजन सेट आदि को बंद करने तथा किताबें पढ़ने, अध्ययन करने और एक-दूसरे के साथ बात करने का संकेत देता है, जबकि दूसरा अलार्म रात 8.30 बजे बजता है जो डिटॉक्स अवधि के समाप्त होने का संकेत देता है। सरपंच ने कहा कि कोविड-19 से संबंधित लॉकडाउन और उसके बाद ऑनलाइन कक्षाओं के कारण स्कूल समाप्त होने के बाद भी लंबे समय तक बच्चों के हाथों में मोबाइल फोन रहने लगा, जबकि माता-पिता अधिक समय तक टेलीविजन देखने लगे।



डिजिटल डिटॉक्स समय में पढ़ाई करते मोहित्यांचे वडगाँव के बच्चे

उन्होंने कहा कि जब प्रत्यक्ष रूप से कक्षाएं फिर से शुरू हुईं, तो शिक्षकों ने महसूस किया कि बच्चे आलसी हो गए हैं, पढ़ना-लिखना नहीं चाहते और उनमें से ज्यादातर स्कूल के समय से पहले और बाद में अपने मोबाइल फोन में तल्लीन रहते हैं। इसलिए मैंने डिजिटल डिटॉक्स का विचार सामने रखा।' मोहिते ने कहा, शुरू में, लोगों को झिझक थी तथा वे कहते थे कि क्या मोबाइल और टीवी स्क्रीन से दूर रहना संभव है।

स्वतंत्रता दिवस पर, हमने महिलाओं की एक ग्राम सभा बुलाई और एक सायरन खरीदने का फैसला किया। तब डिजिटल डिटॉक्स के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सेविका, ग्राम पंचायत कर्मचारी और सेवानिवृत्त शिक्षक घर-घर गए। उन्होंने कहा कि मोहित्यांचे वडगांव स्वतंत्रता सेनानियों का गांव रहा है तथा इसे राज्य और केंद्र सरकारों से स्वच्छता पुरस्कार मिले हैं। सरपंच ने कहा कि गांव को सामाजिक सद्भाव बनाए रखने के लिए जाना जाता है जहां हमेशा विकास कार्यों ( शेष पेज 8 )

# न्यू नोएडा में बनेंगी हाईराइज सोसाइटी

## रियल एस्टेट सेक्टर में आएगा उछाल, 2 हजार, 477 हेक्टेयर लैंड चिन्हित

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

नोएडा गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन डीएनजीआईआर 21 हजार 102 हेक्टेयर जमीन पर बसाया जाएगा। इसमें 2 हजार 477 हेक्टेयर में रेजिडेंसिएल एक्टिविटी की जाएंगी।

इसमें हाइराइज सोसाइटी को भी शामिल किया गया है। यानी रियल सेक्टर को भी निवेश करने का मौका मिलेगा। जिससे गिरते रियल एस्टेट सेक्टर को संभालने का मौका मिलेगा। 1976 में नोएडा की स्थापना 19 हजार 600 हेक्टेयर में बसाया गया। इसे औद्योगिक नगरी के रूप में बसाया गया। लेकिन 2007 से 2012 में इसका स्वरूप बदल गया। और औद्योगिक निवेश की बजाए नोएडा ने रियल स्टेट सेक्टर की ओर कदम बढ़ाया। लेकिन योजनाएं असफल रही। वर्तमान में बिल्डरों पर 20 हजार



करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया है।

ये बकाया जब तक जमा नहीं होगा रजिस्ट्री नहीं खुलेंगी। ऐसा डीएनजीआईआर में न हो इस पर नियमों में बदलाव किया जाएगा। साथ ही पहले से ही रेजिडेंसिएल एरिया को चिन्हित कर लिया गया है। प्राथमिक तौर पर इसे औद्योगिक निवेश के लिए ही बसाया जाएगा। इसके लिए 8 हजार 811 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है। जिस पर सिर्फ उद्योगों का विकास होगा। डीएनजीआईआर में कितनी सोसाइटी बनेंगी और सोसाइटी ग्रुप हाउसिंग के तहत बनेंगी या प्राधिकरण खुद बनाएगा इस पर मंथन किया जा रहा है। हालांकि रियल स्टेट से जुड़े कारोबारियों को इसका बेसब्री से इंतजार है। वहीं फ्लोर एरिया रेशियो एफएआर और कितना पर्चेबल एफएआर रखा जाए नियोजन विभाग की टीम इस पर काम कर रही है। क्रेडाई एनसीआर एवं सीएमडी, प्रेसिडेंट मनोज गौड़ ने कहा दादरी, नोएडा, गाजियाबाद निवेश क्षेत्र नोएडा और आस.पास के क्षेत्रों के विकास में एक अहम भूमिका निभाएगा।

इसके पीछे कई कारण हैं जिनमें संसाधनों के साथ-साथ कंज्यूमर मार्किट के साथ इसकी निकटता और राज्य व राष्ट्रीय स्तर के परिवहन नेटवर्क तक आसान पहुंच शामिल है। इसके अलावा, मिनिमम रेसेटलमेंट इश्यूज और पड़ोसी क्षेत्रों के भीतर उपयुक्त वर्कफोर्स की उपलब्धता भी इस क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण फैक्टर होंगे। अमित जैन, निदेशक, महागुन ग्रुप ने कहा डीएनजीआईआर में रेजिडेंसिएल और हाइराइज के लिए 2 हजार हेक्टेयर एरिया को रिजर्व करने से इस क्षेत्र में रियल एस्टेट सेक्टर को बूम मिलेगा।

ये क्षेत्र मिक्स्ड डेवलपमेंट का एक अच्छा उदहारण बनेगा, जहां हम इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम के साथ एक अच्छे स्मार्ट सिटी का कांसेप्ट देखने को मिलेगा। रियल एस्टेट डेवलपर्स एक ऐसे ही प्लान का इंतजार कर थे।

जो न्यू नोएडा के कॉन्सेप्ट को पूरा करता हो। यश मिगलानी, एमडी, मिगसन ग्रुप ने कहा जब सरकार और एजेंसियां इस क्षेत्र को विश्व स्तर का बानाने का प्रयास कर

### ऐसे होगा

| लैंड यूज | हेक्टेयर |
|---|---|
| रेजिडेंशियल | 2477 |
| कॉमर्शियल | 905.97 |
| पीएसपी | 1682.15 |
| यूटिलिटी | 198.85 |
| इंडस्ट्री | 8811 |
| ग्रीन पार्क | 3173.94 |
| रिक्रेशनल | 420.60 |
| वाटर बॉडी | 150.65 |
| ट्रांसपोटेशन | 3282.59 |

रही हैं उस स्थिति में न्यू नोएडा का डेवलपमेंट करना आज के समय की जरूरत है। रेजिडेंसिएल और हाइराइज के लिए अलग से 2 हजार हेक्टेयर एरिया की व्यवस्था करना रियल एस्टेट सेक्टर को तेज गति देगा। इसके साथ ही ये इस क्षेत्र में हमें अच्छे प्रोजेक्ट और एफडीआई को भी आकर्षित करेगा।

# ऑनलाइन गेमिंग एप घोटाला: वांछित आमिर खान गाजियाबाद से गिरफ्तार

- कोलकाता से भागकर अपने रिश्तेदार के घर छुपा था

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

ऑनलाइन गेमिंग एप के जरिए करोड़ों रुपए का फॉड करने के आरोपी आमिर खान को कोलकाता पुलिस शनिवार को उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। वो यहां पर एक रिश्तेदार के घर में छिपा बैठा था। कोलकाता पुलिस अब आमिर को स्थानीय अदालत में पेश करके बी-वारंट पर अपने राज्य में लेकर जाएगी।

2021 में फेडरल बैंक ऑफ इंडिया ने ई-नगेट्स गेमिंग एप के प्रमोटर आमिर खान के खिलाफ कोलकाता पुलिस में शिकायत की थी। आमिर खान कोलकाता के बड़े बिजनेसमैन नासिर खान का बेटा है।

फरवरी-2021 में कोलकाता के पार्क स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में एफ आईआर दर्ज हुई और फिर विस्तृत जांच.पड़ताल शुरू हुई। दो हफ्ते पहले इस केस में प्रवर्तन निदेशालय की एंट्री हुई।

मनी लॉन्ड्रिंग का केस मानकर 10 सितंबर को कोलकाता में आमिर खान के छह ठिकानों पर छापेमारी की और करीब 17 करोड़ रुपए कैश बरामद किया। हालांकि तब आमिर खान वहां से भाग निकला था। अब कोलकाता पुलिस को सर्विलांस के जरिये आमिर खान की लोकेशन पता चली। यह जानकारी में सामने आया कि वो उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद में अपने एक रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ है। कोलकाता पुलिस ने गाजियाबाद पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट से संपर्क साधा और शनिवार अलसुबह आमिर खान को गिरफ्तार कर लिया।



आरोपी आमिर खान

आमिर खान ने ई-नगेट्स नामक मोबाइल गेमिंग एप लॉन्च की। शुरुआत में इसे प्रयोग करने वाले यूजर्स पुरस्कृत हुए। वे इस एप पर गेम खेलकर पैसा जीत रहे थे और वॉलेट में पैसा इकट्ठा कर रहे थे।

इसके बाद यूजर्स झांसे में आते गए और एक मोटी रकम इस गेम में इन्वेस्ट कर दी। इस तरह करोड़ों रुपया आने के बाद प्रमोटर आमिर खान ने सभी यूजर्स के वॉलेट से पैसा निकासी पर रोक लगा दी और फिर सारा डेटा एप के सर्वर से हटा दिया। यूजर्स को तब जाकर इस फ्रॉड का पता चला।

# न्यू दादरी से एमएमएलएल को जोड़ने के लिए 814 करोड़ की लागत से बनेगी रेलवे लाइन

- आईआईटीएनएल की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पर सहमति बनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब परियोजना को न्यू दादरी से जोड़ने के लिए 814 करोड़ की लागत से रेलवे लाइन बनाई जाएगी।

डीएमआई पी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड आईटाईटीजीएनएल के विकास के लिए आईआईटीएनएल की बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव पर सहमति बनी। आईआईटीजीएनएल इसका खर्च खुद से वहन करेगा, जबकि इसका निर्माण डीएफसीसी करेगा। आईआईटीजीएनएल की बोर्ड बैठक में इस पर सहमति बन गई है।

भारत सरकार की संस्था नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इंप्लीमेंटेशन ट्रस्ट निकडिट और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



आईआईटीएनएल की बोर्ड बैठक में पदाधिकारी।

के संयुक्त उपक्रम डी एम आई सी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड की तरफ से दादरी, चिटेहरा, जुनपत, कटहेड़ा, पल्ला, पाली, बोड़ाकी व थापखेड़ा गांव की 478 हेक्टेयर जमीन पर मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट व लॉजिस्टिक हब परियोजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। 333 हेक्टेयर एरिया पर मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब व 145 हेक्टेयर पर मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब विकसित किया जा रहा है।

मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब परियोजना का जिक्र दो बार प्रधानमंत्री भी अपने भाषण में कर चुके हैं। लॉजिस्टिक हब के बनने से नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित उद्योगों के माल ढुलाई की राह बहुत आसान हो जाएगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण स्थित उद्योगों के लिए यह परियोजना बेहद अहम है। वर्तमान समय में मुंबई, गुजरात, कोलकाता आदि जगहों पर जाने में चार से पांच दिन लगता है, इसके शुरू होने के बाद माल चौबीस घंटे से भी कम समय में पहुंच सकेगा। लॉजिस्टिक हब में वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज, कस्टम ऑफिस आदि बनेंगे। लॉजिस्टिक हब को न्यू दादरी रेलवे स्टेशन से गुजर रही ईस्टर्न एवम वेस्टर्न डीएफसीसी की रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए करीब 3०5 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का निर्माण किया जाना है।

## कक्षा में बच्चों को अलग बैठने के विरोध अभिभावक बीएसए से मिले

**नोएडा।** निशुल्क बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के अंतर्गत दाखिला लेने वाले बच्चों से भेदभाव और अन्य बच्चों के साथ न बैठने की वजह से अभिभावक परेशान हैं। पिछले दिनों एक अभिभावक ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के फ्लोरेंस इंटरनेशनल स्कूल की शिकायत की थी। इसको लेकर बीएसए ने नोटिस भी दिया था। इस मामले में शनिवार को अभिभावकों ने फिर से बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की है।

अभिभावक जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सेक्टर-3 स्थित फ्लोरेंस इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल प्रबंधन आरटीई के अंतर्गत चयनित बच्चों को अलग स्थान पर बैठते हैं। इस दौरान मात्र एक आया ही इन बच्चों के पास रहती है। वहीं, इन बच्चों को उचित रूप से पढ़ाई नहीं कराई जाती। आरोप है कि बच्चों को अन्य बच्चों के साथ नहीं रखा जाता। आरोप है कि शिकायत के बाद स्कूल को नोटिस जारी किया गया है, लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने इस मामले पर कोई सुनवाई नहीं कर रही हैं।

# रैपिड रेल ट्रैक पर अक्टूबर से बिजली सप्लाई

- 82 किमी लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 25 स्टेशन हैं और एनसीआरटीसी 2025 तक ट्रेनों का संचालन शुरू करने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर के प्रायोरिटी सेक्शन साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक में विद्युत ओएचई का विद्युतीकरण चार्ज अक्तूबर माह से आरंभ होने वाला है।

रेल ट्रैक के ऊपर लगाए जा रहे ओवर हेड इक्विपमेंट ओएचई का 25000 वोल्ट की क्षमता के साथ विद्युतीकरण चार्ज होगा। ओएचई लगाने का काम तेजी से जारी है। आपको बता दें कि रैपिड रेल का ट्रायल रन नवंबर में प्रस्तावित है। प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया, दुहाई डिपो में ट्रेनों की स्टेटिक और डायनामिक टेस्टिंग के लिए आईबीएल इंस्पेक्शन बे लाइन और टेस्ट ट्रैक को पहले ही चार्ज किया जा चुका है। हाल ही में गुजरात के सांवली से दूसरी रीजनल रैपिड रेल ट्रेन सेट दुहाई डिपो में पहुंचा है।

जबकि पहला ट्रेन सेट जून महीने में आ गया था। इन दोनों ट्रेनों की स्टेटिक और डायनेमिक टेस्टिंग की जा रही है। अब दोनों ट्रेनो की टेस्टिंग को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रायोरिटी सेक्शन के संचालन के लिए विद्युत आपूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड यूपीटीसीएल से करार किया गया है।

यूपीटीसीएल के सब स्टेशन ग्रिड से 220 ज्ञट बिजली गाजियाबाद स्थित विद्युत सब स्टेशन तक आ रही है और यहां से बिजली ट्रेनों के संचालन के लिए और 33 बिजली आरआरटीएस स्टेशनों की समस्त जरुरतों के लिए इस्तेमाल की जाएगी। प्रायोरिटी सेक्शन में विद्युत आपूर्ति के लिए गाजियाबाद में रिसीविंग सब-स्टेशन आरएसएस बनाया गया है। यहां 50 मेगावाट की क्षमता के ट्रांसफर्मर्स लगाए गए हैं। इन सभी ट्रांसफार्मर्स की टेस्टिंग आदि पूर्ण कर ली गई है। यहीं से दुहाई डिपो में विद्युत आपूर्ति की जा रही है। अब यह आरएसएस कॉरिडोर पर विद्युत आपूर्ति के लिए भी तैयार है। प्रायोरिटी सेक्शन में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन हैं।

सभी स्टेशन जल्द तैयार होने वाले हैं। विश्वस्तरीय आरआरटीएस ट्रेनों के संचालन के लिए प्रायोरिटी सेक्शन लगभग तैयार हो चुका है। वर्तमान में यहां स्टेशनों की रूफशेड लगाने, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स पीएसडी लगाने और स्टेशनों की फिनिशिंग का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जबकि यहां ट्रैक बिछाने, ओएचई, सिग्नलिंग और टेलिकॉम का कार्य अंतिम चरण में है।

प्रायोरिटी सेक्शन में मार्च 2023 में आरआरटीएस की पहली ट्रेन चलाने का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि 82 किमी लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 25 स्टेशन हैं और एनसीआरटीसी पूरे कॉरिडोर पर 2025 तक ट्रेनों का संचालन शुरू करने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है।

# एटीएस ने पीएफआई के 4 सदस्य एनसीआर से किए गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

पीएफआई के खिलाफ राष्ट्रीय एजेंसी की कार्रवाई जारी है। आज गाजियाबाद समेत तीन शहरों से चार लोगो को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एटीएस की नोएडा इकाई ने शामली के सोंटा रसूलपुर निवासी मौलाना शादाब कासमी, मामोर निवासी मौलाना साजिद कासमी, मुजफ्फ रनगर के जोगिया निवासी मौलाना इस्लाम कासमी और गाजियाबाद में मुरादनगर क्षेत्र के नेकपुर के निवासी मुफ्ती शहजाद को गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस के अधिकारी इनसे पूछताछ कर रहे हैं।

इस संबंध में खरखौदा मेरठ इंस्पेक्टर अनुज कुमार द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है, जिसमें धारा.120बी, 121ए, 153ए, 295ए, 109, 505 2 और गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम 13 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। एफ आईआर में बताया गया है कि गिरफ्तारी व बरामदगी कर अभियुक्तगण गजवा-ए-हिन्द से संबंधित अवाचनीय साहित्य, एक पेनड्राइव, बाइक, तीन अदद मोबाइल फोन तथा अदद तीन किताबें बरामद की गई हैं।

इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने तहरीर में बताया है कि उनको एवं एटीएस टीमों को सूचना प्राप्त हुई की पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मोहम्मद शादाब, अजीज कासमी ऑल इंडिया इमाम काउंसिल के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व पीएफआई मेंबर जनपद शामली के नेतृत्व में मौलाना साजिद, मुफ्ती शहजाद, इस्लाम कासमी मिलकर योजना बना रहे हैं। इनका मानना है कि ये सरकारें मुसलमानों के खिलाफ है और मुसलमानों के खिलाफ काम कर रही हैं। एटीएस टीम ने मेरठ लाकर इन लोगों को पूछताछ की।

## असिस्टेंट कमिश्नर को गाली देना वाला इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**नोएडा।** राज्य वस्तु एवं सेवाकर एसजीएसटी की महिला असिस्टेंट कमिश्नर को फोन पर जान से मारने की धमकी और वाट्सएप पर गंदी. गंदी गालियां देने वाले इंस्पेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये इंस्पेक्टर एसजीएसटी विभाग में महिला के अधीन ही काम करता है। शिकायत मिलने के बाद ये कार्रवाई फेस-3 पुलिस ने की है।

सेक्टर-121 क्लियो काउंटी सोसायटी में रहने वाली पीड़िता राज्य वस्तु एवं सेवाकर एसजीएसटी में असिस्टेंट कमिश्नर हैं। वे गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित ऑफिस में बैठती हैं। उनके अधीन नोएडा के सेक्टर 62 स्थित राज्य वस्तु एवं सेवाकर एसजीएसटी ऑफिस भी आता है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नोएडा ऑफिस में जीएसटी इंस्पेक्टर अर्पित मलिक तैनात है। 20 सितंबर की सुबह अर्पित ने असिस्टेंट कमिश्नर को फोन कर पहले गालियां दी।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के प्रबंधक निलंबित

- मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने दिए थे जांच के आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के प्रबंधक दिगम्बर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने व उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है।

साथ ही नोएडा विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी को इस मामले में जांच अधिकारी नामित कर दिया है। प्रबंधक दिगंबर सिंह के खिलाफ अनियमितता पूर्ण तरीके से अनुमोदन के बगैर 17 किसानों को आरक्षण.आवंटन पत्र जारी करने के आरोप हैं। जिस पर यह कार्रवाई की गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



अधिग्रहीत भूमि के सापेक्ष किसानों को आबादी विस्तार के लिए भूखंडों का आवंटन करता है।

इसके लिए कृषकों की पात्रता निर्धारित की जाती है। गठित समिति की बैठक 25 जुलाई 2022 को हुई थी। जिसमें कुल 26 प्रकरणों में से समिति द्वारा केवल छह प्रकरणों को अनुमोदित किया गया। शेष प्रकरणों को समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया था। लेकिन अनुमोदित 6 प्रकरणों में से 4 प्रकरणों में आरक्षण.आवंटन पत्र निर्गत करने के अलावा 17 और प्रकरण, जिन्हें समिति द्वारा अनुमोदित ही नहीं किया गया था, उनमे भी आरक्षण.आवंटन पत्र दिनांक 28 जुलाई 2022 और 1 अगस्त 2022 को निर्गत कर दिए गए। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि दिगम्बर सिंह ने दूषित भावना के तहत षडयंत्र करके अपात्र किसानों को अनुचित लाभ पहुंचाया है। दिगम्बर सिंह प्रबंधक ग्रेटर नोएडा का यह कार्य अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर अनियमितता, कदाचार और भ्रष्टाचार का द्योतक है। उनके इस कृत्य से प्राधिकरण और सरकार की छवि धूमिल हुई है। नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। आपको बता दें कि औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल नन्दी ने जब से औद्योगिक विकास विभाग की जिम्मेदारी सम्भाली है, तब से लेकर अब तक नियमविरूद्ध व मनमाना तरीके से कार्रवाई करने वाले करीब आधा दर्जन अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार



गैंगरस्टर की गिरफ्तार के बाद प्रेस वार्ता में पुलिस अधिकारी।

### गैंगस्टर इरफान उर्फ उजाले पकड़ा गया

**गाजियाबाद।** कविनगर थाने के एसएचओ अमित सिंह की टीम को उस समय एक बड़ी सफलता मिली कि जब पुलिस ने गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहे अंतरराष्ट्रीय चोर इरफान उर्फ उजाले को मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। पुलिस की माने तो यह बदमाश और इसका गैंग भारत के कई सूबों के अलावा अन्य देशों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस के लिये सिरदर्द बन गया था। कविनगर थाना क्षेत्र में भी उजाले व उसके गैंग ने वारदात को अंजाम दिया था। इसके चलते पुलिस प्रशासन ने इरफान के ऊपर गैंगस्टर एक्ट लगाया था। जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

### नगर आयुक्त ने किया सिद्धार्थ विहार का निरीक्षण

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने सिद्धार्थ विहार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उस स्थान को देखा जहां पहले कूड़ा डाला जाता था। दरअसल नए नगर आयुक्त नितिन गौड़ अभी नगर निगम की वर्किंग को समझ रहे हैं। इसी क्रम में हर रोज वह मौके पर जाकर विकास योजनाओं से लेकर कूड़ा उठान तक का जायजा ले रहे हैं। इसी के चलते आज नगर आयुक्त ने सिद्धार्थ विहार में कूड़ा निस्तारण वाली जगह को देखा। जहां उन्होंने निरीक्षण किया वहां कभी कई लाखों टन कूड़ा पड़ा था।

### वीके सिंह ने दिव्यांगों को वितरित कीं ट्राईसाइकिल

**गाजियाबाद।** पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है। नेहरू नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र पर कुत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सांसद जनरल वीके सिंह और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल सहित सहायक उपकरण वितरित किए। इस दौरान 3 दिव्यांगों को व्हील चेयर, 15 को यूडीआई कार्ड और 10 को पेंशन स्वीकृति के प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

### सीएमओ के आश्वासन पर प्रस्तावित आंदोलन स्थगित

**गाजियाबाद।** सीएमओ से वार्ता के बाद मलेरिया कर्मचारियों ने प्रस्तावित आंदोलन को स्थगित कर दिया है। अर्बन मलेरिया फइलेरिया कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को वेतन विसंगती समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भवतोष शंखधर ने शनिवार को संघ के तीन पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। संघ को दो साल से स्टेशनरी एवं सामान नहीं मिलने, टीए-डीए बिल पेंडिंग होने की शिकायत की थी। इन 11 सूत्रीय मांगों पर अर्बन मलेरिया फाइलेरिया कर्मचारी संघ ने 27 सितंबर को आंदोलन की चेतावनी दी थी।

# सेक्टर और सोसाइटी के बाहर बनेंगे डॉग शेल्टर

- शिकायत मिलने पर लगाया जाएगा जुर्माना

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आवारा कुत्तों के लिए सेक्टरों और सोसाइटी के आसपास शेल्टर होम बनाए जाएंगे। इस शेल्टर में आवारा कुत्तों की फीडिंग भी कराई जाएगी। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण आरडब्ल्यूए और अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन एओए के साथ मिलकर जगह चिह्नित करेगा।

प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने जन स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। शहर में पिछले कई महीनों से आवारा कुत्तों के काटने के मामले तेजी से बढ़े हैं। खासकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और



प्रतीकात्मक फोटो

गाजियाबाद में है। इनके वीडियो भी वायरल हुए है। जिसके बाद नोएडा में आरडब्ल्यूए और सोसाइटी के साथ मिलकर प्राधिकरण ने एक फोरम बनाने की बात कही।

फोरम बनाने का काम चल रहा है। प्राधिकरण सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सभी सेक्टरों और सोसाइटी में एक स्थान चिन्हित करने को कहा है। उन्होंने कहा कुत्तों के लिए शेल्टर बनाया जाएगा। इसके लिए जगह देखा जा रहा है।

आवारा कुत्तों की नसबंदी का सत्यापन आरडब्ल्यूए और एओए से कराने के बाद ही संबंधित कंपनी को भुगतान किया जाए।

पालतू कुत्तों के रजिस्ट्रेशन होगा। इनका वैक्सीनेशन किया जाएगा। अब तक 1700 पालतु कुत्तों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।

2017 से अब तक 39 हजार 500 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। इसके लिए प्राधिकरण की 2 संस्थाएं काम कर रही हैं।

पहली ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी और दूसरी एनिमल इंडिया ट्रस्ट। पैट मालिक अपने जानवर को खुले स्थान, पार्क या सार्वजनिक स्थान पर शौच कराता है। शिकायत होने पर प्राधिकरण जानवर के मालिक पर एक्शन लेगा। पहली शिकायत सही पाए जाने पर 100 रुपए, दूसरी बार में 200 और तीसरी बार में 500 रुपए का जुर्माना लगाकर नोटिस भेजा जाएगा। अधिक शिकायतें आने पर पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा। शिकायत का निस्तारण एक सप्ताह में कर दिया जाएगा।

# रामलीला मंचन में लिप्सिंग नहीं लाइव बोले जाएंगे डायलॉग

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

- 70 फीट का होगा रावण का पुतला

नोएडा में रामलीला का मंचन 26 सितंबर से 6 अक्टूबर तक होगा। आयोजन श्री सनातन धर्म रामलीला समिति की ओर नोएडा के सेक्टर-21 स्टेडियम में किया जाएगा। दिल्ली व मुंबई के टीवी और फिल्मी कलाकर रामलीला में मंचन करेंगे। पांच अक्टूबर को रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन होगा।

सोमवार को शाम 7 बजे गणेश पूजा के साथ शुरू होगा। 29 सितंबर को राम बारात निकाली जाएगी। राम बारात सेक्टर-12 के बी व डब्ल्यू ब्लाक से होते हुए शिव मंदिर तक जाएगी। जिसमें सांसद डाक्टर महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह, महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम आदि रहेंगे। यहां बनाए जा रहे पुतलों में रावण का पुतला 70 फीट का बनाया जा रहा है। वहीं मेघनाद 65 और कुंभकर्ण के पुतला 60 फीट के बनाए जा रहे है। इसके अलावा लंका दहन और प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रति जागरुकता भी यहां दिखेगी। नोएडा में सनातन धर्म राम लीला समिति 36 सालों से रामलीला मंचन कराती आ रही है। इस बार स्टेज पर मंचन करने वाले कलाकर लिप्सिंग नहीं करेंगे बल्कि खुद डायलौग बोलते नजर आएंगे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 25 सितंबर, 2022



# एनआईए का छापा, नीरज बवाना गिरफ्तार

## इजराइली खुफिया एजेंसी मोसाद के गुप्त अभियानों पर आधारित किताब समेत कई दस्तावेज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश भर में चल रहे अपराधिक गैंग के सिंडीकेट की जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए गैंगस्टर से आतंकी कनेक्शन के मामले में जेल में बंद गैंगस्टर नीरज बवाना समेत दो अन्य को गिरफ्तार किया है।

एनआईए ने इसके अलावा गैंगस्टर कौशल उर्फ नरेश चौधरी और भूपिंदर सिंह को गिरफ्तार किया है। एनआईए लगातार पंजाब, हरियाणा, राजस्थान में कई बड़े गैंगस्टर के ठिकानों पर ताबडतोड़ छापेमारी कर रही है।

एनआईए ने दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के केस को फिर से पंजीकृत कर यह कार्रवाई की। उस एफआईआर में भारत में और देश से बाहर बैठे गैंगस्टर पर साजिश रच कर दिल्ली और देश के दूसरे राज्यों में




आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप था. गोल्डी बरार सहित कई गैंगस्टर्स विदेशों से सक्रिय हैं।

एनआईए को पिछले दिनों गैंगस्टर नीरज बवाना के घर पर छापेमारी के दौरान कई अहम दस्तावेज बरामद हुए थे। इनमें जमीन पर कब्जे से लेकर दूसरे गैंगस्टरों को दिए गए धन और मदद के साथ ही खुफिया एजेंसी मोसाद के गुप्त अभियानों को लेकर किताबें शामिल हैं। एनआई को छापेमारी के नीरज बवाना के घर से कुछ अन्य दस्तावेज और डायरियां भी मिलीं थीं। एनआईए की टीम को नीरज बवाना के घर की तलाशी के दौरान गोलियों के साथ छह पिस्तौल, रिवॉल्वर और बंदूक भी बरामद हुई थीं. एनआईए ने पिछले दिनों पांच राज्यों में 60 अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की थी। बता दें कि केंद्र ने पिछले दिनों पंजाब में गैंगवार को लेकर पंजाब पुलिस को कई अलर्ट भेजे हैं। कई आतंकी मामलों की जांच में गैंगस्टरों और आतंकियों के बीच साठगांठ का खुलासा हुआ है।

कई गैंगस्टर जेल के अंदर से ही ऑपरेट कर रहे हैं. दिल्ली पुलिस ने हाल ही में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में शामिल कई गैंगस्टरों के खिलाफ यूएपीए लगाया था।

### कोर्ट से 5 दिन का वारंट

पटियाला हाउस कोर्ट से नीरज, भुप्पी और कौशल चौधरी को 5 दिन का प्रोटेक्शन वारंट लेकर एनआईए अब अपनी जांच को आगे बढ़ाएगी। एनआईए ने कोर्ट को बताया कि नीरज बवाना और उसके गैंग के लोग प्रभावशाली लोगों को डरा धमकाकर न सिर्फ उगाही कर रहे हैं, बल्कि टारगेट किलिंग भी कर रहे।

### डायरियों को लेकर पूछताछ

एनआईए से जुड़े सूत्रों ने दावा किया कि नीरज बवाना के घर से कुछ डायरियां बरामद हुई हैं जिसको लेकर उससे पूछताछ होगी। इन डायरियों में कथित तौर पर जमीन पर कब्जा करने से अर्जित धन, अन्य गैंगस्टरों को मासिक पेमेंट, और मोसाद जैसी वैश्विक खुफिया एजेंसियों पर पुस्तकों विवरण है।

### गैंगस्टर और आतंकियों का गठजोड़

गैंग लीडर और उनके सहयोगियों को इस तरह की आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पहले भी जेल भेजा जा चुका है। हाल के दिनों में ये गैंगस्टर साइबर स्पेस के जरिये अपने अपराधों का महिमा मंडन कर लोगों में आतंक फैला रहे हैं।



दिनभर बारिश और जलभराव के चलते राजधानी के सड़के वाहनों से जाम रही।

# लगातार बारिश से उकताए लोग

- जनजीवन हुआ अस्त व्यस्त, सड़कों पर गड्ढे व जाम जैसी दूसरी मुश्किलें भी बढ़ीं

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में शनिवार को भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। पिछले तीन दिन से लगातार हो रही हल्की व मध्यम बारिश के चलते शहर में कई जगहों पर जलजमाव के कारण यातायात प्रभावित हुआ है।

शहर के अलग-अलग हिस्सों में यातायात जाम देखा गया। दिल्ली यातायात पुलिस ने यात्रियों को जाम की स्थिति को देखते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी है।उसने ट्वीट किया, भारत मौसम विज्ञान विभाग की रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली तथा आसपास के इलाकों में हल्की से मध्यम तीव्रता की बारिश होगी। यात्रियों को इसके अनुसार अपनी यात्रा की योजना बनाने की सलाह दी जाती है। यातायात पुलिस ने एक अन्य ट्वीट में कहा, गड्ढे के कारण मजलिस पार्क से आजादपुर की ओर रोड नंबर 51 पर भारी यातायात है। कृपया इस मार्ग से बचें।

उसने कहा, राजधानी पार्क मेट्रो स्टेशन के नीचे जलभराव के कारण मुंडका से नांगलोई की ओर रोहतक रोड पर भारी यातायात है। कृपया इस मार्ग पर यात्रा से बचें।

उसने बताया कि नजफगढ़ से नांगलोई की ओर बांकी बिहारी स्वीट्स के समीप गड्ढे के कारण नांगलोई नजफगढ़ रोड पर भारी यातायात है। यातायात हेल्पलाइन के अनुसार, उन्हें यातायात जाम से संबंधित 16 शिकायतें मिली, तीन शिकायतें जलभराव और पांच पेड़ों के गिरने की शिकायतें मिली। यातायात पुलिस ने बताया कि फिरनी रोड पर जलभराव और गड्ढों के कारण नजफगढ़ में ढांसा और बहादुरगढ़ स्टैण्ड पर यातायात प्रभावित है।

कुछ यात्रियों ने सोशल मीडिया पर भी लिखा है कि उत्तरपश्चिमी दिल्ली के आजादपुर में यातायात जाम है। सोशल मीडिया के एक उपयोगकर्ता ने कहा कि नजफगढ़ इलाके में भी यातायात जाम है। उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर में भी यातायात प्रभावित है। एक सोशल मीडिया उपयोगकर्ता ने कहा कि समयपुर बादली की ओर लिबासपुर अंडरपास में यातायात बाधित है।

अधचिनी रेड लाइट के समीप अरविंदो मार्ग और छतरपुर की ओर महिपालपुर के समीप पेड़ों के गिरने की भी खबरें हैं। दिल्ली में शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी बारिश जारी रही।

# जलबोर्ड मामले को लेकर आक्रामक हुई भाजपा

- आदेश गुप्ता ने उपराज्यपाल के फैसला का किया स्वागत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली जल बोर्ड में 20 करोड़ की गड़बड़ी पर एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश का स्वागत करते हुए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने शनिवार को कहा कि मामले में अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।

उन्होंने दावा किया कि गड़बड़ी के समय मुख्यमंत्री ही जल बोर्ड के अध्यक्ष थे। बिधूड़ी ने कहा कि जून 2012 में दिल्ली जल बोर्ड ने कॉर्पोरेशन बैंक को तीन साल तक पानी का बिल एकत्रित करने के लिए अधिकृत किया था। इसके बाद 2016 एवं 2017 में भी उन्हें इस काम को जारी रखने के लिए



कहा गया। 2019 में जब इस गड़बड़ी का खुलासा हुआ तब भी बैंक के पास अधिकार जारी रखा गया। उपराज्यपाल ने इस गड़बड़ी को लेकर अनुबंध बढ़ाने वाले जल बोर्ड के अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा है।

अधिकारियों का रवैया बताता है कि इसमें उनकी मिलीभगत थी। रुपये जमा नहीं होने की जानकारी शुरुआत से जल बोर्ड और बैंक अधिकारियों को थी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने केजरीवाल सरकार दिल्ली जल बोर्ड में 20 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और गबन के मामले पर उपराज्यपाल से गत वर्ष इस मामले की जांच कराने की मांग की थी।

आदेश गुप्ता ने कहा कि जल बोर्ड ने वर्ष 2012 में कारपोरेशन बैंक (अब यूनियन बैंक ऑफ इंडिया) के साथ ग्राहकों से बिल वसूली पर करार किया था। जिसके तहत लोग पानी के बिल बैंक में जमा कर सकते हैं। इस करार को उसी दिन बैंक ने एक अन्य कंपनी फ्रेश पे के हवाले कर दिया। उन्होंने कहा कि बैंक ने फ्रेश पे कंपनी से 1.25 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी भी मांगी जो कि मूल करार में नहीं है।

### मुख्यमंत्री केजरीवाल आज गुजरात जाएंगे

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के उनके समकक्ष भगवंत मान रविवार को अहमदाबाद की यात्रा करेंगे तथा गुजरात सरकार के सफाई कर्मियों, अस्थाई कर्मियों और युवाओं के साथ बातचीत करेंगे।

भाजपा शासित गुजरात की अपनी इस यात्रा से पहले केजरीवाल ने कहा कि गुजरात में समाज का हर वर्ग आशाभरी निगाहों से आम आदमी पार्टी (आप) की ओर देख रहा है। केजरीवाल ने ट्वीट किया, कल मैं और भगवंत मान जी अहमदाबाद जा रहे हैं। वहाँ युवाओं, सफ़ाई कर्मचारियों और कच्चे कर्मचारियों के साथ हम संवाद करेंगे। आज गुजरात का हर तबका आम आदमी पार्टी को ही अपनी उम्मीद मानता है।



झड़ौदा पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में प्रशिक्षु से बातचीत करते उपराज्यपाल वी.के सक्सेना।

# निगम चुनाव की जल्द हो सकती है घोषणा

- चुनाव आयोग ने किया ईवीएम का निरीक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

नगर निगम चुनाव को लेकर जहां राजनीतिक पार्टियों की तैयारी तेज हो गई है वहीं सरकारी तंत्र ने भी व्यवस्था संबंधी काम में तेजी देखी जा रही है। उम्मीद की जारी है महीनों में निगम चुनाव की संभावना जताई जा रही है।

ताजा घटनाक्रम में निगम के पूर्व मुख्यालय रहे टाउन हाल में शुक्रवार को राज्य चुनाव आयोग की टीम ने यहां सुरक्षित रखी गई ईवीएम का निरीक्षण किया। मशीनों की जांच और टेस्टिंग का कार्य आने वाले तीन-चार दिन तक जारी रहने की संभावना है। इससे माना जा रहा है कि निकट समय में कभी भी निगम चुनाव की घोषणा हो सकती है।

सूत्रों के मुताबिक टाउन हाल में कई कमरों में ईवीएम रखी हुई हैं। इसलिए यहा पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। ये 24 घंटे इन कमरों की निगरानी करते हैं। बता दें कि बीते सप्ताह वार्ड परिसीमन के लिए बनी कमेटी ने इसका ड्राफ्ट भी सार्वजनिक कर दिया था। इस पर तीन अक्टूबर तक जनता से सुझाव और आपत्तियां मांगी जा रही है। इस प्रक्रिया को पूरा करने के बाद परिसीमन कर रही समिति ड्राफ्ट को अंतिम रूप देकर केंद्र सरकार को भेज देगी। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय इस ड्राफ्ट को अधिसूचित कर देगा। इसके अधिसूचित होते ही राज्य चुनाव आयोग वार्डों के आरक्षण की सूची को सार्वजनिक करेगा, जिसमें महिला वार्ड, सामान्य वार्ड और अनुसूचित जाति के वार्ड के आरक्षण की जानकारी होगी। इस प्रक्रिया के पूरा होते ही चुनाव की घोषणा की जा सकती है। नगर निगम के पूर्व मुख्य विधि अधिकारी अनिल गुप्ता का कहना है कि अक्सर वार्डों का परिसीमन करने में आठ से दस माह का समय लगता है।

## संक्षिप्त समाचार



सभागार में मुख्य अतिथि हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व छात्रा।

### गुणावत्तापरक शिक्षा प्रदान करना चुनौती : राज्यपाल

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल स्टेडियम में आयोजित एसआरएम यूनिवर्सिटी के द्वितीय दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए तकनीकों, नवीनताओं व अनुसंधान पर बल दिया। राज्यपाल ने कहा कि वर्ष 2030 तक तकनीकी दृष्टि से 30 करोड़ रोजगार सृजित होंगे। राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का जिक्र करते हुए कहा कि शिक्षा नीति में हैरीटेज, मूल्य, सशक्तिकरण, ज्ञान और मृात-भाषा पर बल दिया गया हैं। सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायामूर्ति सूर्याकांत ने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा विनम्रता प्रदान करती है। एसआरएम आई एस टी, चेन्नई के कुलाधिपति टी आर डॉ टी. आर. परिवेंधर ने एसआरएम शिक्षा संस्थान समूह के साथ 56 देशों के लोग जुडे हुए हैं। दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों को पीएचडी, स्नातकोत्तर व स्नातक की डिग्रीयां प्रदान की गई ।

### शुगर संग मोटापे को भी कम करती है बीजीआर-34

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) ने अपने अध्ययन में पाया है कि मधुमेह की आयुर्वेदिक दवा बीजीआर-34 वजन में कमी लाने के साथ-साथ शरीर के उपापचय (मेटाबालिज्म) तंत्र में भी सुधार करने में कारगर है। एक फ़ायदा यह है कि मोटापा भी घटाती है। लोगों में मधुमेह होने का एक प्रमुख कारण मोटापा भी है। एम्स के फार्माकोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. सुधीर कुमार सारंगी की निगरानी में तीन वर्ष तक चले इस गहन अध्ययन के परिणाम सामने आए हैं। शोधार्थियों ने बताया कि अध्ययन के दौरान बीजीआर-34 को कई मधुमेह रोधी एलोपैथी दवाओं के साथ भी प्रयोग किया गया था। जिसमें यह देखने की कोशिश की गई कि क्या एलोपैथी दवाओं के साथ देने से नतीजे ज्यादा प्रभावी आते हैं या नहीं? इसके परिणाम काफी संतोषजनक रहे। शोध में पाया कि यह अकेले ही काफी कारगर है।

# कबाड़ के बहाने 37 लाख रुपये की ठगी, मामला दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ठग गैंग ने पांच करोड़ का कबाड़ बेचने के नाम पर शाहदरा के मानसरोवर पार्क क्षेत्र के कारोबारी से 37 लाख रुपये की ठगी कर ली है।

आरोपियों ने पांच करोड़ रुपये के कबाड़ बेचने का झांसा दिया और 37 लाख रुपये अग्रिम भुगतान लेकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर शुक्रवार को मानसरोवर पार्क थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मोहम्मद रिजवान कबाड़ का कारोबार करता है और दिल्ली आता-जाता रहता है। कुछ समय पहले उसकी मुलाकात बुलंदशहर के कबाड़ कारोबारी नईम से हुई थी। नईम ने बताया कि कबाड़ का बड़ा कारोबार करने वाले उसके कुछ जानकार हैं। उसने कबाड़ खरीदने के लिए पांच करोड़ रुपये के सौदे के बारे में बताया और 50 लाख रुपये अग्रिम भुगतान करने को कहा।

इसके बाद नईम ने उन्हें मानसरोवर पार्क में अपने दफ्तर पर बुलाया, जहां उसने आठ लाख रुपये लिए। इसके बाद कनॉट प्लेस में अपने साथी जतिन, प्रशांत, पवन कुमार और सचिन से मिलवाया। बाद आरोपियों ने उससे करीब 29 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए और बैंक से डीडी बनवा ली।

# सीए दफ्तर में लूट: कर्मचारी समेत चार गिरफ्तार

- शकरपुर में 20 सितंबर को हुई थी वारदात, आरोपियों से 6.26 लाख रुपये बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने पूर्वी दिल्ली के शकरपुर में सीए दफ्तर में हुए लूट के मामले में शनिवार को एक कर्मचारी समेत चार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी 24 वर्षीय ललित कुमार, 22 वर्षीय पुष्पक उर्फ भूरा, 23 वर्षीय सचिन और 24 वर्षीय अमन दुबे से लूट के 6.26 लाख रुपये बरामद हुए हैं। आरोपी अमन दुबे सीए दफ्तर में ही काम कर रहा था। उसी ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ लूट की साजिश रची थी।

डीसीपी प्रियंका कश्यप ने बताया कि 20 सितंबर को शकरपुर स्थित एक सीए के दफ्तर में लूट की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान वहां सीए नरेंद्र कुमार का चालक विजेंद्र कुमार मिला। उसने पुलिस को बताया कि वह दफ्तर के प्रथम तल पर स्थित कैबिन में रुपये गिन रहा था। तभी दो बदमाश आए और पिस्टल के बल पर करीब नौ लाख रुपये नकदी लूट ली और फरार हो गए।

पुलिस ने घटनास्थल के करीब 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाले और कर्मचारियों की कॉल डिटेल खंगाली। इस दौरान एक कर्मचारी अमन दुबे संदिग्ध पाया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने वारदात में शामिल होने की बात कबूल कर ली। इसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ कर उसके तीन साथी ललित कुमार, सचिन और पुष्पक को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ और बिजनौर से दबोच लिया। पूछताछ में पता चला कि तीनों की मुलाकात अमन दुबे से एक शादी समारोह में हुई थी। इस दौरान चारों ने मिलकर सीए दफ्तर में लूट की योजना बनाई।

### दिल्ली सरकार को प्रदेश महिला आयोग ने दी नोटिस

**नई दिल्ली।** एलजीबीटी समुदाय की समस्या और परेशानी को लेकर दिल्ली महिला आयोग ने स्वत: संज्ञान लेते हुए दिल्ली सरकार को नोटिस जारी कर जानकारी मांगी है।

दिल्ली सरकार को प्रदेश महिला आयोग द्वारा नोटिस जारी करने से यह मामला विशिष्ट हो गया है। आयोग का कहना है कि एलजीबीटी व्यक्तियों को कई गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में आयोग ने दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग को एक नोटिस जारी कर दिल्ली में एलजीबीटी समुदाय के हित एवं अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए उनके द्वारा उठाए गए कदमों का विवरण मांगा है। वहीं, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने दिल्ली में ट्रांसजेंडर प्रमाण पत्र जारी करने के मामले में जांच शुरू कर दी है।

# राजधानी में पुरानी कार को इलेक्ट्रिक में बदलना होगा आसान

## वाहन को उन्नत करने के लिए 11 केंद्र सूचीबद्ध, अगले माह से करेंगे काम

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी को प्रदूषण मुक्त बनाने और इलेक्ट्रि वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में दिल्ली सरकार के प्रयास के तहत पुराने वाहनों को इलेक्ट्रिक वाहनों में बदलाव संभव होगा। सूत्र के मुताबिक अगर सबकुछ ठीक रहा तो यह काम अगले माह से शुरू हो सकता है।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली सरकार के परिवहन विभाग ने इन पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों को इलेक्ट्रिक किट से ई-वाहनों में बदलने वाले केंद्रों के लिए 11 निर्माताओं को सूचीबद्ध किया गया है। परिवहन विभाग द्वारा पैनल में शामिल किए गए रेट्रोफिटर्स को



इंटरनेशनल सेंटर फार आटोमोटिव टेक्नोलाजी (आइसीएटी) द्वारा अनुमोदित किया गया है। इस व्यवस्था को पारदर्शी और जनता के लिए सुलभ बनाने के लिए दिल्ली परिवहन विभाग पूरी प्रक्रिया को एक पोर्टल पर लाने जा रहा है। यह पोर्टल अक्टूबर के अंत तक शुरू हो जाएगा।जिस पर ईंधन रूपांतरण के लिए आवेदन करने से लेकर सभी तरह की जानकारी उपलब्ध होगी। पोर्टल पर वाहनों को ई वाहन में बदलने की लागत, डीलरों और किट के लिए आवेदन करने के तरीके के बारे में विवरण मिल सकेगा।

पेट्रोल-डीजल कार को इलेक्ट्रिक कार में बदलाव के साथ इनका मेंटेनेंस भी काफी कम है। ये कारें प्रदूषण रहित होने के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल साबित होंगी। आटोमोबाइल विशेषज्ञों ने कहा है कि पुरानी डीजल और पेट्रोल कारों व चार पहिया वाहनों की रेट्रोफिटिंग में बैटरी क्षमता और रेंज के आधार पर तीन से पांच लाख रुपये तक का खर्च आने का अनुमान है। वाहनों के लिए रेट्रोफिटमेंट की सुविधा से हजारों वाहन मालिकों को नई इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने के बजाय पुराने वाहनों को कबाड़ होने से बचाया जा सकता है।करीब 40 प्रतिशत खर्च में पुराने वाहनों को ई-वाहन में तब्दील कर फर्राटा भर सकते हैं। रेट्रोफिटमेंट की प्रक्रिया के शुरुआती दौर में होने से लोग फिलहाल इस मद में खर्च करने से थोड़ा गुरेज कर रहे हैं। दिल्ली को ईवी राजधानी बनाने की दिशा में सरकार की ओर से किए जा रहे प्रयासों को रेट्रोफिटिंग से नई रफ्तार मिलने की उम्मीद है।


दिल्ली सरकार ने 2020 में नई ईवी नीति लांच की थी।इसके तहत इलेक्ट्रिक वाहनों को वित्तीय प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं। इसके तहत इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन, आटो, टैक्सी, कैब, ई रिक्शा सहित निजी वाहनों को भी नई रफ्तार मिल सके। दिल्ली में ई वाहनों की संख्या में बढ़ोतरी के बाद कुल वाहनों में नौ प्रतिशत से अधिक ई वाहनों की हिस्सेदारी है।

# फसल खरीदारी की वैकल्पिक व्यवस्था होगी: कृषि मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री जय प्रकाश दलाल ने आढ़तियों की हड़ताल को औचित्यहीन बताते हुए कहा कि किसानों की फसल की खरीदारी की वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने आढ़तियों से हड़ताल समाप्त किए जाने की पुन: अपील भी की है। आढ़तियों से बातचीत के बाद दलाल ने कहा कि आढ़तियों के साथ बैठक में विस्तारपूर्वक बिन्दुवार चर्चा हुई। सरकार आढ़तियों की समस्याओं के समाधान व पूर्ण की जा सकने वाली सभी मांगों को पूर्ण करने के प्रति सदैव तत्पर है। कृषि मंत्री ने कहा कि लगातार हो रही बारिश के



प्रेस वार्ता में जय प्रकाश दलाल

परिणामस्वरूप किसान वर्ग को विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान वर्ग की इन विकट परिस्थितियों के दृष्टिगत आढ़तियों की हड़ताल पूर्णतया अनौचित्यपूर्ण है। मंत्री ने कहा कि किसानों की विकट परिस्थितियों के दृष्टिगत आढतियों द्वारा की जा रही औचित्यहीन हड़ताल पर विपक्षी राजनीतिक दलों द्वारा कोई प्रतिक्रिया तक नहीं की जा रही है।

# मिलेनियम शहर गुरुग्राम डूबा, मेयर की नजर में सब कुछ ठीक

कुछ घंटे में पानी निकल जाने की बात कहकर दी सफाई

शीतला माता मंदिर रोड पर कई फुट पानी भरा





गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर भरे बरसाती पानी से रेंगते हुए गुजरते वाहन।

जलभराव नहीं होने देने को लेकर मेयर अक्सर दिखाती रही हैं तेवर

अब जलभराव हुआ फिर भी मेयर की नजर में सामान्य सी बात

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**बरसाती** मौसम में जलभराव को लेकर अक्सर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी देने वाली गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद की नजर में जलभराव सामान्य सी बात है। मिलेनियम शहर गुरुग्राम भले ही डूबा हुआ हो, लेकिन वे सफाई दे रही हैं कि बरसात रुकने के तीन-घंटे में पानी निकल जाएगा। इससे साफ है कि उनकी ओर से अधिकारियों को दिखाए जाने वाले तेवर सिर्फ दिखावे के ही होते हैं।

तीन दिन से हो रही बरसात में गुरुग्राम के भीतरी और बाहरी क्षेत्रों में खूब जलभराव हुआ है। लोग परेशान हैं। सड़कों पर भरे पानी में वाहन बंद होने से लोगों की परेशानी और अधिक बढ़ रही है। शहर के नाले उफान पर हैं। सड़कें पानी से लबालब रही हैं। अपने काम-धंधों पर जाने वाले लोगों के लिए बरसात आफत बनकर बरसी है। बड़े स्तर के लोगों को तो वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी गई है, लेकिन कर्मचारियों और श्रमिक तबके की अपने कार्य स्थल पर मजबूरी है। गुरुग्राम-जयपुर हाइवे किनारे बनी कंपनियों में जाने के लिए लोगों की लंबी लाइनें पानी के बीच देखी गई। कहीं कोई गड्ढे में ना फंस जाए, इसलिए लोग एक-दूसरे के पीछे चलकर अपने गंतव्य तक पहुंचे। जिन लोगों के वाहन भरे पानी में बंद हो गए, उन्हें तो बहुत अधिक परेशानी हुई। तीसरे दिन की मूसलाधार बारिश ने हर उस दावे को धो दिया है, जो कि पूर्व में जिला प्रशासन, नगर निगम और जीएमडीएम के अधिकारियों की ओर से किए गए थे।

### जलभराव को कभी नहीं मानतीं मेयर मधु आजाद



**गुरुग्राम** में जलभराव नहीं होने देने के मेयर मधु आजाद ने भी पूर्व में सख्त लहजे में अधिकारियों को चेताया था कि अगर बरसात में जलभराव हुआ तो ठीक नहीं रहेगा। अब बरसात भी हो गई और शहर बरसाती के पानी में करीब-करीब डूब ही गया, लेकिन मेयर के तेवर में वो सख्ती नजर नहीं आ रही। यूं कहें उनके तेवर ढीले हो चुके हैं। जलभराव को सामान्य सी प्रक्रिया मान रही हैं। उनकी नजर में भले ही शहर पानी-पानी हो, लेकिन यह पानी कुछ घंटे में निकल जाएगा। इस तरह से उन्होंने पानी निकासी के दावे किए।



गुरुग्राम में जलभराव के बीच से अपने बच्चे के साथ निकलती महिला।



गुरुग्राम में पटौदी रोड पर बरसाती पानी के बीच गड्ढे में फंसा ट्रक।

### सामाजिक, राजनीतिक लोग उठा रहे व्यवस्था पर सवाल

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के डूबने को लेकर सामाजिक और राजनीतिक लोगों व्यवस्था पर सवाल और प्रहार कर रहे हैं। उन्होंने मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ खूब भड़ास निकाली है। सीधे तौर पर उन्हें इस बदहाली के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट का कहना है कि गुरुग्राम में तीन तरह का प्रशासन काम करता है। यहां जिला प्रशासन के अलावा नगर निगम और जीएमडीए है। इतने बड़े प्रशासनिक अमले के बाद भी अगर गुरुग्राम डूब रहा है तो फिर सरकार को इस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। जो अधिकारी बरसात से पहले सब तैयारियां होने के दावे करते हैं, सीधे तौर पर उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण समेत अनेक मुद्दों पर लगातार सक्रिय एक आवाज संस्था के संस्थापक अध्यक्ष राज सैनी बिसरवाल कहते हैं कि गुरुग्राम का बुरा हाल कर दिया गया है। करोड़ों रुपये खर्च होने की बातें कही जाती हैं, लेकिन इस खर्च के बाद भी अगर पानी भरता है। इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। आप नेता माइकल सैनी कहते हैं कि अब कहां चले गए गुरुग्राम को बेहतर बताने वाले नेता। जलभराव पर भी उन नेताओं को जवाब देना चाहिए, जो यहां के विकास की रोज बात करते हैं। गुरुग्राम की कमाई का हिस्सा कहां खर्च हो रहा है, उन्हें बताना चाहिए। अगर गुरुग्राम में खर्च हो रहा है तो फिर गुरुग्राम डूब क्यों रहा है। साफ नजर आ रहा है कि भ्रष्टाचार चरम पर है।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग से जल संचयन करने में विफल है गुरुग्राम

**गुरुग्राम।** बरसात के पानी को संचयन करने के लिए सरकार की ओर से तालाबों को विकसित किया जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्र में भी चैक डैम बनाए गए हैं। बरसाती पानी के संचयन का सबसे आसान तरीका वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम है। कहने को तो रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लघु सचिवालय, सरकारी महाविद्यालयों, स्कूलों आदि के साथ निजी कंपनियों और शहर में कई जगह बनाए हुए हैं, लेकिन इनमें से अधिक सिस्टम सिर्फ दिखावे के ही रह गए हैं, क्योंकि इनकी समय पर सफाई नहीं हो पाती। इस कारण से बरसाती का पानी उनमें नहीं जाता। ये सिस्टम दुरुस्त नहीं होने के कारण लाखों गैलन बरसात का पानी गंदे नालों में ही बह जाता है। समय पर अगर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम दुरुस्त किए जाएं तो जमीन बरसाती पानी से रिचार्ज हो सकती है। गुरुग्राम जैसे जिले के लिए तो ऐसा करना बहुत जरूरी है। क्योंकि यहां का वाटर लेवल काफी नीचे जा चुका है। इस मामले में जिला डार्क जोन में है।

## सड़कों के गड्ढों से वाहनों के साथ खुद चोटिल हो रहे लोग

टूटी पड़ी सड़कों को बनाने में नहीं दिखाई प्रशासन ने दिलचस्पी

जीएमडीए का सिर्फ नए गुरुग्राम में सड़कें बनाने पर रहा जोर

**गुरुग्राम।** शहर में जो सड़कें पहले टूटी थी, वे अब बरसात से और अधिक टूट गई हैं। सड़कों में गहरे गड्ढे हो गए हैं, जो कि पैदल चलने वालों, दुपहिया, चार पहिया वाहनों के लिए परेशानी और नुकसान का कारण बन रही हैं। इन टूटी सड़कों में जगह-जगह वाहन फंसे हुए नजर आए। शनिवार को भी बरसात के बीच सड़कों में बने गहरे गड्ढों में किसी के दुपहिया तो किसी के चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। पुराने शहर में तो बरसात से पहले से टूटी सड़कों को नहीं बनाया गया, जो अब बरसात में और अधिक टूट चुकी हैं। कई फुट गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। आम जनता प्रशासन, नगर निगम, जीएमडीए को कोस रही है, लेकिन किसी पर कोई असर नहीं पड़ रहा। सोशल मीडिया पर लोग गुरुग्राम की तस्वीरें, वीडियो डालकर हकीकत दिखा रहे हैं। गुरुग्राम की यह बदहाल स्थिति देश ही नहीं विदेशों में भी देखी जा रही है। टूटी हुई सड़कों को लेकर सवाल करने पर मेयर मधु आजाद बोलीं कि सारी सड़कें बना दी गई हैं। अब मेयर को ही जब शहर में कमी नजर नहीं आती तो फिर अधिकारियों की क्या गलती बताई जाए। जनप्रतिनिधि होने के नाते सबसे पहले उन्हें शहर की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। सदर बाजार क्षेत्र में उनके घर के पास पुराने रेलवे रोड को कई साल पहले नया बनाने के लिए जेसीबी से तोड़ने की शुरुआत की गई थी। सड़क में छोटे-छोटे गड्ढे किए गए थे, लेकिन सड़क को नहीं बनाया गया। अब उन गड्ढों से वाहनों को दिक्कत होती है। उनके सिविल लाइन क्षेत्र वाले घर के आसपास भी सड़कें टूटी हैं। गहरे गड्ढे हैं, लेकिन मेयर की नजर में सब कुछ ठीक है। सारी सड़कें बन चुकी हैं।

## तीन दिन से हो रही बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खीचीं



भारी बारिश के चलते ज्वार व बाजरे की फसल वाले खेतों में जमा पानी।

**सोहना।** पिछले 48 घंटा से हो रही लगातार बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। लगातार बारिश से बाजरा से लेकर ज्वार और सब्जी की फसलें बरबाद होने के कगार पर पहुंच गई है। सब्जियों की फसल खेतों के जलमग्न होने से डूब गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

गुरुवार से शुरु हुई बारिश शनिवार को भी जारी रही। 48 घंटा से भी अधिक समय से बरस रही बारिश ने किसानों की रातों की नींद और दिन के चैन को छीन लिया है। खेतों में जलभराव होने से किसानों की फसलें बरबाद होने की पूरी-पूरी संभावना बन गई है। किसान चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहा है। शनिवार को बारिश के साथ चली तेज हवा से पकाव पर पहुंच चुकी बाजरे की फसल कभी भी गिर सकती है। जिससे किसानों को बाजरें की फसल खराब होने से एक नया पैसा की कमाई नहीं होने वाली।

**क्या कहते हैं किसान :** बारिश के कहर से परेशान किसान संतराम का कहना है कि बाजरे की फसल गिरने से उन्हे लाभ तो दूर कुल लागत की भी वसूली नहीं होगी। बाजरे के अलावा पशुओं के लिए बाजरे का चारा खाने योग नहीं बचेगा। किसान लोकेश का कहना है कि बारिश ने खेतों में लगाई गई सब्जियों की फसल लगभग 80 फीसदी खराब हो चुकी है, क्योंकि सब्जियों की फसल को इतना पानी नहीं चहिए होता है। जितना खेतों में बारिश का पानी जमा हो गया है।

“ **इस** बारिश से बाजरा, ज्वारा, धान, कपास और सब्जियों की फसलों को नुकसान हुआ है। धान की फसलें बारिश का पानी खेतों में जमा होने से डूब गई है। तेज हवा के चलने से बाजरें की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। बारिश रविवार को भी जारी रहने की संभावना है।

**अरुण सोलंकी**
**( खंड कृषि अधिकारी )**

## जन स्वास्थ्य सुरक्षा, संगठन की प्राथमिकता : बोधराज सीकरी

सेवा पखवाड़ा के तहत पंजाबी बिरादरी ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**जीवन** चलने का नाम चलते रहो सुबह शाम। यही लक्ष्य लिए पंजाबी बिरादरी महा संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत 10 सामाजिक आयोजन के संकल्प के साथ प्रधान बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में अग्रसर है।

शनिवार को बारिश के बावजूद गीता भवन, एसडी माडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महा संगठन ने किया। जिसमें नागरिक अस्पताल के डॉक्टर और अन्य स्टाफ के साथ पंजाबी बिरादरी महा संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। बारिश के बावजूद 200 से अधिक विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और पंजाबी बिरादरी के कई सदस्यों ने इस सेवा का लाभ उठाया। प्रधान बोधराज सीकरी ने विद्यार्थियों को इस आयोजन के बारे में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 15 दिन का एक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। उस पखवाड़ा के तहत एक आयोजन स्वास्थ्य चेकअप कैंप का था। इसमें मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के सौजन्य से सभी विद्यार्थियों को सभी रोगियों को हर प्रकार की दवाई मुफ्त मुहैया कराई गई। इस दौरान गीता भवन और श्री सनातन धर्म सभा का विशेषकर सुरेंद्र खुल्लर का प्रधान सीकरी ने विशेष आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रामलाल ग्रोवर महामंत्री, धर्मेन्द्र बजाज सह संयोजक, सुरेंद्र खुल्लर, रमेश कामरा, ओपी कालरा, जीएन गोसाईं, उदय भान ग्रोवर, राकेश, शाम गुप्ता, जितेंद्र थरेजा, अरविंद गुप्ता, जेडी गुप्ता, दयाल चंद ग्रोवर, मनोज शर्मा, समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे।



गुरुग्राम में सेवा पखवाड़ा के तहत एसडी माडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराते बच्चे।

## अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन ने की सामग्री वितरित

महाराजा अग्रसेनजी की जयंती के उपलक्ष्य में किया यह कार्य

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**महाराजा** अग्रसेन जी की 5176वीं जयन्ती के महापर्व के अवसर पर अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की जिला ईकाई ने वैश्य धर्मशाला सेक्टर-4 स्थित मन्दिर परिसर में झंडे के साथ ही केसरिया अंग वस्त्र (पटका), अग्र चालीसा और अग्रवाल सम्मेलन की पत्रिका का नया अंक, महाराजा अग्रसेन जी का चित्र, अग्रोहा शक्तिपीठ से अभिमंत्रित प्रसाद (सिक्का) वितरित किया गया। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष राजीव मित्तल और उनकी ईकाई द्वारा सामग्री वितरण आयोजन में अग्र समाज के पुरूष और महिलाएं भारी संख्या में पहुंचे। शनिवार को सामग्री वितरण आयोजन में अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष और सीएम विंडो के एमिनेंट सदस्य अमित गोयल मुख्य अतिथि रहे। आद्य महालक्ष्मी जी और भगवान अग्रसेन मन्दिर के पुजारी शास्त्री द्वारा मंत्रोचार और विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर अग्रोहा शक्तिपीठ मन्दिर से आए प्रसाद के दस ग्राम के सिक्कों का वितरण किया गया। अमित गोयल द्वारा उपस्थित समूह को 500 झंडे डंडे सहित, पटके, अग्रवाल पत्रिका, अग्र चालीसा, महालक्ष्मी आरती, अभिमंत्रित सिक्के भेंट किए। ऐसे अग्र परिवार जिनके पास घर के मन्दिर में भगवान अग्रसेनजी की प्रतिमा स्थापित नहीं है, करीब 150 लोगों को उनकी तस्वीर के मोमेंटो भेंट किए गए। श्री गोयल ने जिले के अग्र समाज का आह्वान किया कि वह अग्रसेन जी की जयन्ती के अवसर पर अपने घरों पर केसरिया पताका जिस पर एक ईट एक रुपया का समाजवाद का चिन्ह अंकित हो वह अवश्य लगाएं।



गुरुग्राम में महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर सामग्री वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### पं. दीनदयाल जयंती : जल, थल, नभ सुधारें भाजपा के सैनिक



प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा संजय शर्मा।

**गुरुग्राम।** पंडित दीन दयाल जयंती को यादगार बनाने के लिए इस बार जल, थल, नभ में सुधार की दिशा में भाजपा के सैनिक रूपी कार्यकर्ताओं की फौज काम करेगी। भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा की श्रृंखला में लगातार पार्टी देशभर में सेवा कार्यों को सिरे चढ़ाकर राजनीति से इतर इंसान, पशु, प्रकृति से प्रेम की भावना का संचार देशवासियों में कर रही है। भाजपा ने राजनीतिक रूप से मजबूती तो पाई है, साथ में महापुरुषों के नाम से विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को एक नया रास्ता तैयार करके दिया है। सामान्य तौर पर कोई भी राजनीतिक दल ऐसे विषयों को नहीं छूता, जिससे कि सर्व मंगल हो। भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति सिर्फ सत्ता के लिए करने के मायनों को बदलकर एक नई लकीर खींची है। पार्टी में अब जनसेवा के एजेंडे तय होते हैं। रविवार को होने वाले सभी आयोजन सफल हो इसके लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि 25 सितंबर दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती हर बूथ पर मनाएं। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा के मुताबिक 25 सितंबर को पर्यावरण संरक्षण को लेकर भाजपा का यह बड़ा कार्यक्रम होगा। इस दिन एक लाख पौधे प्रदेश में लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं इन पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया जाएगा।

### गुरुग्राम के घामड़ौज गांव के पास अरावली पहाड़ी में फूटा झरना

**गुरुग्राम।** पिछले तीन दिन से हो रही बरसात के बीच अरावली पहाड़ी में झरना भी फूट गया और वहां से जल धारा का नजारा आकर्षक रहा। ग्रामीणों को जब इस बारे में पता चला तो युवा झरने के नीचे नहाने पहुंच गए। अरावली पहाड़ी में दो जगह पर बरसात के बीच झरना फूट पड़ा। देखते ही देखते वहां पर जल धारा तेज गति से बहने लगी। बेहद ही शीतल और स्वच्छ पानी को देख ग्रामीण युवा, बच्चे भी उस ओर आकर्षित हुए। वे वहां झरने के नीचे नहाने के लिए पहुंच गए। किसी ने वहां डांस किया तो कोई नहाकर झरने का आनंद ले रहा था। ग्रामीणों के लिए घामड़ौज गांव में दो जगह पर फूटा झरना आकर्षण का केंद्र रहा। वहां पर नहाने पहुंचे रितेश, महेश, ललित आदि ने बताया कि उन्होंने इससे पहले अपने क्षेत्र में झरना बहते हुए नहीं देखा था। दूसरी जगह की तस्वीरों में वे झरना बहता हुआ देखते थे, आज अपने घर के पास झरना बहने की सूचना पर वे वहां पहुंचे। वहां की तस्वीरें और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल की।

## अपना इलाज नहीं कर पा रहा है गुरुग्राम का नागरिक अस्पताल

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हर बार की तरह अस्पताल के बेसमेंट में भरा बरसाती पानी

इमारत के साथ रिसाव होकर भरता है पानी

देखरेख के जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं देते कोई ध्यान

**शहर** के सेक्टर-10 में बने नागरिक अस्पताल पर गुरुग्राम के लाखों लोगों का इलाज करके उन्हें ठीक करने की जिम्मेदारी है, लेकिन यह अस्पताल अपना इलाज नहीं कर पा रहा है। हर बार की तरह इस बार भी अस्पताल के बेसमेंट में बरसाती पानी भर गया, जिसे सफाईकर्मी निकालने में लगे रहे।

नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 आलीशान इमारत बरसात के कारण जर्जर होती जा रही है। इमारत के चारों ओर से पानी कच्ची जगह पर पानी जमा होने से यह पानी नीचे नींव में जाती है। बेसमेंट में डेंगू वार्ड के सामने काफी पानी भर गया। वहां पर पानी निकालने में लगे कर्मचारियों ने बताया कि यह पानी सीढ़ियों की तरफ से आता है। ऊपर कच्ची जगह से पानी दीवार के साथ से नीचे आकर यहां भर जाता है। इसको ठीक नहीं किया जा रहा। यहां पानी के रिसाव के कारण एक तरह से इमारत भी कमजोर होती जा रही है।

### सिर्फ दिखावे के लिए अस्पताल को चमकाते हैं...



सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल की बेसमेंट में भरे बरसाती पानी को निकालता कर्मचारी।

**अस्पताल** में जब कभी किसी टीम का या चंडीगढ़ से अधिकारियों का दौरा होता है तो अस्पताल को उन्हें दिखाने के चमकाया जाता है। हाल ही में कायाकल्प की टीम का दौरा था। अस्पताल को उसमें नंबर मिलने थे। इसलिए कई दिन पहले ही अस्पताल के कोने-कोने को चमकाने काम शुरू कर दिया गया। शौचालयों में हाथ धोने के लिए डिस्पेंसर आदि लगाकर उनमें लिक्विड साबुन भरा गया। अस्पताल में दिन में कई-कई बार सफाई की जाती रही। अधिकारी भी इन दिनों भागदौड़ करते नजर आए। एक तरह से कारपोरेट अस्पताल की तरह से नागरिक अस्पताल को दिखाने का प्रयास किया गया। सामान्य दिनों में इस तरह की कोई व्यवस्था यहां नजर नहीं आती। बेसमेंट में एक बार पानी भरने से लाखों रुपये की दवाइयां तक खराब हो गई थी।

### डीएमएस बोले, ऊपर चिट्ठी लिखी हुई है...

**नागरिक** अस्पताल के उप-चिकित्सा अधीक्षक (डीएमएस) डा. मनीष राठी ने भी माना कि यहां हर बार बारिश में पानी भरता है। कई साल से वे ऐसा देख रहे हैं। कई बार पीएमओ ने ऊपर चिट्ठी लिखी है। फिर से मैडम से बात करके रिमांडर भेजेंगे।

## नौकायन: बरसात से लबालब हुई दमदमा झील

एन रोहिल्ला। सोहना

**तीन** दिन से हो रही बारिश दमदमा झील के लिए सोना बनकर बरसी। झील का जलस्तर बढ़ने से यहा आने वाले पर्यटकों से लेकर हरियाणा टूरिज्म कॉम्पलेक्स प्रशासन, आसपास बने रिसोर्ट मालिक और ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे है। गुरुवार की सुबह से शुरु लगातार रुक-रुककर बरस रही बारिश को शनिवार तीसरा दिन हो गया। बारिश से दमदमा झील का जलस्तर बढ़ गया है। झील का जलस्तर बढ़ने से यहां आने वाले पर्यटक सर्दी के मौसम में नौकायान का पूरा आनन्द ले सकेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर अपने योग्यता से नौकायान में गोल्ड मेडल जीतकर लाने वाले क्षेत्र के खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठा हैं।



**नौकायान और अरावली की हरियाली :** दमदमा झील का जलस्तर बढ़ने से इसके साथ-साथ बना हरियाणा टूरिज्म निगम का बना सरसा कॉम्पलेक्स और निजी रिसोर्ट का कारोबार बढ़ने के आसार बन गया है। झील का जलस्तर बढ़ने से सारस कॉम्पलेक्स और निजी रिसोर्टो में पर्यटक आकर ठहरते है। जिनका मुख्य उद्देश्य झील में नौकायन करके आनन्द लेना। झील के तीन लगती अरावली की पहाड़ियों से आते हवा के ठंडी-ठंडी हवाएं का पूरा लुफ्त उठाते है। गर्मी के मौसम में झील का पानी कम होने के कारण पर्यटक नौकायान भी नहीं कर पाते है। पर्यटकों को अपने घर के नजदीक बरसात मौसम के बाद अरावली की पहाड़ियां में पेड़-पौधों की हरियाली पर्यटकों को शिमला, मंसूरी, मनाली आदि जैसा सुन्दर नजारा देखने का मिलता है।

**कारोबार में होगी बढ़ोत्तरी :** सारस झील के प्रबंधक राजेश शर्मा ने बताया कि गर्मी की अपेक्षा सर्दी के मौसम में पर्यटक झील पर अधिक सख्या में आते है। जिससे उनका और झील के किनारे बने निजी रिसोर्ट मालिकों का कारोबार बढ़ जाता है। गर्मी के मौसम में यहा पर्यटक न आने से कारोबार लगभग 20 से 30 फीसदी ही रह जाता है। जिससे कर्मचारियों का वेतन निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

**झील** का जलस्तर बढ़ने के साथ ही अब अक्टूबर माह में पैराग्लाइडिंग और आसमान में यात्रा कराने वाला ब्लयून भी शुरू करने जा रहे है। नौकायान के साथ-साथ पर्यटक आसमान में उड़कर सुन्दर नजारे से अपने भ्रमण का पूरा मनोरंजन कर सकता है।

**राजेश शर्मा**
**( प्रबंधक सारस काम्पलेक्स )**

# सरकारी स्कूल के हालात: भांखड़ी स्कूल पानी में डूबा

कविता। फरीदाबाद

**भाखड़ी** गांव स्थित गॉवरमेंट मॉडल संस्कृति प्राईमरी स्कूल तथा सीनियर सैकेंड्री स्कूल परिसर पूरी तरह से तलाब का रूप ले चुका है। ऐसे में बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को कक्षाओं में पानी का दरिया पार करके जाना पड़ेगा। स्कूल की वायरल वीडियो में दिखाया जा रहा है कि किसी नदी के रूप में सड़क का पानी टूटी दीवार से अंदर आ रहा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि पानी के कारण यह दीवार टूटी है। जबकि सूत्रों से पता चला कि करीब दस दिन पहले दीवार एक ट्रक की टक्कर से गिरी थी।

**बरसात में ऐसा दृश्य:** भाखड़ी के

### सड़क से चार फीट नीचे पड़ रहा है, भांखड़ी का सरकारी स्कूल

स्कूल में प्राइमरी और सीनियर सैकेंड्री दो स्कूल चल रहे हैं, जिसमें करीब 500 बच्चे और 23 टीचर है। पुरानी इमारत में सरकार ने मॉडल संस्कृति स्कूल तो खोल दिए, लेकिन सरकार और जिला शिक्षा विभाग ने इसकी खस्ता हालत पर जरा भी ध्यान नहीं दिया। स्कूल की इमारत सड़क से कई फीट नीचे है। जिस कारण बरसात में सड़क पर भरा पानी वाहनों के गुजरते ही स्कूल के भीतर पहुंच जाता है। इससे दुखी स्कूल के बच्चे और कर्मचारी जैसे तैसे गुजारा कर रहे थे।

वहीं तीन दिनों से हो रही बरसात के बीच एक बार फिर स्कूल में आफत आ गई। टूटी दीवार से पानी किसी झरने की तरह अंदर आ रहा है। ऐसे में स्कूल परिसर तालाब में तब्दील हो गया। बरसात का पानी अंदर आते देख, स्कूल के भीतर रखी शिक्षण सामग्री तथा किताबों को बचाने का प्रयास स्कूल के टीचरों और बच्चों ने किया।

**टूटी दीवार:** स्कूल परिसर की एक दीवार टुटी हुई है और उसमें से पानी बहकर अंदर आ रहा है। इस वीडियों में दर्शाया जा रहा है कि बरसात में पानी के तेज बहाव के कारण दीवार गिर गई है। लेकिन जब पायनियर ने अपने सूत्रों से पता किया, तो मालूम हुआ कि सड़क पर यहां जाम लगता है, कुछ दिन पहले एक ट्रक की टक्कर से दीवार गिर गई थी।

स्कूल प्रबंधन ने इसे ठीक नहीं करवाया। जिस कारण टूटी दीवार से स्कूल के भीतर पानी अधिक भर गया और तालाब के रूप में स्कूल परिसर में एकत्रित हो गया।



स्कूल के अंदर भरे हुए बरसाती पानी का दृश्य।



टूटी दीवार से झरने या नदी की तरह बहकर सड़क से आता बरसाती पानी।

# ग्रेटर फरीदाबाद : दबंगों ने फिर एक आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पर किया हमला

### सोसायटी के सुरक्षा प्रभारी ने सरेआम की पीड़ित की बेरहमी से मारपीट

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद की सोसायटी में घर खरीदकर लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यहां विभिन्न तरह की समस्याओं से तो उन्हें जूझना पड़ ही रहा है। साथ ही बिल्डरों की मनमानी से भी वे त्रस्त हैं। इस दौरान जब कोई विरोध करता है तो बिल्डरों के कारिंदे उनके साथ मारपीट करने से भी नहीं चूकते। बीती रात भी बीपीटीपी पार्क फ्लोर एक सोसायटी की आरडब्ल्यूए के प्रधान के साथ सोसायटी के ही सिक्योरिटी इंचार्ज ने बेरहमी से मारपीट कर दी। पीड़ित व्यक्ति का कसूर यह था कि उन्होंने सिक्योरिटी के बिलों में की गई गड़बड़ी का विरोध किया था। सोसायटी के निवासियों ने मामले की शिकायत डीसीपी सेंन्ट्रल से की है। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

जानकारी के मुताबिक बीपीटीपी पार्क फ्लोर एक सोसायटी में विजय दीक्षित आरडब्ल्युए के प्रधान हैं। सोसायटी में बेशक आरडब्ल्यूए हैं लेकिन मैंटीनेंस के काम बिल्डर की ही एक कंपनी देखती है। जिसका भुगतान आरडब्ल्युए को करना पड़ता है। इस दौरान आरडब्ल्यूए लगातार देख रही थी कि सर्विस के बिलों में कई तरह की गड़बड़ी हो रही है। उन्होंने देखा कि सिक्योरिटी गार्डों की हाजिरी तो पूरी लगती है, लेकिन सुरक्षा कर्मचारी कम मौजूद होते हैं। इस बारे में विजय दीक्षित ने सोसायटी के सिक्योरिटी इंचार्ज के सामने विरोध जताया था। बताया गया है कि दो दिन पूर्व सोसायटी की एक लिफ्ट में एक महिला 20 मिनट तक फंसी रही। बाहर निकलने पर महिला ने लिफ्ट मरम्मत करने वाले व्यक्ति के सामने विरोध जताया था। बाद में विजय दीक्षित और आरडब्ल्यूए के अन्य सदस्यों ने इसकी शिकायत सिक्योरिटी इंचार्ज से की थी। इस बात को लेकर सिक्योरिटी इंचार्ज ने मन में रंजिश पाल ली थी। बीती रात विजय दीक्षित आरडब्ल्यूए के सदस्यों के साथ बैठक करने के बाद घर लौट रहे थे। तभी सिक्योरिटी इंचार्ज ने उन्हें आवाज देकर बुलाया। उसके पास जाते ही आरोपी ने विजय दीक्षित के साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें पीट-पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। सोसायटी के अन्य लोग उन्हें उपचार के लिए बीके अस्पताल ले गए। शनिवार को सोसायटी के निवासियों ने पहले इलाके के एमएलए राजेश नागर और इसके बाद डीसीपी सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा से शिकायत की। डीसीपी ने उन्हें आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस घटना को लेकर विभिन्न सोसायटियों में रहने वाले लोगों में काफी रोष है। ग्रेटर फरीदाबाद निवासी सेवानिवृत विंग कमांड एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सतेंद्र दुग्गल ने कहा कि बीपीटीपी की सोसायटियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए जिला उपायुक्त को अपने स्तर पर सभी विभागों की संयुक्त कमेटी बनानी चाहिए। हर महीने बैठक कर समास्याओं का समाधान करना चाहिए।





डीसीपी कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे सोसायटी निवासी।



घायल विजय दीक्षित।

# जच्चा-बच्चा की मौत के विरोध में परिजनों ने किया हंगामा



**फरीदाबाद।** राजीव कालोनी में बीती रात एक जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने एक निजी अस्पताल को इसका जिम्मेदार ठहराया है।

परिजनों का कहना है कि आरोपी अस्पताल प्रबंधन ने पति को पैसे देकर मृतका के शव को गांव भेज दिया और उसके नवजात बच्चे को छिपा दिया। जिस पर पुलिस ने बच्चे के शव को अपने कब्जे में लेकर बीके सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतका के शव के पोस्टमार्टम के लिए उसके पति को गांव से वापस आने को कहा है।

**यह है पूरा मामला:** दीपक ने बताया कि सुमित अपनी पत्नी शिवा के संग यहां किराये पर रहता है। गर्भवती शिवा की शुक्रवार रात को हालत खराब होने पर सरकारी डिस्पेंसरी में लेकर गए। जहां से बीके ले जाने को कहा। लेकिन एक झोलाछाप डॉक्टर के कहने पर शिवा को कृष्णा कालोनी के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। करीब चार घंटे बाद शिवा ने एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दिया। बच्चा स्वास्थ्य था। कुछ देर बाद डॉक्टरों ने शिवा की हालत खराब बताते हुए एक अन्य निजी हॉस्पिटल में रेफर कर दिया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने शिवा को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद कृष्णा कालोनी अस्पताल के संचालकों ने सुमित को समझा कर एम्बुलेंस के माध्यम से रात को ही शिवा का शव यूपी भिजवा दिया। अगले दिन सुबह जब सुमित की बहन, भाई और लोगों का इसका पता चला, तो वह डॉक्टर से बच्चे को लेने पहुंचे। लेकिन चिकित्सक ने बच्चे का कभी कालरा तो कभी एनएच-पांच अस्पताल में बताया। परिजनों ने हंगामा किया तो चिकित्सक ने कहा कि बच्चा मृत है और उसे मृतका की एम्बुलेंस में भेजा है, सुमित से बात की तो पता चला कि बच्चे का शव नहीं है।

### यूपी से शव वापस मंगवाकर, पुलिस करवाएगी पोस्टमार्टम

# आमजन की लड़ाई मजबूती से लड़ रही है सैलजा : अग्रवाल

### बल्लभगढ़ में कांग्रेसजनों ने पौधारोपण कर मनाया कुमारी सैलजा का जन्मदिन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा व कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा का जन्मदिन बल्लभगढ़ के मोहना रोड स्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल के कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त कांग्रेसजनों ने केक काटकर कुमारी सैलजा के उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन की कामना की। इसके उपरांत बल्लभगढ़ के प्रसिद्ध सिटी पार्क पहुंचकर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने 'एक पौधा सैलजा के नाम' मुहिम के तहत पौधरोपण किया और लगाए गए पौधों के पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया।

इस अवसर पर मनोज अग्रवाल ने कांग्रेस के मेहनती व कर्मठ कार्यकर्ताओं को पीसीसी डेलिगेट बनाए जाने पर कुमारी सैलजा का आभार जताते हुए कहा कि कुमारी सैलजा ने हमेशा से गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक बुलंद करने का काम किया है। उनकी दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज हरियाणा कांग्रेस जनता की लड़ाई को पूरी मजबूती से साथ लड़ रही है। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने कहा कि कुमारी सैलजा का हरियाणा की माटी के प्रति समर्पित त्यागपूर्ण जीवन असंख्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। जनता के हितकारी मुद्दों पर कुमारी सैलजा की सरकार पर बेबाक टिप्पिणयां से भाजपा सरकार पूरी तरह से घबराई हुई है क्योंकि भाजपा सरकार में जितने भ्रष्टाचार हुए हैं, उन सभी को कुमारी सैलजा ने पुरजोर तरीके से उठाने का काम किया है।



बल्लभगढ़ में कुमारी सैलजा के जन्मदिन के अवसर पर पौध रोपण करते कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल व अन्य।

# आईएनबीएल ने की 5×5 सीजन-1 की घोषणा

### जनवरी 2023 में प्ले-ऑफ से पहले तीन राउंड में भिड़ेंगी टीमें

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भारतीय** बास्केटबॉल के लिए बड़ा पल आ गया है। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने इंडियन नेशनल बास्केटबॉल लीग (आईएनबीएल) 5×5 की घोषणा की है जिसमें जनवरी 2023 में प्लेऑफ में जाने से पहले बेंगलुरू, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई और कोलकाता की टीमें 3 राउंड में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। टीमों और व्यक्तियों के लिए 50 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि दांव पर लगी है।

बीएफआई के एमएलसी अध्यक्ष और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उपाध्यक्ष डॉ. के. गोविंदराज ने इस फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, इस दिन को भारतीय बास्केटबॉल के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अंकित किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, इसी वर्ष पूर्व में हमने आईएनबीएल 3×3 सीजन-1 की शुरुआत की और इसका सफल आयोजन किया, जिसमें देशभर के 20 शहरों में 9,000 से अधिक खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरते दिखाई दिए। बीएफआई का वर्तमान लक्ष्य भारतीय राष्ट्रीय टीमों को 2027 के फीबा (एफआईबीए) बास्केटबॉल विश्व कप और उसके बाद संभवत: ओलंपिक में खेलने के लिए तैयार करना है। बीएफआई के महासचिव चंदर मुखी शर्मा ने अपनी बात रखते हुए कहा, आखिरकार, यह राष्ट्रीय महासंघ की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि खिलाड़ियों और कोचों के लिए पर्याप्त प्रतिस्पर्धा हो और साथ ही समर्थकों और प्रशंसकों को पर्याप्त मनोरंजन भी उपलब्ध हो। उन्होंने आगे कहा, अंडर-16 टीम फीबा (एफआईबीए) अंडर-16 एशियन चैम्पियनशिप में अभूतपूर्व ढंग से पाँचवें नंबर पर रही और सीनियर टीम ने भी फीबा बास्केटबॉल विश्व कप क्वालीफायर मुकाबलों में निरंतर बढ़िया प्रदर्शन किया। ये सभी भारतीय बास्केटबॉल के लिए अत्यंत उत्साहजनक संकेत हैं। जयपुर, पुणे और कटक में 6 टीमें 3 राउंड में आपस में मुकाबला करेंगी। पहला राउंड जयपुर में 12-16 अक्टूबर के बीच और दूसरा राउंड दो हफ्ते बाद 26-30 अक्टूबर से कटक में खेला जाएगा।





# महिलाओं को अपराधों के प्रति किया जागरुक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता ने सेक्टर 16 में स्थित वीएलसीसी अकैडमी पहुंचकर महिलाओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि समाज में अपराधों पर अंकुश लगाने का सबसे बेहतरीन तरीका है नागरिकों को उनके अधिकारों तथा समाज में फैली कुरीतियों का विरोध करते हुए उनके खिलाफ आवाज उठाने के लिए जागरूक करना। जिस प्रदेश के नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जितने अधिक जागरुक होंगे वह प्रदेश उतनी ही अधिक तरक्की करेगा और उस प्रदेश के नागरिक अपने क्षेत्र को नई बुलंदियों तक पहुंचाएंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त के दिशा निर्देश के तहत महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता अपनी टीम के साथ थाना एरिया में स्थित वीएलसीसी अकैडमी पहुंची। अकादमी में पहुंचकर इंस्पेक्टर गीता ने वहां पर मौजूद महिलाओं व लड़कियों को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि कुछ संकुचित मानसिकता के व्यक्ति महिलाओं का शोषण करते हैं और नशे में धुत होकर महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं तथा उन्हें भद्दी गालियां भी देते हैं। महिलाएं समाज के डर से इसके खिलाफ कुछ नहीं कर पाती। वह अपने दुख के बारे में न हीं तो किसी को बता पाती है और न हीं इसके विरोध में अपनी आवाज उठा पाती है। परंतु ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने का एकमात्र तरीका है की आप इसके खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। इसमें पुलिस भी आपकी पूरी सहायता करेगी। कई बार ससुराल पक्ष के दबाव में महिलाएं गर्भावस्था में लिंग जांच करवाती हैं तथा भ्रूण के कन्या होने का पता चलने पर उसके ससुराल पक्ष गर्भ को गिराने का दबाव बनाते हैं। जो महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं वह इसका विरोध करती हैं परंतु कुछ महिलाएं दबाव के चलते उस भ्रूण हत्या करवा देती हैं जोकि कानूनी रूप से भी अपराध है और इंसानियत पर भी एक कलंक है जो गर्भ में पल रहे रही एक नन्ही सी जान को जन्म से पहले ही मार देते हैं। इसमें महिलाओं से अधिक दोष उनका है जो उन्हें ऐसा करने पर मजबूर करते हैं। सभी महिलाओं से अनुरोध है कि वह इस प्रकार के अपराधों के खिलाफ आवाज उठाएं और उन्हें समाज में कहीं भी इस प्रकार की कुरीतियां दिखाई दे तो वह इसके खिलाफ महिला हेल्पलाइन 1091 या पुलिस हेल्पलाइन 112 पर इसकी सूचना दें। इसके अलावा महिलाओं की मदद के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा शक्ति एप भी उपलब्ध है जिसे फोन में इंस्टॉल करके इसकी सहायता से पुलिस की मदद ली जा सकती है।





सेक्टर 16 वीएलसीसी एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में एकेडमी की छात्राओं के साथ सेंट्रल महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गीता।

# सेक्टर 16ए और 15ए में लगाया जाएगा एएसआरएस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**तेजी** से शहरीकरण और जनसंख्या वृद्धि ने फरीदाबाद शहर में भूजल की कमी और जल जमाव की समस्या को जन्म दिया है।

फरीदाबाद के इन दो महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक स्मार्ट समाधान मानव रचना सेंटर फॉर एडवांस वाटर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (एमआरसीएडब्ल्यूटीएम), मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज फरीदाबाद द्वारा कार्यान्वित, फरीदाबाद स्मार्ट सिटी (एफएससी), एक डीएसटी फंडेड रिसर्च प्रोजेक्ट के तहत प्रस्तावित किया गया है। एमआरसीएडब्ल्यूटीएम ने आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग और कृत्रिम भूजल पुनर्भरण प्रणाली (आरटीआरडब्ल्यूएचएस) को संशोधित करके एक वैकल्पिक डिजाइन तैयार किया है और शहरी क्षेत्र के दो पर्यावरण-संवेदनशील मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक अधिक प्रभावी और कुशल एक्वीफर स्टोरेज एंड रिकवरी सिस्टम (एएसआरएस) के साथ सामने आया है। एफएससी के तहत एफएससीएल और पीडब्ल्यूडी, फरीदाबाद के परामर्श से सेक्टर 16ए (पीडब्ल्यूडी, बीएंडआर कॉलोनी) और 15ए (ऑफिसर्स कॉलोनी)-दो स्थानों की पहचान की गई। यहां, एक्वीफर्स कम हो रहे हैं और जलजमाव इस पैमाने पर होता है कि भारी बारिश के दौरान निवासियों को घर पर रहना पड़ता है। सड़कें कई घंटों तक 2-3 फीट पानी में डूबी रहती हैं, जिससे आवाजाही पूरी तरह से असंभव हो जाती है। यदि पानी को हटा भी दिया जाए, तो कीचड़ और गंदगी कई दिनों तक बनी रहती है।

## संक्षिप्त समाचार

### मानव सुपर 21 की चयन परीक्षा में शामिल हुए 15 विद्यार्थी



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति द्वारा मानव सुपर 21 मिशन के तहत संचालित नीट, आईआईटी कोचिंग की रिक्त सीटों के लिए शनिवार को 15 विद्यार्थियों ने मानव भवन में चयन परीक्षा दी। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व मानव सुपर 21 के संयोजक सुभाष शर्मा ने कहा है कि चयनित विद्यार्थियों को एक अक्टूबर से कोचिंग में शामिल किया जाएगा। समिति के चेयरमैन अरुण बजाज ने कहा है कि अभी यह कोचिंग सिर्फ 3 दिन चल रही है जैसे ही और अधिक शिक्षाविद व प्रोफेसर का सहयोग मिल जाएगा कोचिंग दिनों को बढ़ाया जाएगा।

### 38 लाख का गबन करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** कोतवाली पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर रामबीर व उनकी टीम ने धोखाधड़ी से 38 लाख रुपये का गबन करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम समीर उर्फ रशीद और मुदस्सीर अहमद है। आरोपी रशीद अलवर तथा मुदस्सिर जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। आरोपी रशीद तथा पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2020 में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें मुख्य आरोपी रशीद तथा उसके जीजा इकबाल ने फर्जी कागजात के आधार पर फरीदाबाद में स्थित मैग्मा फिनकॉर्प लिमिटेड कंपनी से जेसीबी खरीदने के लिए 19-19 लाख रुपये के दो लोन करवाए थे। इस लोन में कंपनी के दो अधिकारियों की मिलीभगत की शिकायत भी दी गई थी जिसकी अभी जांच की जा रही है। आरोपियों ने लोन लेने के पश्चात एक भी किश्त नहीं भरी और लोन पर प्राप्त दोनों जेसीबी को जम्मू कश्मीर एक व्यक्ति को बेच दिया। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा लोन के लिए जमा कराए गए कागजात फर्जी हैं। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए पिछले महीने आरोपी इकबाल को गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात आरोपी रशीद को 17 सितंबर को गिरफ्तार करके छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

### कोरोना के साथ सिगरेट ने कमजोर किए फेफड़े : डॉ. मुखर्जी

**फरीदाबाद।** कोरोना ने जहां सबसे ज्यादा लोगों के फेफड़ों पर असर डाला। वहीं अब सिगरेट के कश फेफड़ों को कमजोर बना रहे हैं। विश्व लंग्स दिवस पर यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के वरिष्ठ सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित मुखर्जी का। उन्होंने कहा की जिंदा रहने के लिए सांस लेना सबसे अधिक जरूरी है। जिन लोगों को फेफड़ों यानी लंग की बीमारी होती है, उन्हें सांस लेने में तकलीफ होती है। आज की जीवनशैली में फेफड़ों की बीमारियां भी बढ़ती जा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पूरे विश्व में लंग्स कैंसर 0.5 प्रतिशत की तेजी से बढ़ रहा है। श्रमिक बहुल क्षेत्र, जहां खदानें अधिक हैं, वहां यह लगभग एक प्रतिशत की तेजी से बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2030 तक विश्व में कैंसर पीड़ितों की संख्या एक करोड़ से ऊपर पहुंच जाएगी।

### जिंदा को मुर्दा और मुर्दा को जिंदा बताया जा रहा : नवीन

**फरीदाबाद।** प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जा रही पेंशन में पिछले कुछ माह से बुजुर्ग की पेंशन काटने व मृतको की पेंशन दिए जाने के मामले में आज नवीन जयहिन्द ने फरीदाबाद में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। जयहिन्द ने कहा कि रोहतक के गांव गांधरा निवासी 102 वर्षीय किंग दादा दुलीचंद को सरकार द्वारा मृत घोषित करके उनकी पेंशन काट दी गई थी। जब हमने इस मामले को उठाया तो हमे पता चला कि प्रदेश में लगभग 5 लाख बुजुर्ग ऐसे हैं, जिनकी सरकार द्वारा नाजायज तरीके से पेंशन काटी गयी है। जिसमे विकलांग ओर विधवा महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन सबके बाद हमने रोहतक में दादा दुलीचंद की बारात निकाली फिर चंडीगढ़ भी गए। जहां मुख्यमंत्री ने गलती मानी और विभाग को आदेश दिया कि 15 दिनों के अंदर-अंदर 30 सितम्बर तक पूरे प्रदेश में जहां-जहां ये समस्या है उनका समाधान होना चाहिए। साथ ही जयहिन्द ने कहा अगर सरकार ऐसा नही करती है तो एक बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि सरकार भी यह मान चुकी है 2 लाख ऐसे व्यक्ति है जिनके साथ इस तरह की नाइंसाफी हुई है।

### दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'इको-2022' संपन्न

**फरीदाबाद।** भारत सेवा प्रतिष्ठान फरीदाबाद तथा ग्रीन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा वायु, जल और भूमि विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'इको-2022' संपन्न हो गया। समापन सत्र में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के चेयरमैन न्यायमूर्ति आदर्श गोयल मुख्य वक्ता रहे। जाने-माने पर्यावरणविद एवं पदम विभूषण डॉ अनिल प्रकाश जोशी समापन सत्र में मुख्य अतिथि रहे। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी. राघवेन्द्रा राव तथा इको-बाबा के नाम से लोकप्रिय पदमश्री संत बलबीर सिंह सीचेवाल सत्र में विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, भारत सेवा प्रतिष्ठान फरीदाबाद के चेयरमैन श्रीकृष्ण सिंघल तथा ग्रीन इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. जगदीश चौधरी भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ अरविन्द गुप्ता ने बताया कि दो दिवसीय सम्मेलन में 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा पर्यावरण एवं संबंधित विषयों पर लगभग 100 शोध कार्यों पर तकनीकी सत्रों में चर्चा हुई। सम्मेलन के दौरान कुल सात सत्र आयोजित किये गये तथा इन सत्रों में 17 विशेषज्ञ वक्ताओं ने वायु, जल एवं भूमि से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-मंथन किया।

### दुर्घटना रोकने को गडढे भर रही है पुलिस



**फरीदाबाद।** बारिश के कारण पैदा हुई विकट परिस्थितियों में फरीदाबाद पुलिस शहरवासियों की अन्य दिनों के मुकाबले अधिक मदद करने में जुटी है। इस समय रोजाना की तरह पुलिस को ट्रैफिक तो संभालना ही है परंतु आमजन की सुरक्षा की जिम्मेवारी भी अब थाने व ट्रैफिक में तैनात पुलिसकर्मियों के जिम्मे है। किसी की गाड़ी गड्ढे में ना गिर जाए या कोई सड़क पर बारिश के बीच परेशान ना हो इसका भी ख्याल पुलिस को ही रखना पड़ता है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 15 एरिया में बारिश के कारण सड़क पर बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके थे जिसकी वजह से कुछ वाहन बारिश के कारण दिखाई ना देने पर इन गड्ढों में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे थे। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों द्वारा मथुरा हाईवे व शहर के अंदर कई स्थानों पर फावड़ा लेकर व जेसीबी मशीन मंगवाकर सड़क के गड्ढे भरे जा रहे हैं। पुलिसकर्मियों द्वारा किए जा रहे इन कार्यों से पुलिस अधिकारी बहुत प्रसन्न है और वह अपने जवानों को शाबाशी देकर उनकी हौसला अफजाई कर रहे हैं।

### नशीले पदार्थों के साथ नाइजीरियन सहित दो गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** काइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मुकदमे में एक नाइजीरियन सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साल्वो आलोवो का नाम शामिल है। आरोपी साल्वो अफ्रीका का रहने वाला है जो फिलहाल द्वारका में रह रहा था वहीं आरोपी सलमान नई दिल्ली के जनकपुरी का निवासी है। दोनों आरोपियों को बाईपास रोड से स्कूटी सहित काबू कर लिया। आरोपियों की तलाशी ली गई तो आरोपी साल्वो के कब्जे से 6.21 ग्राम का नशीला पदार्थ एमडी जिसे मेफेड्रोन कहा जाता है बरामद किया गया वहीं आरोपी सलमान के कब्जे से 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

# मांस-मदिरा से मुक्त हो काशी नगरी

**गुरुकुल के विद्यार्थियों ने निकाली विशाल रैली, सामूहिक हनुमान चालीसा से गूंजा कश्मीरीगंज का राममंदिर परिसर, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को मांगपत्र भेज संस्था ने किया अभियान तेज- लगा नारा 'मथुरा अयोध्या तो काशी क्यों नहीं?, बलशाली हनुमान के आराध्य प्रभु श्री राम के दरबार में आगमन और ब्रह्म सेना ने लगाई अर्जी**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**भोले** की नगरी काशी के अंतरगृही क्षेत्र में मांस और मदिरा पर प्रतिबंध लगाने की मांग अब तेज हो रही है। इसको लेकर शनिवार को अनोखे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। आगमन सामाजिक संस्था और ब्रह्म सेना के पहल पर कश्मीरीगंज स्थित राम जानकी मंदिर में देव मूर्तियों के विधिपूर्वक पूजन अर्चन के बाद सैकड़ों बटुकों ने पं राम भरत शास्त्री के अगुवाई में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। 13 बार के सामूहिक पाठ के बाद बटुकों ने जनजागरण यात्रा की शुरुआत की जिसके जरिए लोगो को भी इस अभियान से जोड़ने और सरकार तक़ अपनी आवाज पहुंचाने का प्रयास किया। पदयात्रा की शुरुआत प्रख्यात विद्वान प्रो. चंद्रमौली उपाध्याय, काशी विद्वत परिषद के प्रो. राम नारायण द्विवेदी, बीएचयू के ज्योतिष विभाग के प्रो. विनय पांडेय और प्रोफेसर सुभाष पांडेय ने नारियल तोड़कर की। जिसके बाद हर-हर महादेव के उदघोष के साथ सैकड़ो बटुकों की दो टोली हाथों में नारा युक्त तख्ती और सनातनी झंडा लेकर काशी को मांस मदिरा से मुक्त करने की आवाज को बुलंद की ।'काशी वासी करें पुकार। मांस - मदिरा मुक्त हो काशी दरबार।।' और 'दिव्य काशी, पवित्र काशी। मांस-मदिरा मुक्त हो काशी । के नारे से लोगों को जागरूक किया।



इस अभियान से ज्यादा से ज्यादा लोग जुड़े इसके लिए पम्पलेट भी बांटे गये । 11 किलोमीटर चलने वाली यह श्री राम यात्रा राम मंदिर से शुरू होकर कबीर नगर,दुर्गाकुंड, गुरुधाम होते हुए वापस राम मंदिर पहुंची जबकि दूसरा दल राममंदिर से गुरुधाम सोनारपुरा भेलुपूर चेतमणि होते हुए राममंदिर पर समाप्त हुई।

## डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने कमान समाजसेवी रामप्रकाश को सौंपी

वाराणसी। राष्ट्रीय सुरक्षा महामिशन ट्रस्ट द्वारा संचालित मिशन मोदी पीएम अगेन भारत,अभियान के अंतर्गत ट्रस्ट की समिति की ओर से मिशन मोदी पीएम अगेन भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने समाजसेवी रामप्रकाश को दिल्ली प्रदेश की कमान सौंपी। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामविलास वेदांती महाराज ने मनोनयन के करने के बाद कहा कि यह अवसर अति गौरवपूर्ण है कि रामप्रकाश राष्ट्र निर्माण की दिशा में अपनी सहभागिता निर्वहन करने जा रहे हैं। हम ईश्वर से इनकी सफ्लता के लिए हार्दिक शुभ कामना करते हैं। गौरतलब है कि समाजसेवी रामप्रकाश उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हैं और लंबे समय से डॉ रामविलास वेदांती महाराज के साथ हैं।

## भदोही में 15 अक्टूबर में लगेगा चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला

**भदोही।** कालीन नगरी के नाम से प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले के लिए तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह चार दिवसीय मेला यहां 15 से 18 अक्टूबर तक लगेगा। केंद्रीय कपड़ा मंत्रालय के तहत गठित कालीन निर्यात संवर्धन परिषद इस द्विवार्षिक मेले का आयोजन करती है। इससे पहले अंतरराष्ट्रीय कालीन मेला नई दिल्ली या वाराणसी में आयोजित होता रहा है लेकिन भदोही में इसके आयोजन का यह पहला मौका होगा। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद के अध्यक्ष उमर हमीद ने बताया कि 350 आयातकों और 60 देशों को इस मेले में आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा, करीब 300 आयातकों ने मेले में शामिल होने के लिए पंजीयन करवा लिया है। ए आयातक अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, बेल्जियम, जर्मनी और इटली से हैं। अखिल भारतीय कालीन विनिर्माता संगठन के महाप्रबंधक असलम महबूब ने बताया कि राज्य सरकार ने मेले को सुविधाजनक बनाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, विदेशी आयातक वाराणसी हवाईअड्डे से मेला स्थल तक 30 मिनट में ही पहुंच जाएंगे।

## बरेका के छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूकता की शपथ दिलायी




**वाराणसी।** रेल मंत्रालय द्वारा आयोजित 16 से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत महाप्रबंधक सुश्री अंजली गोयल के दिशा-निर्देश एवं मुख्य संरक्षा अधिकारी एस.बी.पटेल के नेतृत्व में बनारस रेल इंजन कारखाना में व्यापक रूप से स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जन मानस को जागरूक किया जा रहा है एवं इसके महत्व को बताया जा रहा है । स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिया आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बरेका में बच्चो में स्वच्छता सम्बंधित जन-जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बरेका इंटर कालेज के शिक्षको एवं संरक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक कक्षा के छात्र / छात्राओं को पर्यावरण एवं नो युज आफसिंगल वेस्ट प्लास्टिक' पर शिक्षित किया गया एवं साथ ही सभी छात्र / छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दी गयी।

## टेक्नो ने पोवानियो 5 जी फोन लॉन्च किया

**वाराणसी।** टेक्नो मोबाइल ने अपनी पोवासीरीज को और मजबूत करते हुए एक और परफॉर्मेंस ओरिएंटिड 5जी डिवाइस टेक्नो पोवानियो 5 जी को लॉन्च किया है। डिजिटल सेवी जनरेशन जेड उपभोक्ता अपने स्मार्टफोन में मल्टीपल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करते हैं जिसकी वजह से अधिक डेटा कंज्यूम होता है।उपभोक्ता ऐसे में मजबूत पर फॉर्मेंस के साथ ज्यादा मैमोरी वाले स्मार्टफोन की तलाश में रहते हैं। टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने पोवा सीरीज में एक और 5 जी स्मार्टफोन लॉन्च करने के अवसर पर कहा, स्मार्टफोन सेगमेंट में 5जी टेक्नोलॉजी सबसे आगे है।

## औसत परिवारों को पर्याप्त बिजली मिल सकेगी

**वाराणसी।** आज एमेज़ॉन ने भारत में अपने पहले यूटिलिटी-स्केल रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स - राजस्थान में तीन सोलर फार्म्स की घोषणा की। इसमें एक 210 मेगावॉट का प्रोजेक्ट भारत स्थित डेवलपर रिन्यू पॉवर द्वारा, 100 मेगावॉट का प्रोजेक्ट स्थानीय डेवलपर एंप एनर्जी इंडिया द्वारा, और 110 मेगावॉट का प्रोजेक्ट ब्रुकफील्ड रिन्यूएबल द्वारा विकसित किया जाएगा। हम 2025 तक अपने संपूर्ण व्यवसाय में 100 प्रतिशत रिन्यूएबल एनर्जी की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, ''पूरी दुनिया में विभिन्न देश क्लीन एनर्जी की अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से बढ़ने के लिए प्रयासरत हैं, और इस दिशा में लगातार निवेश करने से उनके इस प्रयास में तेजी आ सकती है।

## नागरिकों को उत्कृष्ट सेवाओं की पहल

**वाराणसी।** यह साझेदारी देश में अडवान्स्ड मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर को सशक्त बनाने के लिए वन-स्टॉप समाधान उपलब्ध कराएगी तथा डिस्कॉम्स को नागरिकों को उत्कृष्ट सेवाएं उपलब्ध कराने में सक्षम बनाएगी। वी बिज़नेस स्मार्ट युटिलिटी में लीडर है, देश में हर 3 में से 2 स्मार्ट मीटर वी द्वारा पावर्ड हैं यह साझेदारी सरकार के डिजिटल भारत मिशन को सशक्त बनाएगी और देश भर में लक्षित 250 मिलियन बिजली के मीटरों को स्मार्ट मीटरों में बदल कर विद्युत वितरण सेक्टर में बड़ा बदलाव लेकर आएगी। नागरिकों एवं सेवा प्रदाताओं को सशक्त बनाने तथा स्मार्ट एवं स्थायी तरीकों को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है।

## मजबूत की जाये बुनियादी शिक्षा: आयुक्त

**गोंडा।** मंडलायुक्त एम0पी0 अग्रवाल की अध्यक्षता में निपुण भारत मिशन एवं ऑपरेशन कायाकल्प के प्रचार-प्रसार हेतु एक दिवसीय मंडलीय कार्यशाला का आयोजन एक होटल में किया गया। मंडलायुक्त ने कहा कि मंडल स्तर पर ऑपरेशन कायाकल्प के कार्यों पर विशेष बल दिया जाए तथा निपुण भारत मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु हाल में उपस्थित अधिकारियों एवं ए0आर0पी0/एस0आर0जी0 को मिशन व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विभागीय कार्य योजना के अनुसार लक्ष्यों की समयान्तर्गत प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही निपुण भारत मिशन के बेसिक स्तर को प्राप्त करने के लिए बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाया जाये। राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के वरिष्ठ विशेषज्ञ आनन्द पाण्डेय द्वारा निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत विभाग की आगामी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर सहायक शिक्षा निदेशक डॉ0 विनय मोहन वन ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन ज्ञान बहादुर द्वारा किया गया। कार्यशाला में मुख्य विकास अधिकारी गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, समस्त डी0आई0ओ0एस0, डी0पी0आर0ओ0, बी0डी0ओ0, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## बाढ़ प्रभावितों को डीएम ने बांटा राशन किट




**गोंडा।** शनिवार को जिलाधिकारी डॉ0 उज्ज्वल कुमार ने तहसील तरबगंज अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ढेमवाघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक्सईएन पीडब्ल्यूडी सीडी-1 को निर्देश देते हुए कहा कि रोड को शीघ्रता से सही कराया जाय। ताकि यहां पर आवागमन में कोई समस्या न आने पाये।निरीक्षण के दौरान डीएम ने तहसील क्षेत्र ग्राम ब्यौंदा माझा में जाकर बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बावतें जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित ग्रामवासियों को राशन किट का भी वितरण किया। अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का बराबर निरीक्षण करते रहें। ताकि बाढ़ से किसी भी ग्रामवासी को समस्या न होने पाये। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तरबगंज शत्रोहन पाठक, जिला आपदा विशेषक राजेश श्रीवास्तव, एक्सईएन पीडब्लूडी सीडी-1 व अन्य अधिकारी, क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

# योगी ने सांसद के पिता को दी श्रद्धांजलि

**नंदी, स्वतंत्र देव, गिरीश यादव समेत आधा दर्जन मंत्रियों व सांसद ने अर्पित की पुष्पांजलि**

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**मुख्यमंत्री** महंत योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कौशाम्बी सांसद विनोद सोनकर के प्रीतमनगर स्थित आवास पहुंचकर दिवंगत पिता स्व अमरनाथ सोनकर को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रदांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों से भेंट कर संवेदना व्यक्त की। सांसद और अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद सोनकर के पिता का निधन बीमारी के चलते हो गया था। आज उनकी तेरहवीं संस्कार में मुख्यमंत्री समेत आधा दर्जन मंत्री और सांसद आज उनके आवास पहुंचे और उनके पिता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पूर्व डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक दसवें में सांसद के घर पर पहुँचकर श्रद्धासुमन अर्पित किया था। इसके अलावा कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मंत्री गिरीश चंद्र यादव काबीना मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी राज्य मंत्री दिनेश खटीक राज्यसभा सांसद अरुण सिंह एवं तरुण चुक सांसद केसरी देवी पटेल पूर्व कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह विधायक वाचस्पति एमएलसी डॉ केपी श्रीवास्तव विधायक पीयूष रंजन निषाद जिलाध्यक्ष विभव नाथ भारती महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी महापौर अभिलाषा गुप्ता पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल राजू पाठक सुभाष वैश्य किशन जायसवाल गौरव गुप्ता भरत निषाद संजय कुशवाहा राजन शुक्ला आदि हजारों कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी अवधेश चंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह गिरीश चंद्र यादव एवं राज्यमंत्री दिनेश खटीक और राज्यसभा सांसद अरुण सिंह एवं तरुण चुक को प्रयागराज आगमन पर बमरौली एयरपोर्ट पर रिसीव कर स्वागत किया। इस मौके पर राजेश केसरवानी राजू पाठक विवेक अग्रवाल राजन शुक्ला रॉबिन साहू आयुष अग्रहरि मुकेश लारा उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राजेश खरे आदि ने सांसद के पिता को श्रद्धासुमन अर्पित किया।



सांसद विनोद सोनकर के पिता के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते सीएम योगी।

## नेपाली मजदूरों से भरी बस खुटार राजमार्ग पर पीछे से ट्रक में घुसी, 22 घायल

पीलीभीत।पूरनपुर खुटार राजमार्ग पर शनिवार को नेपाली मजदूरों से भरी एक मिनी बस ने पीछे से एक खड़े ट्रक को टक्कर मार दी जिससे इस हादसे में बस में सवार 22 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि घायल श्रमिकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद राजमार्ग पर जाम लगा रहा। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त ए सभी मजदूर हिमाचल प्रदेश से नेपाल जा रहे थे। पूरनपुर कोतवली पुलिस के अनुसार पूरनपुर खुटार राष्ट्रीय राजमार्ग पर 730 ग्राम कढेर चौरा में शिवा ढाबा के निकट यह ट्रक खड़ा था।

**मिनी बस दुर्घटनाग्रस्त, दो विदेशी पर्यटक घायल:** मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में यमुना एक्सप्रेस-वे पर आगरा जा रही विदेशी सैलानियों की एक मिनी बस शनिवार सुबह आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा कर क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे इस घटना में चालक एवं दो ईरानी महिला पर्यटक घायल हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घायलों को मथुरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

## एसपी ने किया साप्ताहिक परेड का निरीक्षण



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने शुक्रवार को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी लेकर साप्ताहिक पुलिस परेड का निरीक्षण किया। परेड के दौरान एसपी ने सभी जवानों से दौड़ लगवाकर उन्हें मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सचेत किया। परेड के दौरान पुलिस अधीक्षक ने दोपहिया/चौपहिया पीआरवी वाहनों को भी चेक किया। परेड के उपरांत उन्होंने आरटीसी परिसर, बैरक, भोजनालय, पुलिस जलपान गृह, आरक्षी आवास, क्वार्टर गार्ड, शस्त्रागार व परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण किया। परिसर में साफसफाई रखने हेतु प्रतिसार निरीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही जो कमियां दिखीं उसे भी तत्काल दुरूस्त करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन मुन्ना उपाध्याय, परिवहन शाखा प्रभारी, यातायात प्रभारी, पुलिस लाइन व समस्त थानों के थानाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## रविवार को भी खुलेगा आरटीओ कार्यालय

**गोंडा।** जनहित व राजस्व हित में एक मुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) के टैक्स जमा करने हेतु रविवार 25.09.2022 को अवकाश के दिन भी संभाग के अन्तगर्त आने वाले सभी उप संभागीय परिवहन कार्यालय खुले रहेंगे।यह जानकारी देते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी देवीपाटन मंडल उमाशंकर यादव ने बताया कि आमजन की सुविधा हेतु एक मुश्त समाधान योजना (ओ0टी0एस0) के टैक्स जमा करने के लिये सभी उप संभागीय परिवहन कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालय खुले रखने संबंधी दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

**निजी बस संचालकों संग की बैठक:** गोंडा। संभागीय परिवहन कार्यालय में निजी बस के स्वामियों/ऑपरेटर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। यह जानकारी देते हुए संभागीय निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि बैठक में प्रभारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शैलेंद्र तिवारी, एआरएम आर0एम0 पांडेय ने निजी बसों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम से अनुबंधित कराने की योजना पर विस्तार से चर्चा करते हुए बस मालिकों से अनुबंधन के लिए अपील किया। इस मौके पर सुनील शुक्ल, कमाल अहमद, संदीप मिश्र, वसी अहमद, वी0डी0 मिश्र सहित अन्य बस स्वामी व ऑपरेटर उपस्थित रहे।

# ब्रह्मराष्ट्र एकम परिवार ने पद्मश्री रामयत्न शुक्ल को किया भावपूर्ण नमन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

'? पूर्णमदरू पूर्णमिदं पूर्णात् , पूर्ण मुदच्यते,'
'पूर्णस्य पूर्णमादाय, पूर्ण मेवा वशिष्यते।' ' शांति, शांति, शांतिः'

अर्थात-वह जो दिखाई नहीं देता है, वह अनंत और पूर्ण है। यह दृश्यमान जगत भी अनंत है। उस अनंत से विश्व बहिर्गत हुआ। यह अनंत विश्व उस अनंत से बहिर्गत होने पर भी अनंत ही रह गया।

देश के उत्कृष्ट ज्ञाता एवं विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी , काशी विद्वत परिषद के अध्यक्ष, संस्कृत जगत के गौरव, पद्मश्री अलंकार से अलंकृत प्रोफेसर रामयत्न शुक्ल जी के पंचतत्व में विलीन होने के संदर्भ में 'ब्रह्मराष्ट्र एकम' की तरफ से शुक्रवार को सांयकाल 6 बजे सिगरा स्थित गाँधी नगर कॉलोनी में सीपीसी पॉवर कार्यालय के प्रांगण में सभी सनातनियों द्वारा श्रद्धांजलि दी गयी। उनके इस तरह जाने से सभी हिंदु समाज और सनातन धर्मी आहत हैं। 'ब्रह्मराष्ट्र एकम' के संस्थापक 'सचिन सनातनी' ने कहा कि-ब्रह्मराष्ट्र एकम के स्थापना काल से ही उनका आशीर्वाद हम सबको मिलता रहा है और वे इस संस्था के संरक्षक रहें। वही संस्था के न्यासी प. सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा की उनके जीवित रहने से कई शिष्यों को संस्कृत और वेदों पुराणों की शिक्षा मिली जो आज उच्च पदों को प्राप्त हैं। उनका इस तरह जाना हम सबके दु:ख का विषय है और रविन्द्र नाथ मिश्र ने श्रद्धांजलि देकर कहा कि हम सबने अपना एक विद्वत समाज से मुखिया खो दिया है। इस श्रद्धांजलि सभा में विशेष उपस्थिति रही अन्नपूर्णा शास्त्री, चला सुब्बा राव और संस्था से अजय दुबे, संतोष कश्यप, सुजीत अधिकारी, राजू राजभर, अंशुल पाठक, सौरभ शुक्ला, राजेश पांडेय, कमलेश शुक्ला, भानू श्रीवास्तव, गौरव त्रिपाठी, शिवदत्त द्विवेदी, डॉ सुधीर मिश्र, शशिप्रकाश सिंह, प्रेम श्रीवास्तव आदि संस्था के पदाधिकारियों ने श्रद्धांजलि देकर ईश्वर से उनके आत्मा को शांति प्रदान करने कि भावपूर्ण प्रार्थना की।



# सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व: जिलाधिकारी

**डीएम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न, एसपी ने अफसरों से कहा-न बरतें कोताही**

**गोंडा।** जिलाधिकारी डा0 उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभागार में दूर्गा पूजा व दशहरा पर्व को सकुशल व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराये जाने हेतु शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिसमे जिलाधिकारी ने कहा कि सभी धर्मसमुदाय के लोग आपसी भाईचारे व सौहार्दपूर्ण वातावरण को बनायें रखते हुए दुर्गा पूजा व दशहरा पर्व को सम्पन्न कराने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण को निर्देश देते हुए कहा है कि गुड्डूमल चौराहे से दु:खहरण नाथ मंदिर को जाने वाली सड़क के किनारे विद्युत लाइनों को तत्काल ठीक कराना सुनिश्चित करें। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि शहर में साफ-सफाई व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कर लें, ताकि त्यौहार में किसी प्रकार का व्यवधान न आने पाये। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने समस्त क्षेत्राधिकारी व थानों के प्रभारी निरीक्षकों को निर्देशित किया कि दूर्गा पूजा, रामलीला व दशहरा के त्यौहारों में सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी प्रकार कोताही न बरती जाये। साथ ही सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जाय। कोई भी आपत्ति जनक पोस्ट करने पर उसके खिलाफ तुरन्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता, उप जिलाधिकारी तरबगंज, करनैलगंज, अपर उपजिलाधिकारी कुलदीप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी लालजी दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारीगण, सभी थानाध्यक्ष, चेयरमैन नगर पालिका/नगर पंचायत, केंद्रीय दूर्गा पूजा समिति के समस्त पदाधिकारीगण सहित नगर के सम्भ्रान्त नागरिक व सभी समुदाय के धर्मगुरु आदि उपस्थित रहे।




## गठबंधन की गांठ

भगवा से विरत होकर हैंडपंप वाले दल का दामन थामने वाले नेताजी आजकल फार्म में हैं। विपक्ष की भूमिका में सरकार के खिलाफ बयान देने वाले नेताजी के पिछले दिनों दिए गए एक बयान से गठबंधन में गांठ सी पड़ गई है। हालाकी बयान के बाद दोनों दल इस मुद्दे पर सार्वजनिक तौर पर कोई भी बात करने से कतरा रहे हैं क्योंकि पिछले दिनों नेता जी ने एक बयान देते हुए कहा था कि पार्टी अगला निकाय चुनाव अपने बलबूते लड़ेगी। नेताजी के बयान सामने आने के बाद मानो ऐसा लगा जैसे गठबंधन की गांठ खुल गई हो। पर, स्थिति बिगड़ने से पहले ही पार्टी ने स्पष्ट करते हुए बयान दिया कि गठबंधन के तहत जो भी निर्णय होगा पार्टी उस पर अमल करेगी लेकिन हकीकत यह है कि पहले नेताजी का बयान आने के बाद से लेकर अब तक दोनों दल गठबंधन में साथ साथ नहीं दिखाई दे रहे हैं। अभी पिछले दिनों की बात है भैया जी ने जो सड़क पर विधानसभा लगाई थी तो उस समय हैंडपंप वाले पार्टी के विधायक विधानसभा में धरना दे रहे थे। भैया जी के अधिवेशन में ना तो हैंडपंप वाले माननीय पहुंचे और ना ही पीतांबर वाली पार्टी के नेता। मामले की किरकिरी जब चारों तरफफैली तो चौधरी साहब ने बयान देते हुए गठबंधन पर पर्दा डाला कि यह प्रदर्शन पार्टी का था ना कि गठबंधन का। अब वहीं दूसरी बात ले लीजिए सत्र चल रहा है लेकिन अंदर दोनों पार्टियों के माननीय एक दूसरे के साथ भी नजर नहीं आते हैं। ऐसे में क्या समझा जाए इस बात को बखूबी समझा जा सकता है।



## बीते हुए दिनों की चाह

चेयरमैन साहब बहुत संतोषी हैं। विभाग तो दूध दही का मिला है लेकिन बीघे में बनी खाली बिल्डिंग रखा रहे हैं। एक समय था जब इस खाली पड़ी बिल्डिंग में दूध दही की नदी बहती थी, लोगों का जमघट लगा रहता था, गाड़ियों की लाइन लगी रहती थी। यह नए चेयरमैन का दुर्भाग्य है कि उन्हें जिस चीज की जिम्मेदारी दी गई है वही उनके कार्यालय में नहीं है। सब तो चला गया नए कारखाने में। अब यहां केवल बन्द कमरे और पानी से भरा मैदान ही दिखाई दे रहा है। नाम की दृष्टि से देखा जाए तो वाकई में चेयरमैन साहब काफी संतोषी है। जो बीते चार पांच महीने से दो बीघे में बने खाली कारखाने में बैठे पुरानी फाइलों की धूल साफकरते दिखाई पड़ते हैं, मिलने भी कोई एक आध लोग चले आते हैं, वो भी गांव से अपनी समस्या लेकर। पेमेंट नहीं हो रहा, सुनवाई नहीं हो रही है, कृपया मदद करें। चेयरमैन साहब क्या बताएं कि वे खुद मदद की गुहार लगा रहे हैं कोई उन्हें यहां से निकल कर नए कारखाने में ले चले।






## वादे हैं वादों का क्या

नगर निगम ने 40-40 स्ट्रीट लाइटें एक वर्ष पहले प्रत्येक वार्डों में देने के लिए कहा था। शहर की प्रथम महिला ने वार्डों का अंधियारा दूर करने के लिए नगर निगम सदन में स्ट्रीट लाइटें देने की घोषणा की थी, लेकिन नहीं मिलीं। बेचारी! महिला पार्षद लाइटें मांगती रह गयी, कहते कहते थक गयीं। पर लालफीताशाही के आगे सब बेमतलब रह गया। चुनावी वर्ष होने के कारण सदन और कार्यकारिणी में लोक लुभावन प्रस्ताव तो पास कर दिए गए लेकिन कई प्रस्ताव सिर्फ सदन की कार्यवाही तक ही सीमित रह गये। भाजपा, कांग्रेस और सपा पार्षदों ने खत लिखकर मांग की, पर अफसर नहीं पिघले। स्ट्रीट लाइटें लगाने वाली संस्था ईईएसल पर कार्रवाई की मांग की।... पार्षदों ने सदन में भी शोर शराबा कर इस मुद्दे को उठाया, लेकिन बाहर आकर सब भूल गए। अब तो दोबारा चुनके पार्षद आने पर भले ही स्ट्रीट लाइटें मिल सकें, तब तक खाली खड़े पोलों को स्ट्रीट लाइटों का इंतजार रहेगा।

## हम नहीं सुधरेंगे

खाकी वाले आईपीएस को राजनेता बनने का चस्का ऐसा लगा कि उन्होंने अपने कॅरियर को भी दांव पर लगा दिया। अनुशासन की डोर से बंधी खाकी की सेवा में होने के बावजूद अपने वरिष्ठ अधिकारियों और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलकर बैठ गए। नतीजन अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा। सरकार ने जबरन सेवानिवृत्त करके घर बिठा दिया। इस पर भी उन्होंने कोई सबक नहीं लिया और अपने महकमे के आला हुक्मरानों व सत्ताशीर्ष पर बैठे राजनेताओं ने रोजाना पंगेबाजी करते रहे। फिर वही हुआ जो होना था। खाकी के जो कारिन्दे कभी उन्हें सलाम बजाते थे उन्होंने उठाकर उन्हें सींखचों के पीछे पहुंचा दिया। लंबा समय जेल में गुजरा और फिर किसी तरह जमानत पर बाहर आए। माना यह जा रहा था कि उनके स्वभाव में अब बदलाव आएगा लेकिन ऐसा हुआ नहीं। फिर तिकड़म बिठाने में जुट गए। राजनीति में कदम रखने के लिए एक सेना का गठन कर डाला। खाकी की कार्रवाई का शिकार बने साहब अब सीधे तौर पर ईडी से पंगा ले रहे हैं। जगह-जगह अपने भाषणों में ईडी पर निशाना साधते हुए बयान दे रहे हैं कि इसका फुल फार्म मोदी के राज में 'इनको देखो' हो गया है। उनका आशय है कि सरकार ने ईडी के लिए टारगेट सेट कर दिया है कि इनको देखना है। वह टारगेट एक्शन कर रही है। कहवात है कि दूध का जला माठा भी फूंक-फूंक कर पीता है लेकिन अब इन साहब को क्या कहा जाए। यह भविष्य ही तय करेगा कि इनकी अगली पंगेबाजी क्या गुल खिलाएगी।

# गोवंश रहा है देश की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था का आधार

## मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय गौ-आधारित प्राकृतिक खेती कार्यशाला का किया शुभारम्भ

- प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्यों के लिए पांच किसानों को सम्मानित किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य स्तरीय गौ आधारित प्राकृतिक खेती के लिए विशेष कार्यशाला का आयोजन भारत की आस्था को बचाने के साथ-साथ धरती माता को उसके वास्तविक स्वरूप में बनाए रखने का एक अभियान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा व मार्गदर्शन में इस अभिनव कार्यक्रम को गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा बढ़ाया जा रहा है। आचार्य का सानिध्य इस कार्यक्रम के लिए पूरे देश को प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री शनिवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित राज्य स्तरीय गौ आधारित प्राकृतिक खेती कार्यशाला 2022 का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने प्राकृतिक खेती विधा में उत्कृष्ट कार्यों के लिए 5 किसानों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत एक कृषि प्रधान देश माना जाता रहा है। कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था का आधार भारत का गोवंश रहा है। आधुनिक तकनीक आने के पहले भारतीय किसान पुरातन काल से ही गोवंश आधारित खेती करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूरोप में औद्योगिक क्रान्ति एवं भारत में ब्रिटिश शासन में परम्परागत खेती किसानी पर प्रहार के फलस्वरूप कृषि का पराभव शुरू हुआ। आजादी के बाद देश में खाद्यान्न की आत्मनिर्भरता का लक्ष्य प्राप्त किया गया। उन्होंने कहा कि नौजवानों के कैंसर, किडनी, लीवर आदि की गम्भीर बीमारियों से ग्रसित होने पर उनकी प्रतिभा व ऊर्जा का लाभ समाज को नहीं मिल पाता। इन गम्भीर बीमारियों का प्रमुख कारण बड़े पैमाने पर रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का कृषि क्षेत्र में हो रहा प्रयोग है, जो खाद्यान्न को संदूषित कर देता है।

मार्गदर्शन में गौ आधारित प्राकृतिक खेती को मिशन मोड के रूप में प्रारम्भ किया गया। प्रदेश सरकार भी इस कार्यक्रम के साथ जुड़ी है। राज्य सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के समस्त 7 जनपदों के सभी 47 विकासखण्डों में 11750 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 235 क्लस्टर बनाकर गौ.आधारित प्राकृतिक खेती के लिए बजट के प्राविधान के साथ-साथ अनुदान की भी व्यवस्था की गई है। इस मौके पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी के प्रेरणा स्रोत और भारतीय संस्कृति एवं परम्पराओं के पोषक हैं। 70 वर्ष के बीमारू प्रदेश को मुख्यमंत्री ने अपने विल पावर से 5 वर्ष में एक आदर्श राज्य में बदला है। उत्तर प्रदेश आज एक मॉडल के रूप में उभरा है। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का जो बीड़ा उठाया वह सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादित वस्तुओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह ओलख, ग्राम्य विकास राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश कुमार अवस्थी, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# न्यायमूर्ति संजय मिश्र ने राज्यपाल को सौंपा लोकायुक्त प्रशासन-2021 का वार्षिक प्रतिवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**लोकायुक्त** न्यायमूर्ति संजय मिश्रा ने शनिवार को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से भेंटकर उनके समक्ष 'लोकायुक्त प्रशासन वर्ष 2021 का वार्षिक प्रतिवेदन' प्रस्तुत किया। लोकायुक्त न्यायमूर्ति संजय मिश्रा ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वर्ष 2021 में कुल 1487 परिवाद निस्तारित किए गए। जिनमें 85 परिवादों में शिकायतकर्ताओं को उनके द्वारा की गयी शिकायत में पूर्ण राहत प्रदान करायी गयी। 82 परिवादों में शिकायतकर्ताओं को उनके सेवानिवृत्त देयकों के रूप में कुल धनराशि 25493286 रुपए का भुगतान कराया गया। उन्होंने बताया कि प्रशासन से पूर्ण राहत प्राप्त होने के फलस्वरूप 47 परिवादी और शिकायतकर्ताओं द्वारा आभार भी प्रकट किया गया है।

इसी क्रम में लोकायुक्त संजय मिश्रा ने राज्यपाल को बताया कि लोकायुक्त एवं उप लोकायुक्तों द्वारा वर्ष 2021 में कुल 40 प्रतिवेदन, अंतरिम प्रतिवेदन, संस्तुति तथा विशेष प्रतिवेदन भेजे गये। जिनमें प्रतिवेदन 33, अंतरिम प्रतिवेदन 01, संस्तुति 02, विशेष प्रतिवेदन 04 हैं, जिसके अंतर्गत 07 आई0ए0एस0 ए 07 नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों ए 83 अन्य लोक सेवकों के विरूद्ध कार्यवाही के लिए संस्तुति की गयी है। राज्यपाल ने लोकायुक्त संगठन के सम्बन्ध में जन जागरूकता और विद्यार्थियों में प्रसार के बारे में चर्चा की। लोकायुक्त के वार्षिक प्रतिवेदन को राज्यपाल द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जायेगा। इस अवसर पर प्रमुख सचिव राज्यपाल कल्पना अवस्थी, लोक आयुक्त प्रशासन से उप लोकायुक्त दिनेश कुमार सिंह, उप लोकायुक्त सुरेन्द्र कुमार यादव, अनिल कुमार सिंह, सचिव लोकायुक्त अपूर्व सिंह, मुख्य अन्वेषण अधिकारी राजेश कुमार, संयुक्त सचिव अवनीश शर्मा तथा अन्य सम्बंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पंखुड़ी पाठक बनीं यूपी कांग्रेस सोशल मीडिया की चेयरमैन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा पंखुड़ी पाठक को उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया का चेयरमैन एवं युवा नेता दानिश आजम वारसी, शालिनी सिंह, शुभम शुक्ला को प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया का उपाध्यक्ष, विपिन गुप्ता को कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सचिन रावत ने बताया कि इस अवसर पर खुशी जाहिर करते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सतीश अजमानी, संगठन महासचिव दिनेश सिंह, प्रदेश सचिव-संगठन प्रभारी अनिल यादव, मीडिया संयोजक अशोक सिंह, अंशू अवस्थी, प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव, संजय सिंह, सचिन रावत, संजय सिंह, विशाल राजपूत, प्रभाकर मिश्रा, निशिकांत, हरे राम मिश्रा, प्रज्ञा सिंह, सुधा मिश्रा आदि ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# किसानों को लेकर मुख्यमंत्री के दावों में कोई दम नहीं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राज में किसान और नौजवान सबसे ज्यादा उत्पीड़न के शिकार हैं। सरकार इनके प्रति संवेदनहीन व्यवहार कर रही है। किसान कर्ज में डूबा है। नौजवान का भविष्य अंधेरे में है। मुख्यमंत्री के दावों में कोई दम नहीं है। भाजपा सरकार का सारा कामकाज कोरे बयानों से लोगों को बहकाने से ही चल रहा है। किसान अपने को ठगा महसूस कर रहा है। अखिलेश ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कई हिस्से बाढ़ या सूखे से प्रभावित हैं। खेती के काम आने वाला डीजल और कृषियंत्र समेत खाद, बीज, कीटनाशक सभी महंगे हैं। साधारण किसान महंगाई के कारण अभाव की जिंदगी जी रहा है। किसान की फसल वर्षा और बाढ़ से बर्बाद हो गयी है। लंपी बीमारी से किसानों के पशु मर रहे हैं। किसानों के गन्ना बकाया का भुगतान नहीं हो रहा है। सरकार झूठे आश्वासन दे रही है। किसानों के नुकसान को देखते हुए भाजपा सरकार को तत्काल मुआवजा देने की घोषणा करनी चाहिए। सर्वे और आंकलन के बहाने किसानों को बहकाया जाना बंद हो। जब मुख्यमंत्री जी का मथुरा का अपना ही कार्यक्रम भारी वर्षा की वजह से रद्द हो गया तो उन्हें राहत देने के लिए किस प्रमाण की प्रतीक्षा है। अखिलेश ने कहा कि बारिश ने सरकारी दावों की पोल खोल दी है। जगह.जगह जल भराव से जनजीवन अस्तव्यस्त है। सड़कों पर बने गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। वर्षा क्षेत्र में पशुओं की बीमारी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान तो भाजपा नेतृत्व ने कहा था उत्तर प्रदेश के किसानों को मुफ्त बिजली दी जाएगी। उनकी आय दोगुनी करने का वादा का तो अब भूले से भी कोई नाम नहीं लेता है। मुफ्त बिजली देने की बात से विधानसभा में मंत्री जी ने ही इंकार कर दिया। मतलब ये भी चुनावी जुमला था। अखिलेश ने कहा कि देश के भविष्य नौजवानों के साथ तो भाजपा सरकार और भी बुरा व्यवहार कर रही है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों का उत्पीड़न हो रहा है। वहां के छात्र बढ़ी फीस की वापसी और छात्र संघ बहाली की मांग को लेकर लगातार धरना.प्रदर्शन कर रहे है। पुलिस लाठियां बरसा रही है। सरकार की यह निरंकुशता है।

अखिलेश ने कहा कि प्रयागराज विश्वविद्यालय में 400 प्रतिशत तक फीस बढ़ा दी गई है। फीस जहां पहले शून्य थी वहां अब 500 रूपये ली जा रही है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में सभी की आय में गिरावट आई है। बेरोजगारी बढ़ी है। फिर छात्रों की पढ़ाई, हॉस्टल एवं अन्य खर्चे बढ़ाकर दंभी सरकार छात्रों और उनके अभिभावकों से किस बात का बदला लेना चाहती है। अखिलेश ने कहा कि वैसे भी भाजपा सरकार ने गरीबी और बेरोजगारी दोनों को खूब बढ़ावा दिया है।

## सपा प्रतिनिधिमंडल 26 को जाएगा देवरिया

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल 26 सितम्बर को देवरिया जायेगा। सपा प्रवक्ता ने बताया कि देवरिया के ग्राम तिलौली उर्फ डेहरी पोस्ट चोरडिहा, थाना खुखुन्दू निवासी पवन प्रधान पुत्र नन्दलाल यादव के ऊपर कोई भी आपराधिक मामला न होने के बाबजूद पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार फर्जी उत्पीड़न किया जा रहा है जिसकी जांच करने एवं पीड़ित परिवार से मिलने के लिए समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमण्डल ग्राम तिलौली उर्फ डेहरी जनपद देवरिया पहुंचेगा। सपा प्रतिनिधिमण्डल में गजाला लारी पूर्व विधायक, रामअवध यादव पूर्व सदस्य विधान परिषद, विजय बहादुर यादव पूर्व विधायक गोरखपुर, डॉ. दिलीप यादव निवर्तमान जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी देवरिया शामिल हैं।

# रिटायर्ड फौजी व उसके भाइयों ने विरोधियों को पीटा, गोली मारकर की एक की हत्या

- आबादी की जमीन पर कब्जे का विरोध किए जाने से नाराज होकर दिया वारदात को अंजाम
- तीन आरोपी गिरफ्तार, पिस्टल बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के गाजीपुर जिले के दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में आबादी की जमीन पर जबरन कब्जा करने को लेकर रिटायर्ड फौजी और वर्तमान में सहायक अध्यपाक की नौकरी कर रहे जर्नादन यादव और उसके भाइयों ने विरोधी पक्ष के लोगों को जमकर पीटा और गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या कर दी। मारपीट के दौरान कई लोग जख्मी हुए हैं। इस संबंध में पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज करके तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त पिस्टल बरामद कर ली है। मुख्य अभियुक्त अभी फरार है। ग्रामीणों का आरोप है कि रिटायर्ड फौजी जर्नादन यादव और उसके सहायक अध्यापक भाई ने गांव की कई सरकारी जमीनों पर कब्जा कर रखा है। लगातार इस संबंध में शिकायत किए जाने के बावजूद पुलिस-प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

घटना के संबंध में ग्राम सोइया, शिवपुर निवासी मुन्नू सिंह यादव की ओर से जर्नादन यादव, उसके दो भाइयों सुवास यादव, जयराम यादव और सुवास यादव के पुत्र व गोरखपुर में कांस्टेबल के पद पर तैनात संजय यादव और इनके घर की महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 147,148,149,307,302 और 34 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। मुन्नू सिंह यादव की ओर से पुलिस को दी गई तहरीर के मुताबिक 23 सिंतबर की सुबह साढ़े पांच बजे वह शौच क्रिया के बाद वापस घर आ रहे थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि उन लोगों द्वारा गड़वाए गए छह पिलर व तार विपक्षियों द्वारा उखाड़कर फेंक दिए गए हैं। मुन्नू के अनुसार वह अपने चचेरे भाई गुड्डू के घर गए और इसकी सूचना दी। वहां से वापस लौटते वक्त रिटायर्ड फौजी जनार्दन यादव, सुबास यादव, जयराम यादव तथा संजय यादव और उनके घर की महिलाओं ने एक साथ उनके ऊपर लाठी-डंडे से हमला कर दिया और घेरकर पीटने लगे। मैं चिल्लाया तो मुझे बचाने के लिए गुड्डू, दशरथ, इन्द्रजीत व शकुन्तला देवी दौड़ीं तो उक्त लोगों ने ईंट-पत्थर फेंकना शुरू कर दिया व लाठी-डंडे से पीटा। इसी बीच जर्नादन यादव ने लाइसेंसी असलहे से फायरिंग करते हुए जान से मारने की नीयत से गुड्डू को गोली मार दी। गोली गुड्डू के सीने में लगी। दूसरी गोली गुड्डू के पूत्र इंद्रजीत के पैर में लगी। मुन्नू के अनुसार उनके सिर और शकुंतला के शरीर में कई जगह चोट आई। गुड्डू और इंद्रजीत को एंबुलेंस से तुरंत जिला अस्पताल, गाजीपुर ले जाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई।

## सीएम आवास योजना ग्रामीण में दिव्यांगजन को भी किया जाएगा शामिल

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की पहल पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे दिव्यांग परिवार, जो आवासविहीन, कच्चे, जर्जर आवास में निवास कर रहे हैं, को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता श्रेणी में सम्मिलित करने का निर्णय उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लिया गया है। इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा निर्गत कर दिया गया है। इस योजना में नियमानुसार चयन के लिए दिव्यांगजनों की श्रेणियां वही होंगी, जैसा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की अनुसूची में परिभाषित हैं तथा दिव्यांगता की पात्रता वही होगी, जैसा कि दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम में है। विभाग द्वारा बताया कि मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में निर्धारित पात्रता की प्राथमिकता श्रेणी दिव्यांग जनों की श्रेणी के पात्र व्यक्तियों को भी सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री आवास योजना.ग्रामीण के क्रियान्वयन के लिए पूर्व के शासनादेशो द्वारा कतिपय वर्ग, जातियों, जनजातियों को योजनान्तर्गत निर्धारित पात्रता की विभिन्न प्राथमिकता श्रेणियों में सम्मिलित किया जाता रहा है।

**योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के छह माह पूरे**

# लोक कल्याण संकल्प पत्र को पूर्ण करने पर रहा पूरा फोकस

## एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट और हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर ने प्रदेश के विकास को दी नई ऊंचाई

- मुख्तार अंसारी सहित 36 माफियाओं को कारावास और दो को हुई फांसी की सजा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश की योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के छह माह पूरे हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने दूसरे कार्यकाल से पहले लोक कल्याण संकल्प पत्र में जो संकल्प लिए थे उन्हें सरकार ने 6 माह में एक-एक कर पूर्ण करने पर फोकस रखा। प्रदेश में युवाओं को रोजगार की बात हो, प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर को निवेश के लायक बनाने की चुनौती हो, एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य हो या फिर माफिया-अपराधियों पर नकेल कसने का संकल्प हो, हर मुद्दे पर सरकार ने जनता के प्रति समर्पण के भाव से प्रभावशाली काम किया है।

यूपी में 1225 किलोमीटर तक फैले एक्सप्रेस-वे के जाल ने ना सिर्फ यात्राओं को सुगम और तेज बनाया है बल्कि इनके दोनों ओर डेवलप किये जा रहे औद्योगिक क्षेत्र प्रदेश के विकास को भी गति दे रहे हैं। आने वाले समय में यूपी में 6 नये एक्सप्रेस वे का जाल बिछाया जाना है। एक्सप्रेस-वे की रफ्तार के साथ ही प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी का जाल बिछाने का कार्य भी तेज गति से चल रहा है। पांच अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डों वाले यूपी में योगी सरकार सभी मंडलों को एयर कनेक्ट करने की महात्वाकांक्षी परियोजना पर मिशन मोड में काम कर रही है। हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें तो प्रदेश के सभी 4600 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में हेल्थ एटीएम लगाये जा रहे हैं। 65 जिलों में मेडिकल कॉलेज के अलावा गोरखपुर-रायबरेली में एम्स का संचालन किया जा रहा है। 6.51 करोड़ प्रदेशवासियों को आयुष्मान कार्ड के जरिए 5 लाख रुपये तक के बीमा से कवर किया जा चुका है।

मुख्तार अंसारी सहित 36 माफिया और उनके शागिर्दों को कारावास और दो को फांसी की सजा हुई है। साथ ही पिछले छह माह में प्रदेश स्तर पर चिन्हित 62 माफिया की अवैध रूप से कमाई गई 22 सौ करोड़ से अधिक की संपत्ति को जब्त और ध्वस्त किया गया है। सबसे कम समय में सजा दिलाने में भी उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है। जनवरी में होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर समिट से पहले दो दर्जन से अधिक नीतियों को अपग्रेड किया जा रहा है और नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी, वेयर हाउसिंग और लॉजिस्टिक पॉलिसी और इलेक्ट्रॉनिक व्हीकल पॉलिसी जल्द आने वाली है। प्रदेश में पिछले छह माह में 55 कंपनियों ने 45 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव आए हैं। पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा निवेश आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में 94632 करोड़ रुपए का हुआ है। योगी सरकार में पिछले साढ़े पांच साल में चार लाख 68 हजार करोड़ रुपए के एमओयू हुए हैं, जिसमें तीन लाख 82 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाएं धरातल पर उतर चुकी हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत इस साल 21 अगस्त तक 205 रिफॉर्म्स लागू किए गए हैं और अन्य 142 रिफॉर्म्स 31 अक्तूबर तक लागू होंगे। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में ही सेवायोजन के तहत रोजगार मेला के जरिए 93 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिला जबकि करियर काउंसिलिंग के तहत 1.42 लाख से अधिक को मार्गदर्शन मिला। खेलों में भी युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी बनाने का निर्णय लिया गयाए जिसके तहत विभिन्न विभागों में 24 पद चिन्हित किए गए। कन्या सुमंगला के तहत राज्य में अब तक 13.67 लाख से अधिक बालिकाएं लाभान्वित हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार ने उत्तर प्रदेश में अब तक आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की 191686 बेटियों के हाथ पीले किए हैं। 58000 ग्राम पंचायतों में बैंकिंग सखी की तैनाती का मकसद बेटियों और महिलाओं को मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री की पहल से लगभग 48000 महिलाओं को 5451 करोड़ रुपये के वित्तीय लेनदेन करने और 2020 से 14.15 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई करने में मदद मिल रही है। बिजली सखियों के रूप में डब्ल्यूएसएचजी के सदस्यों ने अब तक 173.5 करोड़ रुपये से अधिक के बिजली बिलों का संग्रह पूरा किया है और सफलतापूर्वक 2.39 करोड़ रुपये का कमीशन अर्जित किया है। बेटियों और महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने के लिए योगी सरकार प्रदेश में पहली बार तीन महिला पीएसी बटालियन की स्थापना कर रही है। वहीं प्रदेश के सभी 1584 थानों (जीआरपी समेत) में महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई। सभी 1535 पुलिस थानों में 10417 महिला थाने का गठन किया गया है। योगी सरकार ने अब तक के कार्यकाल में गन्ने का रिकार्ड भुगतान कर न केवल गन्ना किसानों के लिए गन्ने की मिठास बढ़ा दी बल्कि भुगतान के मुद्दे पर विपक्ष की बोलती बंद कर दी।

# औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए अन्तिम तिथि 30 सितंबर

**लखनऊ।** विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास व अधिशासी निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि राजकीय संस्थानों के अभ्यर्थियों को वेबसाइट पर चौथे चरण के लिए अभ्यर्थी आनलाइन आवेदन के समय जनपद में दिये गये संस्थानों एवं व्यवसायों के विकल्प के सापेक्ष उपलब्ध रिक्त सीट पर आवंटन के लिए जनपद के नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय संस्थान से निर्धारित अंतिम तिथि 30 सितंबर 2022 से पूर्व संपर्क स्थापित कर सकता है। राजकीय संस्थानों में जनपद स्तरीय चयन के लिए अभ्यर्थी स्थायी (गृह जनपद) व अस्थायी पते से संबन्धित जनपद की सीटों में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। अधिशासी निदेशक ने बताया कि राजकीय संस्थानों में प्रथमता (पूर्व पंजीकृत) गैर चयनित अभ्यर्थियों को सीट आवंटन की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी।

### जब दिशा की बैठक में सांसद ने अधिकारियों की लगाई क्लास !

# अमृत सरोवरों का कार्य पूरा न होने पर जताया अंसतोष

**संवाददाता । सीतापुर**

- कई सवालों का बैठक में सही जवाब नहीं दे पाए अधिकारी
- विकास कार्यों में न हो लापरवाही, अधिकारियों को दिए निर्देश
- सड़क निर्माण कार्य को पूरा न करने वाले ठेकेदार को करें ब्लैक लिस्टेड
- कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई सांसद की अध्यक्षता में दिशा की बैठक

**जिला विकास** समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में उस समय सीतापुर सांसद राजेष वर्मा ने गहरी नाराजगी व्यक्त की जब उन्हें यह जानकारी हुई कि सीतापुर में अमृत सरोवरों का कार्य अभी तक पूर्ण नहीं हुआ है, जिलें में एक भी अमृत सरोवर का निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर सांसद ने अंसतोष व्यक्त किया और तत्काल कार्य पूर्ण किए जाने के निर्देष दिए। उन्होंने सरोवरों के लिए जारी बजट की भी जानकारी ली। कलेक्टेªट सभागार में दिषा बैठक की अध्यक्षता करते हुए सांसद राजेष वर्मा ने कहा किकार्य की प्रगति की सहजता व गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुये समयबद्धता के आधार पर सभी अधिकारी समन्वय बना कार्य को पूरा करें, यही शासन की प्राथमिकता एवं मंशा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के अन्तर्गत अमृत सरोवरों से संबंधित जो भी लम्बित कार्य है, को प्राथमिकता के आधार पर तत्काल पूर्ण किये जाने हेतु संबंधित को निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कागजी कार्यवाही में ही समूहों का गठन न किया जाये, बल्कि कार्यप्रणाली में समूह गठित होना चाहिये। उन्होंने दीनदयाल उपाध्याय के अन्तर्गत ब्लॉक स्तर पर की गयी कार्यवाही की जानकारी करते हुये कहा कि ब्लॉक स्तर पर कार्य को बढ़ाया जाये तभी उद्देश्य पूरा होगा। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे मार्गों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुये कहा कि एक लिंक मार्ग से दूसरे लिंक मार्ग को नहीं जोड़ा जा रहा है, जिससे इस योजना का उद्देश्य ही पूरा नही हो रहा है, जो सड़क निर्माण की लम्बाई स्वीकृत हुयी है, उसको निर्माण कराये जाने से अधूरा नही छोड़ना है। उन्होंने रोष व्यक्त करते हुये कहा कि सड़क निर्माण संबंधी जिस ठेकेदार ने शासन के सारे पैसों का उपयोग तो कर लिया है किन्तु सड़क मानक के अनुरूप नही बनायी है, कार्य अधूरा है, ऐसे ठेकेदारों को चिन्हित कर ब्लैकलिस्टेड किया जाये। उन्होंने नैपालापुर सड़क की स्थिति की जानकारी करते हुये लहरपुर मार्ग पर पुलिया के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बैठक में कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्कूलों की जर्जर भवनों को चिन्हित कर इसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर बनाये जाने को कहा। बैठक में सांसद मिश्रिख अशोक रावत, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, एम.एल.सी. पवन सिंह चौहान, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों पर ऐसी घटनाएं होना निदंनीय कड़ी कार्रवाई करे पुलिस:उमेश द्विवेदी

**संवाददाता । सीतापुर**

- शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने पीडब्लूडी में की पदाधिकारियों के साथ बैठक सीतापुर एसपी से बात कर शिक्षक एमएलसी ने कड़ी कार्रवाई करने की कही बात

**सीतापुर में** स्कूल के अंदर प्रधानाचार्य को छात्र द्वारा गोली मारे जाने की घटना से वित्त विहीन षिक्षक संघ आक्रोषित है, इसको लेकर सीतापुर पहुंचे षिक्षक एमएलसी उमेष द्विवेदी ने पीडब्लूडी में पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में षिक्षक एमएलसी उमेष द्विवेदी ने कहा कि ऐसी घटनाओं से षिक्षक समाज में भय व्याप्त है, उन्होंने कहा कि इस पर पुलिस कड़ी कार्रवाई करें, षिक्षकों पर ऐसी घटनाएं होना निदंनीय है। उन्होंने कहा कि एसपी घुले सुषील चन्द्रभान से वार्ता की है, ऐसे लोगो पर कड़ी कार्रवाई करने का आष्वासन दिया है। आपको बता दें कि थाना सदरपुर इलाके के जहांगीराबाद में स्थित आदर्श रामस्वरूप विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामसिंह वर्मा रहते है जहां कोचिंग के लिए इंटर का छात्र गुरूविन्दर सिंह पढ़ने के लिए आता है, षनिवार को भी पहुंचा था, बैग के साथ लेकिन बैग में कापी किताबों के साथ असलहा भी था, बैग को कमरे में रखने के बाद असलहा निकालकर सीधे प्रधानाचार्य पर ताबड़तोड़ गोलियां चलाना षुरू कर दी। गोली लगने से प्रधानाचार्य घायल हो गए। बताया जाता है इस घटना से एक दिन पूर्व दो छात्रों के बीच विवाद हुआ था जिसको लेकर प्रधानाचार्य ने हमलावर छात्र गुरूविंदर को एक थप्पड़ मार दिया था, यह बात उसे इतनी नागवार गुजरी कि वह प्रधानाचार्य की जान लेने पर अमादा हो गया। विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्य को छात्र द्वारा गोली मारे जाने की घटना को लेकर वित्त विहीन षिक्षक संघ मे आक्रोष व्याप्त हो गया है, षिक्षको की सुरक्षा को लेकर वह चिंतित दिखाई दे रहे है। इसी को लेकर घटना के महज चंद घंटो बाद ही एक बैठक की जिसको षिक्षक एमएलसी उमेष द्विवेदी ने सम्बोधित किया और षिक्षको को सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए पुलिस कप्तान से मांग की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पंकज पांडेय, अष्वनी सिंह, दिनेष सिंह, ज्ञानी गुरूदीप सिंह चीमा, संजय अवस्थी, कृष्ण प्रकाष, बेंचेलाल भार्गव, नवल मिश्रा, नैमिषरत्न तिवारी, भाष्कर मिश्रा, मनोज पांडेय, कमर बहादुर, दिनेष सहित अन्य षिक्षकगण मौजूद रहे।

### शहर में नासिर की दो करोड़ की संपत्ति सील

# सीतापुर में पांच गैंगेस्टर्स की 4 करोड़ की संपत्ति जब्त

**वाददाता । सीतापुर**

- ढोल बजाकर, एनांउस कर की गई जब्ती की कार्रवाई
- वर्ष 2016 में नासिर ने डीएम आवास के पास हत्याकर मचाई थी सनसनी
- अपराधी रामखेलावन, जयप्रकाश, राजन सिंह की भी सम्पत्ति हुई जब्त

**योगी के पुलिस की** अपराधियों के विरूद्ध लगातार कार्रवाई जारी है। सीतापुर में षनिवार को पुलिस ने षातिर अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाकर गैंगेस्टर एक्ट के तहत सम्पत्तियों को जब्त करने की बड़ी कार्रवाई की। 5 गैंगेस्टर्स के विरूद्ध पुलिस ने जिलाधिकारी के आदेष पर करीब 4 करोड़ रूपये की सम्पत्ति को जब्त किया। ढोल नगाड़े के बीच प्रषासनिक और पुलिस अधिकारियों ने पहुंचकर अपराधिक कृत्यों से अर्जित की गई सम्पत्तियों को जब्त करने की कार्रवाई की इनमें वर्ष 2016 में डीएम आवास के पास हत्याकर सनसनी मचाने वाले षातिर अपराधी नासिर पुत्र रज्जाक भी षामिल है। सबसे पहले हम आपको षहर कोतवाली इलाके के अफसर कालोनी निवासी षातिर अपराधी 2016 में डीएम आवास के पास हत्या के आरोपी नासिर पुत्र रज्जाक की गैंगेस्टर एक्ट के तहत 1 करोड़ 99 हजार की सम्पत्ति जब्त की कार्रवाई को दिखाते है। ढोल नगाड़े के साथ एसडीएम सदर अनिल कुमार, सीओ सिटी सुषील कुमार सिंह और षहर कोतवाल टीपी सिंह दलबल के साथ षास्त्रीनगर मोहल्ला पहुंचते है, नासिर की जमीन पर नोटिस चस्पा बोर्ड लगाने की कार्रवाई कर जब्ती की जाती है। इस दौरान पुलिस एलाउंस भी करती है। इसके बाद अफसर कालोनी में स्थित नासिर के भाई हासिम के मकान को जब्त करती है, सम्पत्ति जब्तीकरण की इस कार्रवाई के बारे में एसडीएम सदर अनिल कुमार, सीओ सिटी सुषील कुमार सिंह ने नासिर के खिलाफकी गई कार्रवाई की जानकारी दी। इसी तरह थाना कमलापुर इलाके में तीन षातिर अपराधियों रामखेलावन पुत्र दुलारे निवासी सुरैंचा की 4 बीघा जमीन जिसकी कीमत 30 लाख 60 हजार रूपये, जयप्रकाष पुत्र रामखेलावन निवासी ग्राम सुरैंचा की 30 लाख 50 हजार की सम्पत्ति और राजन सिंह उर्फराजेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र देवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ लल्लन सिंह निवासी सुजौलिया की 1 करोड़ 9 लाख 13 हजार की सम्पत्ति को गैंगेस्टर एक्ट के तहत जब्त करने की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई सिधौली सीओ यादवेन्द्र यादव, तहसीलदार आरपी सिंह, कमलापुर एसओ पुस्पराज कुषवाहा की टीम ने ढोल नगाड़ो के बीच एलांउस कर अंजाम दी। गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की कड़ी में सीओ मिश्रिख सुषील कुमार यादव, सीओ प्रषिक्षणाधीन षोभित कुमार, तहसीलदार राजकुमार गुप्ता, थानाध्यक्ष नैमिषारण्य दिग्विजय पांडेय, क्राइम इंस्पेक्टर रवीद्र पांडे, मिश्रिख इंस्पेक्टर राकेष कुमार सिंह ने दलबल के साथ ढोल के बीच अपराधी संजय पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम नौव्वाखेड़ा के 25 लाख कीमत के पक्के मकान को जब्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया।

# सांसद ने दिव्यांगों को वितरित किए उपकरण

- प्रधानमंत्री के जन्मदिन पखवारे को लेकर वितरित किए उपकरण
- सांसद राजेश वर्मा और सांसद अशोक रावत रहे मुख्य अतिथि



**संवाददाता । सीतापुर**

**सीतापुर के राजा** कॉलेज मैदान में दिव्यांगो को कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका षुभारम्भ सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने किया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर बहुत सारे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है इसमें कृत्रिम अंग वितरण कार्यक्रम भी है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री दिव्यांगों एवं गरीबों के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं, दिव्यांग आगे बढ़ेगा तभी हमारा प्रयास सफल होगा। उन्होंने कहा कि जिनकी दिव्यांगता 80 प्रतिशत होगी, उनको मोटराईज साइकिल भी दी जाएगी। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को कान की मशीन, बैशाखी, स्मार्ट कैन डिवाइज तथा ट्राईसाइकिल का वितरण किया। इस दौरान सांसद मिश्रिख अशोक रावत, राज्यमंत्री कारागार सुरेश राही, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, एम.एल.सी. पवन सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सितंबर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सीतापुर द्वारा कृत्रिम अंग वितरण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 22 उत्तर प्रदेश बटालियन एनसीसी सीतापुर के राजकीय इंटर कॉलेज के कैडेटों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने दूरदराज से आए हुए दिव्यांग जनों को अपनी गोद में उठाकर व्हीलचेयर की सहायता से और उन को सहारा देकर उपकरण वितरण स्थल पर पहुंचाया ।कैडेटों ने ट्राई साइकिल वितरण में भी सहायता की। आए हुए लोगों और आगंतुकों ने कैडेटों की सराहना की। इस अवसर पर कैडेट शिवम कुमार ,तौफीक अली ,इमरान गाजी ,दीपांशु चौधरी ,आरिफ अली ,प्रदीप कुमार आदि उपस्थित थे।

# सेवा पखवाड़ा: दिव्यांगजनों को वितरित किए गए उपकरण

- भाजपा जिलाध्यक्ष व डीएम ने किया शुभारंभ

**संवाददाता । लखीमपुर-खीरी**

**शनिवार को कलेक्ट्रेट** सभागार में सेवा पखवाड़े के तहत दिव्यांग जनों के लिए सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया ।कार्यक्रम की शुरुआत में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़े के तहत आज दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का वितरण किया जा रहा। प्रशासन की ओर से उपलब्ध कराए जा रहे सहायक उपकरणों का उपयोग करें। सरकार प्राथमिकता के आधार पर सभी दिव्यांगजन को जरूरी उपकरण उपलब्ध करा रही है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ भी प्राथमिकता के आधार पर दिव्यांगों को दिलाया जा रहा है ।प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह ने कहा कि दिव्यांगजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं का लाभ उपलब्ध कराना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है। जनप्रतिनिधियों एवं अफसरों ने मौजूद दिव्यांगजनों को 13 व्हील चेयर, स्मार्ट केन 15, बैसाखी 69 आदि वितरित की। इस दौरान सभी दिव्यांग जनों को लंच पैकेट, फल आदि का भी वितरण किया गया ।कार्यक्रम में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष संतोष कुमारी, जिला महामंत्री रामजी मौर्य, राम जी दीक्षित भाजपा नेता उमेश शुक्ला, आशू मिश्रा, कुलभूषण सिंह, राम पांडे रचना शुक्ला उमा राज, दुर्गेश नंदन पांडेय व जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी वीरपाल, डिप्टी कलेक्टर विधेश मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने 19 बच्चों को बांटे लैपटॉप

**संवाददाता । लखीमपुर खीरी**

**शनिवार को** कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री सांसद अजय मिश्र टेनी ने प्रभारी डीएम अनिल कुमार सिंह के संग उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 19 बच्चों को लैपटॉप वितरित किया।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र टेनी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सीएम बाल सेवा योजना के तहत जिन बच्चों को लैपटॉप प्रदान किया जा रहा है। वह अपनी शैक्षिक गतिविधियों में इसका इस्तेमाल करें और आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि कभी भी कोई समस्या हो तत्काल सूचित करें प्रशासन व सरकार उन्हें हर संभव मदद प्रदान करेगी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। उन्होंने बताया कि कोविड-19 के कारण 01 मार्च 2020 के बाद ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविड-19 के कारण अपने माता या पिता या दोनों को खो दिया ऐसे बच्चों को जो कक्षा 9 से 12 में पढ़ रहे थे, उनको लैपटॉप वितरित किए जाने की व्यवस्था है। साथ ही ऐसे बच्चों को 4000 प्रतिमाह की धनराशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। यह धनराशि 18 वर्ष की आयु प्राप्त होने तक उन्हें मिलती रहेगी। उसके अलावा इन बालिकाओं की विवाह में विवाह के समय एक लाख एक हजार की आर्थिक सहायता भी इस योजना के अंतर्गत दी जाएगी।



डीपीओ संजय कुमार निगम ने बताया कि सीएम बाल सेवा योजना के तहत अबतक 173 ऐसे बच्चों को चिन्हित किया, उन्हें जिला अनुश्रवण समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इनमें से 74 लाभार्थियों को चार हजार की दर से धनराशि प्रधान का कराई जा रही है। अन्य लाभार्थियों को शीघ्र ही बजट प्राप्त होने पर उन्हें लाभान्वित किया जाएगा ।कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय निगम बाल कल्याण समिति सदस्य श्रीमती सुमन सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, संरक्षण अधिकारी अनुज चतुर्वेदी, संरक्षक सुंदरलाल, ओएससी की केंद्र प्रशासिका रश्मि चतुर्वेदी उपस्थित रही।

# एक मुश्त शास्ति समाधान योजना का उठाएं लाभ: एआरटीओ

**संवाददाता । लखीमपुर-खीरी**

- रविवार को खुलेगा एआरटीओ दफ्तर

**एक मुश्त** शास्ति समाधान योजना के तहत 01 अप्रैल 2020 को या उसके पूर्व पंजीकृत एवं बकाया कर से आच्छादित परिवहन यानों पर देय शास्ति से शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गई है। उक्त आशय की जानकारी एआरटीओ प्रशासन आलोक कुमार सिंह ने दी ।उन्होंने बताया कि योजना के तहत अधिक से अधिक बकाया कर जमा कराने एवं राजस्व हित में मुख्यालय द्वारा प्रदत्त निर्देश के क्रम में उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय, लखीमपुर-खीरी दिनांक 25 सितंबर को रविवार अवकाश के दिन कार्यालय पूरी तरह से खुला रहेगा, क्योंकि इस योजना के अन्तर्गत वाहन स्वामियों/आवेदकों से आवेदन प्राप्त करने एवं पंजीकरण किये जाने की अन्तिम तिथि 26 सितंबर है।

उन्होंने एक मुश्त शास्ति समाधान योजना के तहत समस्त व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करते हुए बताया कि यदि उनके वाहन के प्रति कर बकाया है तो ऐसे वाहन स्वामी 26 सितंबर तक कार्यालय में आवेदन/ पंजीकरण कराकर, बकाया कर जमा कराकर देय शास्ति(पेनाल्टी) से शत-प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते हैं, इस हेतु 25 सितंबर को रविवार अवकाश को भी कार्यालय पूरी तरह से खोला गया है। उक्त तिथि 26 सितंबर के पश्चात इस योजना का लाभ कोई भी वाहन स्वामी/बकायेदार प्राप्त नही कर सकेगा।

# पेज एक का शेष

## अंकिता की...

के सर्वेक्षण के आदेश दिए हैं, जबकि विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूरी ने राजस्व पुलिस प्रणाली की प्रभावशीलता पर सवाल उठाए हैं और राज्य में मजबूत भूमि कानूनों की आवश्यकता पर जोर दिया है। इस बीच, राज्य ही नहीं, दिल्ली में भी कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों ने मुद्दे को उठाया और न्याय की मांग की है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने ट्वीट कर हत्याकांड पर दुख जताया और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि इस मामले के आरोपी पुलकित आर्य और उसके पिता विनोद आर्य को भाजपा से निष्कासित किया जाना चुनिंदा ढंग से की गई दिखावे की कार्रवाई है। सत्तारूढ़ पार्टी को उन सभी नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाना चाहिए, जिन पर महिला विरोधी अपराध के आरोप हैं, क्योंकि यह सब राजनीतिक संरक्षण के चलते हुआ है। कांग्रेस प्रवक्ता ने सवाल किया कि भाजपा की महिला नेता कहां हैं? प्रधानमंत्री मोदी देश से माफी कब मांगेंगे, क्योंकि वह लाल किले की प्राचीर से महिलाओं के सम्मान की बात कहते हैं और उनकी पार्टी के लोग महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों में लिप्त हैं। उन्होंने दावा किया कि जब अंकिता के साथ यह सब हुआ तो स्मृति ईरानी सोशल मीडिया पर अपनी रसोई की तस्वीर दिखाकर कहती हैं कि क्या पक रहा है? यह असंवेदनशीलता है। उन्हें अपने पद से इस्तीफा देना चाहिए या प्रधानमंत्री उन्हें बर्खास्त करें।

## जल बोर्ड...

की रिपोर्ट पेश करने को कहा है। जल बोर्ड के उपाध्यक्ष और आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों से बातचीत में उपराज्यपाल के इस कदम का स्वागत किया और कहा कि सिसोदिया ने भी इस तरह की जांच की सिफारिश की थी। राज निवास के सूत्रों ने बताया कि यह मामला पहली बार 2019 में सामने आया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उपभोक्ताओं से पानी के बिलों में एकत्र किए गए 20 करोड़ रुपये जल बोर्ड के बैंक खाते में जमा नहीं किए गए थे। उन्होंने दावा किया कि गंभीर आरोपों के बावजूद बिलों के संग्रह में शामिल कंपनी का अनुबंध बढ़ाया गया था। सूत्रों ने यह भी कहा कि जल बोर्ड ने अपने बैंकर, कॉर्पोरेशन बैंक को जून 2012 में तीन साल तक पानी के बिल जमा करने के लिए नियुक्त किया। इसका अनुबंध 2016 और 2017 में बढ़ाया गया और यहां तक कि अनियमितता उजागर होने के बावजूद 2019 में भी इसे जारी रखा गया। उपराज्यपाल ने पाया कि उपभोक्ताओं से बिलों के रूप में मिली 20 करोड़ की राशि (ब्याज एवं जुर्माने सहित) को जल बोर्ड के बैंक खाते में जमा नहीं किया गया। यह सब जानने के बावजूद, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता वाले बोर्ड ने कॉर्पोरेशन बैंक और बैंक के संग्रह एजेंट के रूप में कार्य करने वाली मेसर्स फ्रेशपे आईटी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के अनुबंध को 2020 तक बढ़ा दिया। यही नहीं, उन्हें दंडित करने के बजाय उनका सेवा शुल्क 5 रुपये से बढ़ाकर 6 रुपये प्रति बिल कर दिया गया। इसके अलावा चौंकाने वाली बात यह कि जल बोर्ड ने टी+1 यानी ट्रांजेक्शन+1 के मानदंड में भी ढील दे दी। इस नियम के कारण संग्रह के 24 घंटे के भीतर पूरी धनराशि को जल बोर्ड के बैंक खाते में जमा कराना अनिवार्य होता है। यह भी खुलासा हुआ कि लोगों से बिल के रूप में मिली नकद राशि को जल बोर्ड के खाते में जमा कराने के बजाय फेडरल बैंक में डाला गया और वहां से इसे एक मेसर्स ऑरम ई-पेमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के निजी खाते में स्थानांतरित कर दिया गया। आरोप है कि यह पूरी गड़बड़ी जल बोर्ड एवं बैंक अधिकारियों के संज्ञान में थी, लेकिन उन्होंने इसे रोकने के लिए कुछ कदम नहीं उठाया।

## चंडीगढ़ विवि...

कहा कि पंजाब पुलिस से जानकारी मिलते ही सैन्यकर्मी की गिरफ्तारी के लिए पंजाब और अरुणाचल प्रदेश पुलिस की हरसंभव मदद की गई तथा उसे आगे की जांच के लिए पुलिस को सौंप दिया गया। डीजीपी ने कहा कि संदेह है कि वह आरोपी छात्रा को ब्लैकमेल कर रहा था। पुलिस ने इसके पहले दो छात्राओं और दो अन्य पुरुषों समेत चार लोगों को हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है।

## शांति चाहने...

करता है, वह कभी सीमा पार आतंकवाद को प्रायोजित नहीं करेगा, न ही मुंबई के भयावह आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं को आश्रय देगा और उसने विश्व समुदाय के दबाव के बाद ही हमलावरों के मुल्क में होने की जानकारी सार्वजनिक की। विनितो ने कहा कि ऐसा देश पड़ोसी मुल्क की जमीन पर न तो अन्यायपूर्ण और अस्पष्ट दावा करेगा, न ही उसकी जमीन को कब्जे में लेने या उसे गैर-कानूनी तरीके से खुद में मिलाने की कोशिश करेगा। उन्होंने कहा, लेकिन हमने आज सिर्फ पड़ोसी के सबंध में ही झूठे दावे नहीं सुने हैं, बल्कि मानवाधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार और मौलिक सुचिता के बारे में भी झूठ सुना है। विनितो ने कहा, जब अल्पसंख्यक समुदाय की हजारों युवतियों का अपहरण एसओपी (मानक परिचालन प्रक्रिया) हो गया हो है तो उनकी मानसिकता को रेखांकित करने के लिए हम क्या आकलन करें? भारत ने जोर देकर कहा कि वह भारतीय उपमहाद्वीप में शांति, सुरक्षा और प्रगति का इच्छुक है, जिसे मूर्त रूप दिया जा सकता है। भारतीय राजनयिक ने कहा, यह निश्चित तौर पर हो सकता है, अगर सीमा पार से आतंकवादी गतिविधियां खत्म हों, सरकारें विश्व समुदाय और अपनी जनता के प्रति ईमानदार हों, अल्पसंख्यक समुदायों का उत्पीड़न न हो और सबसे अहम इस महासभा के समक्ष हम इन वास्तविकताओं को मान्यता दें। पाकिस्तान ने इसके बाद भारत की टिप्पणी पर जवाब देने के अधिकार का इस्तेमाल किया।

## प्रधानाचार्य ने...

लेकर गया। बैग को रखने के बाद असलहा निकालकर बाहर मौजूद प्रधानाचार्य रामसिंह वर्मा पर निशाना साधते हुए गोली चला दी, गोली चलते ही कालेज परिसर में भगदड़ मच गई। एक गोली लगने के बाद प्रधानाचार्य जान बचाने के लिए घर की तरफ भागे। फिर पीछे से हमलावर छात्र ने गोली चला दी। यह गनीमत रही, तीसरी गोली मिस कर गई। गोली लगने के बावजूद प्रधानाचार्य ने हमलावर छात्र को वह दबोच लिया। यह देख अन्य छात्रों ने भी साहस जुटाकर हमलावर छात्र को दबोच लिया लेकिन हमलावर छात्र कई छात्रों पर भारी पड़ा है और वह मौके से फरार हो गया। घायल प्रधानाचार्य को सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां लाया गया जहां से जिला अस्पताल और फिर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक दरअसल छात्र गुरुविन्दर सिंह का एक दिन पहले साथी छात्र रोहित मौर्य से विवाद हो गया था, जिसको लेकर प्रधानाचार्य रामसिंह वर्मा ने गुरुविन्दर को एक थप्पड़ जड़ दिया था। इसी बात से खुन्नस खाकर महज 17 साल के छात्र गुरुविन्दर सिंह पर प्रधानाचार्य का खून कर बदला लेने का जुनून सवार हो गया। पुलिस ने हमलावर छात्र गरुविन्दर निवासी भागूपुर रेवान थाना रेउसा की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

## पहले विदेशी...

सलाह दी है कि वे सोशल मीडिया मंच या अन्य स्रोतों से आने वाले विज्ञापनों में नौकरी पेशकश के झांसे में न आएं। विदेश मंत्रालय ने कहा, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि रोजगार के उद्देश्य से पर्यटन विजिट वीजा पर यात्रा करने से पहले वे विदेशी नियोक्ता की विश्वसनीयता को विदेश में मौजूद भारतीय मिशन के जरिए जांचासत्यापित करें। साथ ही किसी कंपनी की पेशकश स्वीकार करने से पहले भर्ती एजेंट की पृष्ठभूमि की भी जांच करें। गौरतलब है कि म्यांमा स्थित भारतीय दूतावास ने मियावाडी इलाके में फंसे 60 में से 30 भारतीयों को बचाया था, ये सभी थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय गिरोह के वादे के शिकार हुए थे।

## सोशल मीडिया...

चर्चाओं को तब हवा मिली जब भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने ट्वीट कर कहा कि इसकी जांच की जानी चाहिए कि क्या शी जिनपिंग नजरबंद हैं? माना जा रहा है कि जब जिनपिंग समरकंद में थे, तब चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने सेना के अध्यक्ष पद से हटा दिया था। उसके बाद अफवाह है कि उन्हें हाउस अरेस्ट किया गया है। स्वामी ने इसका एक वीडियो भी शेयर किया है। इस बीच चीन मामलों के एक विशेषज्ञ गॉर्डन सी चांग कहते हैं कि जहां धुआं निकलता है, वहां कहीं न कहीं आग जरूर होती है। उन?होंने दावा किया कि इस समय चीन अस्थिरता का सामना कर रहा है।

## महाराष्ट्र के...

पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। मोहिते ने कहा, 'वर्तमान में, शाम सात बजे से रात 8.30 बजे के बीच, लोग अपने मोबाइल फोन एक तरफ रख देते हैं, टेलीविजन सेट बंद कर देते हैं और पढ़ने-लिखने, अध्ययन करने और एक-दूसरे से बातचीत पर ध्यान केंद्रित करते हैं। इस पहल का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी निगरानी के लिए एक वार्ड-वार समिति गठित की गई है।

# पुणे में पीएफआई के प्रदर्शन में लगे पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

## महाराष्ट्र सरकार की तीखी प्रतिक्रिया, करेगी कड़ी कार्रवाई

**भाषा।** पुणे (महाराष्ट्र)

**पॉपुलर फ्रंट** ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा यहां आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने वाले प्रदर्शनकारियों का एक वीडियो सामने आया है। इस घटना के बाद महाराष्ट्र सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नारे लगाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि राज्य में इस तरह के नारे बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे, जबकि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस नारेबाजी में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

वीडियो में दिख रहा है कि जब हिरासत में लिए गए पीएफआई कार्यकर्ताओं को पुलिस वाहन में ले जाया जा रहा था, तब यह नारा कई बार लगाया गया। इस घटना के बाद महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुछ नेताओं ने इस तरह की नारेबाजी करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई करने की मांग की है। पुणे पुलिस ने कहा है कि वे इसकी जांच कर रहे हैं। पीएफआई के ठिकानों पर देशभर में हुई छापेमारी के विरोध में संगठन ने पुणे शहर में शुक्रवार को जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन आयोजित किया था। इस दौरान पुलिस ने लगभग 40 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया था। पुलिस द्वारा वाहन में बैठाते समय प्रदर्शनकारियों ने कथित तौर पर पाकिस्तान जिंदाबाद ने नारे लगाए, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इस घटना के बाबत पूछे जाने पर पुलिस ने कहा कि वह मामले की जांच कर रही है। पुलिस उपायुक्त सागर पाटिल ने कहा, हमने अवैध रूप से प्रदर्शन करने के लिए पीएफआई सदस्यों के खिलाफ पहले से ही मामला दर्ज कर लिया है और हम नारेबाजी के मामले की जांच कर रहे हैं। इस बीच भाजपा के विधायक नितेश राणे ने ट्विटर पर कहा कि जिन्होंने पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाए हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। राणे ने कहा, पुणे में पीएफआई के समर्थन में पाकिस्तान जिंदाबाद का नारा लगाने वाले सभी लोगें को चुन चुनकर मारेंगे...इतना याद रखना। पीएफआई को प्रतिबंधित करो। भाजपा के एक अन्य विधायक राम सतपुते ने भी नारे लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की।

## पीएफआई ने सरकारी नीतियों की गलत व्याख्या कर भारत के प्रति नफरत फैलाई : एनआईए

**कोच्चि।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दावा किया है कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यालयों और उसके नेताओं के ठिकानों पर की गई देशव्यापी छापेमारी के दौरान जब्त दस्तावेजों में बेहद संवेदनशील सामग्री मिली है, जिसमें एक समुदाय विशेष के प्रमुख नेताओं को निशाना बनाया गया है। कोच्चि में विशेष एनआईए अदालत में सौंपी गई रिमांड रिपोर्ट में जांच एजेंसी ने यह आरोप भी लगाया है कि इस चरमपंथी इस्लामी संगठन ने युवाओं को लश्कर-ए-तैयबा और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे आतंकवादी समूहों में शामिल होने के लिए बरगलाया।

एनआईए ने कोच्चि में दर्ज एक मामले के संबंध में 10 आरोपियों की हिरासत की मांग करते हुए 22 सितंबर को अदालत में रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पीएफआई ने हिंसक जिहाद के तहत आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दिया और भारत में इस्लामी शासन की स्थापना की साजिश रची। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीएफआई लोगों के एक वर्ग के समक्ष सरकारी नीतियों की गलत व्याख्या पेश कर भारत के प्रति नफरत फैलाने और सत्ता तथा उसके अंगों के खिलाफ घृणा का भाव उत्पन्न करने का काम करता है। एजेंसी ने कहा, जांच में सामने आया है कि प्राथमिकी में नामजद आरोपी संगठित अपराध और अवैध गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। वे समाज के अन्य धार्मिक वर्गों और आमजन के बीच दहशत पैदा करने का काम करते थे। एनआईए ने 22 सितंबर को 11 राज्यों में छापेमारी कर पीएफआई के 106 नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, छापेमारी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों में ऐसी सामग्री पाई गई है, जिससे पता चलता है कि एक समुदाय विशेष के प्रमुख नेताओं को निशाना बनाया जा रहा था। इस हिट लिस्ट से मालूम होता है कि पीएफआई अपने नेताओं के माध्यम से समुदायों के बीच तनाव पैदा करने का काम कर रहा था। एनआईए ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि संगठन का इरादा शांति और सद्भाव को भंग करना तथा वैकल्पिक न्याय व्यवस्था चलाना था। रिपोर्ट के अनुसार, पीएफआई ने युवाओं को लश्कर-ए-तैयबा, अल कायदा और आईएसआईएस जैसे आतंकवादी समूहों में शामिल होने के लिए बरगलाया। इसमें कहा गया है कि इस्लामी चरमपंथी संगठन ने हिंसक जिहाद के तहत आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दिया और भारत में इस्लामी शासन की स्थापना की साजिश रची। एजेंसी ने कहा कि आरोपियों और पीएफआई के कार्यालय से जब्त उपकरणों का तिरुवनंतपुरम स्थित सी-डैक में विश्लेषण किए जाने की जरूरत है।

## ऐप के जरिए धोखाधड़ी करने के आरोपी आमिर खान को पुलिस हिरासत में भेजा

**कोलकाता।** कोलकाता की एक अदालत ने मोबाइल ऐप के जरिए धोखाधड़ी करने के आरोपी आमिर खान को शनिवार को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। खान के घर से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 17.32 करोड़ रुपए नकदी जब्त की थी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि खान को कोलकाता पुलिस के गुप्तचर विभाग ने उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद से गिरफ्तार किया था और उसे कोलकाता लाया गया था। खान को 2021 में यहां एक थाने में कथित धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने गुप्तचर विभाग की ओर से पेश लोक अभियोजक के अनुरोध पर खान को 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। ईडी ने धन शोधन की जांच के तहत 11 सितंबर को गार्डन रीच इलाके में एक मोबाइल गेमिंग ऐप कंपनी के प्रवर्तक खान के आवास से 17.32 करोड़ रुपए नकदी जब्त की थी।

# हिमाचल के मतदाताओं ने भी भाजपा सरकार दोहराने का मन बनाया: मोदी

**भाषा।** शिमला



**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने शनिवार को कहा कि हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं ने राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार को दोहराने का मन बना लिया है, जैसा कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मतदाताओं ने कुछ महीने पहले किया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने मंडी में भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की एक रैली को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित किया, क्योंकि खराब मौसम के कारण कार्यक्रम स्थल तक वह हेलीकॉप्टर से नहीं पहुंच सके। रैली में व्यक्तिगत रूप से नहीं पहुंच पाने को लेकर प्रधानमंत्री ने खेद जताया। उन्होंने कहा कि इसके पहले, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में मतदाताओं द्वारा हर पांच साल में सत्ताधारी दल को बदलने का चलन था, लेकिन अब उन्होंने इस चलन को छोड़ दिया है। इसी तरह, हिमाचल प्रदेश के मतदाताओं और युवाओं ने भाजपा सरकार को दूसरी बार मौका देने का मन बना लिया है, क्योंकि वे जानते हैं कि भाजपा एक स्थिर सरकार प्रदान करते हुए राज्य के विकास की दिशा में काम कर सकती है। मोदी ने कहा कि पहले देश में दशकों तक गठबंधन सरकार हुआ करती थी, जिसने दुनियाभर के लोगों के मन में संदेह पैदा किया कि कई दलों के सहयोग से बनी गठबंधन सरकार बीच में ही गिर जाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आठ साल पहले साल 2014 में मतदाताओं ने केंद्र में मजबूत और स्थिर सरकार के लिए मतदान किया, जिसने कार्य संस्कृति और नीतियों में स्थिरता लाने का काम किया। उन्होंने कहा कि एक मजबूत आधार अब तैयार है और देश के एक आदमी से लेकर पूरे विश्व का सरकार में विश्वास है। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि आज पूरा विश्व भारत से जुड़ने के लिए इच्छुक है। राज्य में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के गृह जिले मंडी के पड्डल मैदान में इस युवा विजय संकल्प रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जिसने युवाओं को अधिकतम प्रतिनिधित्व प्रदान किया और उम्मीद जताई कि वे लोग भारत को एक विकसित देश बनाने के सपने को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश उन तीन राज्यों में से एक है, जिसे दवा उद्योग के विकास के लिए चुना गया है। ड्रोन बनाने के मामले में अन्य राज्यों का नेतृत्व करने के लिए प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश की भाजपा सरकार को बधाई दी। मोदी ने कहा कि वह जल्द ही हिमाचल प्रदेश का दौरा करके राज्य के लोगों के साथ आमने-सामने की बैठक करेंगे। मोदी ने कहा कि वह एकत्रित युवाओं के उत्साह का अंदाजा लगा सकते हैं, क्योंकि उन्होंने खुद को बारिश से बचाने के लिए कुर्सियों का इस्तेमाल छतरी के रूप में किया, लेकिन रैली का मैदान नहीं छोड़ा। इससे पहले दिन में, मोदी ने ट्वीट किया, हिमाचल प्रदेश के मंडी में भाजयुमो की युवा विजय संकल्प रैली में हमारे ऊर्जावान कार्यकर्ताओं से मिलने को उत्सुक हूं। राजग सरकार ने हमारी युवा शक्ति को सशक्त बनाने और वे आत्मनिर्भर हों, इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कई पहल की है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित रैली में शामिल होने के लिए पूरे राज्य से हजारों युवा पड्डल मैदान में पहुंचे थे।



कोलकाता में केले के पेड़ों से दुर्गा पूजा पंडाल बनाते कारीगर

## क्विक न्यूज

### केरल में पीएफआई की हिंसा पूर्व नियोजित, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा: मुख्यमंत्री पिनराई विजयन

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने शनिवार को कहा कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) द्वारा एक दिन पहले आहूत की गई हड़ताल के दौरान राज्य में हुई हिसा पूर्व नियोजित थी और दोषियों को बख्शा नही जाएगा। विजयन ने यहां वरिष्ठ पुलिस अधिकारी संघ के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंसा की निंदा की और कहा कि इससे राज्य में सार्वजनिक तथा निजी संपत्तियों को नुकसान पहुंचा है। विजयन ने कहा, 'पीएफआई के नेतृत्व में कल की हड़ताल में केरल में पूर्व नियोजित हिसा देखी गई। राज्य को उनकी (पीएफआई) ओर से एक संगठित और हिसक स्थिति का सामना करना पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप राज्य को भारी नुकसान हुआ। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राज्य के शांतिपूर्ण माहौल को नष्ट करने का प्रयास था और दोषियों को बख्शा नही जाएगा। अधिकारियों ने कहा था कि देशभर में लगभग एक साथ छापेमारी में एनआईए के नेतृत्व में 22 सितंबर को विभिन्न एजेंसियों ने अभियान चलाकर 11 राज्यों में पीएफआई के 106 कार्यकर्ताओं को आतंकी गतिविधियों का समर्थन करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पीएफआई ने 23 सितंबर को केरल में हड़ताल की घोषणा की थी और इस दौरान राज्य में व्यापक हिंसा हुई थी।

### आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के तीन आरोपी गिरफ्तार : एनआईए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को कहा कि दिल्ली तथा देश के अन्य हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में शनिवार को आपराधिक गिरोहों के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली के नीरज सहरावत उर्फ नीरज बवाना , हरियाणा में गुरुग्राम के कौशल उर्फ नरेश चौधरी और पंजाब में साहिबजादा अजीत सिंह नगर के भूपेंदर सिंह उर्फ भूपी राणा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि यह मामला हत्या, आपराधिक गिरोह एवं गतिविधियों चलाने के लिए वसूली के वास्ते लोगों को डराने-धमकाने समेत विभिन्न तरह की आपराधिक गतिविधियों में आपराधिक गिरोहों की संलिप्तता से जुड़ा है। प्रवक्ता ने कहा, ए गिरोह मादक पदार्थ और हथियारों की तस्करी के जरिए ऐसी आपराधिक गतिविधियों के लिए पैसा भी जुटा रहे थे। एनआईए ने कहा कि शुरुआत में दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने सात अगस्त को आठ आरोपियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। दिल्ली पुलिस को सूचना मिली थी कि एक आपराधिक गिरोह या भारत तथा विदेश में स्थित गिरोहों के सदस्यों ने दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए साजिश रची थी। प्रवक्ता ने बताया कि एनआईए ने 26 अगस्त को फिर से मामला दर्ज किया और मामले की जांच की जा रही है।

### कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव : 30 सितंबर को नामांकन दाखिल कर सकते हैं थरूर, गहलोत से मुकाबले के आसार

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आरंभ होने के पहले दिन शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने एक प्रतिनिधि के जरिए नामांकन पत्र मंगवाया और वह इसे 30 सितंबर को दाखिल कर सकते हैं। अब इसकी प्रबल संभावना नजर आ रही है कि अध्यक्ष पद के चुनाव में थरूर का मुकाबला राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से हो सकता है। थरूर के प्रतिनिधि और अखिल भारतीय प्रोफेशनल्स कांग्रेस के पदाधिकारी अलीम जावेरी ने कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री से नामांकन पत्र लिया। कुछ दिनों पहले ही थरूर ने मिस्त्री से मिलकर नामांकन की पूरी प्रक्रिया के बारे में जानकारी हासिल की थी। सूत्रों का कहना है कि थरूर 30 सितंबर को नामांकन पत्र दाखिल कर सकते है।नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शनिवार को आरंभ हुई। नामांकन पत्र दाखिल करने की आखिरी तिथि 30 सितंबर है।उधर, राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को स्पष्ट रूप से कहा कि वह पार्टी अध्यक्ष पद के चुनाव में उम्मीदवार होंगे और मुख्यमंत्री पद से उनके हटने की स्थिति में पार्टी नेतृत्व यह फैसला करेगा कि इस जिम्मेदारी को कौन संभालेगा।गहलोत ने राहुल गांधी से मुलाकात के बाद यह घोषणा की थी। उनके अनुसार, राहुल गांधी ने उनसे दो टूक कहा है कि गांधी-नेहरू परिवार से कोई उम्मीदवार नही होगा। कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव के लिए घोषित कार्यक्रम के अनुसार, नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया 24 से 30 सितंबर तक चलेगी। नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि आठ अक्टूबर है। एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 17 अक्टूबर को मतदान होगा और नतीजे 19 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

## पांच लाख की रिश्वत लेने के मामले में निर्दलीय विधायक के दो बेटों सहित चार गिरफ्तार

**जयपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने पांच लाख रुपए की रिश्वत लेने के मामले में शुक्रवार देर रात चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक निर्दलीय विधायक के दो बेटे और एक प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) शामिल है। एसीबी के महानिदेशक भगवान लाल सोनी ने शनिवार को यहां बताया कि शुक्रवार देर रात जयपुर-अलवर में विभिन्न जगहों पर एक साथ कार्वाई करते हुए बीडीओ नेतराम और मध्यस्थ लोकेश मीणा, कृष्णकांत मीणा तथा जय प्रताप सिंह को परिवादी से पांच लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि इनमें लोकेश एवं कृष्णकांत थानागाजी विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय विधायक कांति प्रसाद मीणा के बेटे हैं। विधायक मीणा ने संवाददाताओं से कहा कि उनके बेटों को साजिश के तहत फंसाया गया है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार की मंशा गलत है, ठेकेदार ने हमसे उधार पर पैसा लिया था और उसे वापस करना पड़ा, लेकिन ठेकेदार ने उसे वापस करने के बजाय मेरे बेटों को एसीबी से पकड़वा दिया। ब्यूरो के बयान के अनुसार परिवादी ने शिकायत दी है कि उसकी कंपनी को राजगढ़ क्षेत्र में ट्यूबवेल खुदाई के लिए किए गए कार्यों के लिए 14 लाख रुपए के बकाए का भुगतान किया जाना है। परिवादी ने आरोप लगाया है कि आरोपी लोकेश मीणा और जयप्रताप सिंह द्वारा बकाया भुगतान के एवज में कमीशन के रूप में बीडीओ नेतराम के नाम पर नौ लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर उसे परेशान किया जा रहा है। एसीबी ने शिकायत के सत्यापन के लिए जयपुर-अलवर में एक साथ कार्वाई करते हुए लोकेश मीणा की निशानदेही पर जयपुर में उसके बड़े भाई कृष्णकांत मीणा को परिवादी से पांच लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। अधिकारियों के मुताबिक, इस मामले में एसीबी की तीन अलग-अलग टीमों ने आरोपी बीडीओ नेतराम, मध्यस्थ लोकेश मीणा और जय प्रताप सिंह को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि चारों आरोपियों से पूछताछ जारी है।

# केंद्र के अनेक फैसले गांधीवादी दर्शन पर आधारित: उपराष्ट्रपति

**भाषा।** नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति जगदीप** धनखड़ ने शनिवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार का सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास का दर्शन एक गांधीवादी विचार है, जो हर तरह की राजनीति से परे है। उपराष्ट्रपति ने समाज के एक वर्ग के बीच इस धारणा को बहुत खतरनाक रुझान के रूप में वर्णित किया, जिसके तहत लोग मानते हैं कि केवल वही दर्शन सही है, जिसमें वे विश्वास करते हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि गांधी जी सबकी बात को सुनते थे। वह यहां हरिजन सेवक संघ की स्थापना के 90 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि कानून के समक्ष सभी समान हैं और यह मायने नहीं रखता कि उनका इतिहास क्या है या वे कितने ताकतवर हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति देश के कानून से बंधा है। धनखड़ ने कहा कि गांधी के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए कोविड-19 महामारी के दौरान दो साल तक 90 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज दिया गया, जो किसी देश की कल्पना से परे की बात है।धनखड़ ने कहा कि करोड़ों देशवासियों को कोरोना वायरस टीका की दो खुराक लगने से महात्मा की आत्मा संतुष्ट हुई होगी।उन्होंने कहा कि गांधीवादी दर्शन के अनुरूप 18 करोड़ परिवारों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिया गया, ताकि वे खाना पकाने के लिए परंपरागत ईंधन के इस्तेमाल से मुक्ति पा सकें।उपराष्ट्रपति ने कहा कि पहले जो लोग बैंक में प्रवेश करने से डरते थे, उन्हें उनके दरवाजे पर पहुंचकर बैंकिंग प्रणाली में शामिल किया गया।उन्होंने जोर देकर कहा कि गांधीवादी आदर्श संविधान के मौलिक अधिकारों और नीति निदेशक सिद्धांतों में व्याप्त हैं। उपराष्ट्रपति के मुताबिक बापू की शिक्षाएं मानवता के लिए सदैव प्रासंगिक रहेंगी। उपराष्ट्रपति ने कहा, महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों से मानवता को बहुत लाभ होगा। आज दुनिया में गरीबी, जलवायु परिवर्तन और युद्ध समेत कई तरह की समस्याएं हैं, लेकिन गांधी जी के विचार इन सबका समाधान उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने गांधीजी के स्वराज का जिक्र करते हुए कहा कि इसका अर्थ पंक्ति में मौजूद अंतिम व्यक्ति का उत्थान है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि सरकार की खाद्य सुरक्षा, टीकाकरण, सार्वभौमिक बैंकिंग की सभी योजनाएं गांधीवादी भावना के अनुरूप हैं।

# भाजपा का सफाया होगा: लालू

**भाषा।** नई दिल्ली/पटना

**राष्ट्रीय जनता** दल (राजद) के अध्यक्ष लालूप्रसाद यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा का सफाया होगा। उन्होंने बिहार के सत्तारूढ़ महागठबंधन पर हमला करने को लेकर शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर प्रहार भी किया। रविवार को यादव बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से भेंट कर सकते हैं।

दिल्ली रवाना होने से पहले पटना हवाई अड्डे पर उन्होंने कहा , चिंता मत कीजिए, भाजपा का सफाया हो जाएगा। पटना हवाई अड्डे पर पत्रकारों ने उनसे शुक्रवार को पूर्णिया रैली में शाह द्वारा बिहार की महागठबंधन सरकार को लेकर की गई तीखी आलोचना के बारे में पूछा, जिसके जवाब में उन्होंने यह बात कही। चारा घोटाले के कई मामलों में सजा तथा कई बीमारियों के चलते लालू सक्रिय राजनीति से दूर हैं। राजद प्रमुख ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, अमित शाह बिल्कुल पगलाए हुए हैं। वहां (बिहार में) उनकी सरकार हटा दी गई है। 2024 में उसका (भाजपा का) सफाया हो जाएगा। यही वजह है कि वह दौड़ते हुए वहां जा रहे हैं और जंगलराज एवं वे सारी बातें कह रहे हैं। जब वह गुजरात में थे, तब उन्होंने क्या किया। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री यादव ने कहा, जब वह गुजरात में थे, तब वहां जंगल राज था। जब उनसे कहा गया कि भाजपा कह रही है कि नीतीश कुमार सत्ता की अपनी भूख में बाद में राजद को त्याग देंगे, तब यादव ने कहा कि अब वे दोनों साथ हैं। राजद अध्यक्ष ने कहा, हम विपक्षी एकता की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी (सोनिया गांधी के साथ) बैठक का यही एजेंडा है। नीतीश कुमार का हरियाणा में एक रैली में बिहार के उप मुख्यमंत्री और यादव के बेटे तेजस्वी यादव के साथ हिस्सा लेने का भी कार्यक्रम है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला यह रैली कर रहे हैं जिसमें कई विपक्षी नेताओं के पहुंचने की संभावना है।

# अदालत का महिला के निर्वासन के लिए फिलहाल कदम न उठाने का निर्देश

## एनआरसी से नाम बाहर करने का मामला

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने उस महिला की याचिका पर केंद्र और असम सरकार से जवाब तलब किया है, जिसे विदेशी घोषित कर दिया गया था और उसका नाम अंतिम राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) से बाहर कर दिया गया था। न्यायालय ने यह भी निर्देश दिया है कि महिला के निर्वासन के लिए कोई कदम न उठाया जाए। न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय के जून 2019 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई पर सहमति जताई है।

बोंगाईगांव स्थित विदेशी न्यायाधिकरण ने जून 2017 में एक आदेश जारी कर महिला को विदेशी घोषित कर दिया था, जिसके खिलाफ महिला ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था लेकिन उसे वहां से राहत नहीं मिली थी तथा उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी। महिला पर आरोप है कि वह 25 मार्च, 1971 के बाद अवैध रूप से बांग्लादेश से भारत में प्रवेश की थी। महिला की ओर से पेश अधिवक्ता पीयूष कांति रॉय ने शीर्ष अदालत को अवगत कराया कि याचिकाकर्ता के परिवार के अन्य सभी सदस्यों को एनआरसी में शामिल किया गया है।

पीठ ने कहा, नोटिस जारी किया जाए, जिसका जवाब तीन सप्ताह में देना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने मामले की सुनवाई 17 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। शीर्ष अदालत ने शुक्रवार को पारित अपने आदेश में कहा, (मामले के) सूचीबद्ध होने की अगली तारीख तक याचिकाकर्ता के निर्वासन के लिए कोई कदम नहीं उठाया जाएगा। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि वह जन्म से भारत की नागरिक है।

# सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने को शीर्ष प्राथमिकता दी: शाह

**भाषा।** किशनगंज (बिहार)

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने देश की सीमाओं को मजबूत करने को शीर्ष प्राथमिकता दी है और यही कारण है कि मौजूदा शासन के तहत इन इलाकों में बुनियादी ढांचा विकास पर खर्च बढ़ा है। नेपाल की सीमा से लगे बिहार के किशनगंज जिले में फतेहपुर चौकी पर सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के कर्मियों को संबोधित करते हुए शाह ने देश की अंतरराष्ट्रीय सीमा की पहरेदारी कर रहे जवानों की कल्याण जरूरतों के प्रति केंद्र के संवेदनशील होने का भी उल्लेख किया।

उन्होंने कहा, 2008 और 2014 के बीच, सालाना करीब 4,000 करोड़ रुपए सीमा पर बुनियादी ढांचे पर खर्च किए गए। बाद में, यह प्रतिवर्ष बढ़ कर 6,000 करोड़ रुपए हो गया। शाह ने फतेहपुर, रानीगंज, आमगाछी, पेकाटोला और बेरिया चौकियों के भवनों का उद्घाटन करते हुए यह कहा। गृह मंत्री ने कहा कि केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के तहत सीमावर्ती बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 44,600 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। शाह ने कहा, इसके चलते सीमावर्ती सड़कों की कुल लंबाई 3.5 गुना बढ़ गई। उन्होंने कहा, सीमा पर तैनात हमारे कर्मी राष्ट्रीय आपदा के समय और कानून व्यवस्था से जुड़ी स्थितियों में भी योगदान देते हैं। सरकार ने इसे महसूस किया है और उन्हें तथा उनके परिवार को बेहतर सुविधाएं मुहैया करने पर काम रही है। उन्होंने कहा कि सरसरी तौर पर देखने पर ऐसा प्रतीत होता है कि नेपाल और भूटान जैसे मित्र देशों के साथ लगी सीमा की पहरेदारी करने के कारण एसएसबी का काम आसान है। शाह ने कहा, लेकिन हम जानते हैं कि आपके समक्ष आने वाली चुनौतियां कम नहीं हैं क्योंकि बाड़ रहित इलाकों में गश्त करना कठिन है। स्थानीय लोगों में आपकी छवि और सद्भावना एक अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि एसएसबी जवानों ने उत्साह के साथ हर घर तिरंगा अभियान में भाग लिया और नागरिकों को 10 लाख तिरंगा वितरित किया।



किशनगंज में बुद्धिकाली मंदिर में पूजा करते गृहमंत्री अमित शाह

## सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकी बदलाव बहुत चिंताजनक

**किशनगंज (बिहार)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकी में हो रहे बदलाव बहुत चिंताजनक है और सुरक्षा बलों को सतर्क रहना चाहिए। उन्होंने बिहार के किशनगंज जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के बाद यह कहा। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत सरकार सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा और विकास के लिए हर कोशिश कर रही है। शाह को उद्धृत करते हुए एक अधिकारी ने कहा, लेकिन सीमावर्ती इलाकों में जनसांख्यिकी में हो रहे बदलाव बहुत चिंताजनक हैं और सुरक्षा बलों को सतर्क रहना चाहिए। बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी, भारत तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और सीमा की प्रहरी करने वाले तीनों सुरक्षा बलों के प्रमुख के अलावा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय भी शामिल हुए। शाह ने सुरक्षा बलों को फर्जी आधार, मतदाता पहचान पत्र जारी किए जाने, गायों की तस्करी, अवैध घुसपैठ पर रोक लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी सुरक्षा बलों को अतिरिक्त सतर्क रहने और इन मुद्दों से सख्ती से निपटने के निर्देश भी दिए। शाह ने एक ट्वीट में कहा कि उन्होंने बीएसएफ, एसएसबी और आईटीबीपी के महानिदेशकों तथा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक बैठक में सीमा सुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों की समीक्षा की। उन्होंने कहा, सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ वहां की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है, इसके लिए आधुनिक प्रौद्योगिकी और हर सम्भव सुविधाएँ सुरक्षा बलों को दी जा रही हैं। शाह ने किशनगंज जिले में भारत-नेपाल सीमा पर फतेहपुर सीमा चौकी का भी दौरा किया और खंभा संख्या 151 तथा 152 का अवलोकन किया। उन्होंने सीमा क्षेत्र में एसएसबी के साथ विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की। एसएसबी भारत-नेपाल सीमा पर पहरेदारी करता है।

# ईरान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन और शहरों में फैला

भाषा। तेहरान

**ईरान में** 22 वर्षीय एक कुर्द युवती की हिरासत में हुई मौत को लेकर सरकार के खिलाफ व्यापक स्तर पर हो रहा प्रदर्शन करीब 80 शहरों में फैल गया है। उक्त महिला को पुलिस ने हिजाब से जुड़े सख्त कानून का कथित तौर पर उल्लंघन करने को लेकर गिरफ्तार किया था। महसा अमीनी की मौत के बाद सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर उतर कर सरकार विरोधी नारे लगाए, जो इस्लामिक शासन को और देश के सर्वोच्च नेता अयातोल्ला अली खामेनेई के प्रति लक्षित थे। प्रदर्शनकारियों में ज्यादातर महिलाएं थीं। ईरानी सरकारी टेलीविजन ने शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा बलों के साथ हिंसक झड़पों में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 26 पहुंच गई है। बताया जाता है कि यह अशांति हाल के वर्षों में सबसे व्यापक है, जो करीब 80 ईरानी शहरों में फैल गई है। इसने बताया कि मशहद, कुचान, शिराज, तबरीज और कराज में प्रदर्शनकारियों को नियंत्रित करने की कोशिश के दौरान कम से कम पांच सुरक्षा कर्मी मारे गए हैं और कई अन्य घायल हो गए। अमीनी की मौत ने इस्लामी राष्ट्र में व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर पाबंदियों को लेकर लंबे समय से व्याप्त रोष को भड़का दिया है। पिछले कुछ दिनों में, कुछ प्रदर्शनकारी महिलाओं ने सड़कों पर अपने हिजाब जला दिए, जिसे एक अवज्ञा की एक अभूतपूर्व गतिविधि के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं, प्रदर्शनकारी पुरुषों ने धार्मिक नगरी कोम और इस्फहान सहित कई शहरों में सर्वोच्च नेता के पोस्टर जलाए। प्रदर्शनकारियों ने रिवोल्युशनरी गार्ड के कमांडर कासिम सुलेमानी के पोस्टर फाड़ डाले और जला दिए। सुलेमानी जनवरी 2000 में अमेरिका के एक ड्रोन हमले में अपने गृह नगर केरमान में मारे गए थे। ईरानी कानून यह प्रावधान करता है कि सभी महिलाएं सार्वजनिक स्थानों पर सिर को कपड़ों से ढंक कर रखेंगी और ढीले परिधान पहनेंगी। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से यह नियम लागू है। यह देश में हर महिला पर लागू होता है। उत्तर-पश्चिमी शहर साकेज की रहने वाली अमीनी की तीन दिनों तक कोमा में रहने के बाद 16 सितंबर को मौत हो गई थी। वह तेहरान में अपने भाई के साथ थी, जब उसे सैन्य पुलिस ने गिरफ्तार किया था। वह एक हिरासत केंद्र में गिरने के कुछ ही देर बाद कोमा में चली गई थी। मानवाधिकारों के लिए संयुक्त राष्ट्र के कार्यवाहक आयुक्त नदा अल नशीफ ने कहा कि खबरों में दावा किया गया था कि पुलिस ने अमीनी के सिर पर एक डंडे से वार किया और उसका सिर एक वाहन से टकरा दिया। हालांकि, पुलिस ने आरोपों से इनकार किया और कहा कि उसे दिल का दौरा पड़ा था। इस बीच, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी ने कहा है कि पुलिस हिरासत में हुई मौत की शीघ्रता से जांच कराई जाएगी।

## ईरानी महिलाएं अधिक आक्रोशित

**न्यूयार्क।** ईरान में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही महिलाओं से हाल के दिनों में मोबाइल फोन पर मिले संदेशों के बारे में बात करते हुए, मसीह अलीनेजाद की आंखों में आंसू आ गए। देश के सख्त धार्मिक ड्रेस कोड का उल्लंघन किए जाने को लेकर पुलिस हिरासत में 22 वर्षीय एक युवती की मौत हो जाने के बाद ईरान में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन हो रहे हैं। अलीनेजाद को मोबाइल फोन पर मिले संदेशों में बताया गया है कि सुरक्षा बलों से आमना-सामना होने की स्थिति में उन्हें किस कदर खतरे का सामना करना पड़ रहा है। असंतुष्टों पर कार्वाई करने का सुरक्षा बलों का एक लंबा इतिहास रहा है। संदेशों में, पुलिस के साथ हुए टकराव, महिलाओं के हिजाब उतारने और अपने बाल कटवाने के वीडियो भेजे गए हैं। अलीनेजाद (46)ने न्यूयार्क शहर में कहा, मैं मोबाइल फोन पर मिले संदेशों में प्रकट किए गए गुस्से को अभी महसूस कर रही हूं। ईरान में 2009 के चुनाव के बाद से देश छोड़ने के बाद यह लेखिका न्यूयार्क में निर्वासित में रह रही हैं। उन्होंने कहा, उन्हें (महिलाओं को) वर्षों से नजरअंदाज किया जा रहा है। यही कारण है कि वे आक्रोशित हैं। ईरानी महिलाएं अब गुस्से में हैं।

## नेपाल व भारत ने सप्त कोसी बांध परियोजना पर आगे बढ़ने पर सहमति जताई

भाषा। काठमांडू

**भारत और** नेपाल ने सप्त कोसी बांध परियोजना को लेकर और अध्ययन के बाद इस पर आगे कदम बढ़ाने पर सहमति जताई है। दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों ने यहां बैठक की और द्विपक्षीय जल क्षेत्र सहयोग की समीक्षा की। इस दौरान महाकाली समझौते के क्रियान्वयन तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सहयोग पर भी चर्चा हुई। जल संसाधन पर संयुक्त समिति (जेसीडब्ल्यूआर) की नौवीं बैठक शुक्रवार को काठमांडू में हुई जिसकी सह अध्यक्षता पंकज कुमार, सचिव जल संसाधन विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार और सागर राय, सचिव, ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय ने की। इससे पहले 21-22 सितंबर के बीच जल संसाधन पर संयुक्त स्थाई तकनीकी समिति की सातवीं बैठक हुई थी।



यूक्रेन के कीव में रूसी हमले से आहत एक महिला प्रदर्शन के दौरान विलखती हुई

## भारतीय मूल की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को महारानी एलिजाबेथ पुरस्कार मिला

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन में** भारतीय मूल की गृह मंत्री सुएला ब्रेवरमैन को यहां एक समारोह में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय वुमन ऑफ द ईयर पुरस्कार के लिए नामित किया गया। इस श्रेणी में यह अब तक का पहला पुरस्कार है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री लिज ट्रस के मंत्रिमंडल में इस महीने शामिल की गईं ब्रेवरमैन (42) ने कहा कि दिवंगत महारानी को समर्पित एशियन एचीवर्स अवार्ड्स 2022 में नई भूमिका निभाने के लिए यह सम्मान मिला है। तमिल मूल की उमा और गोवा मूल के क्रिस्टी फर्नांडीस की बेटी ब्रेवरमैन ने समारोह को एक रिकार्ड किया हुआ संदेश भेजा, जहां उनके माता-पिता ने उनकी ओर से पुरस्कार ग्रहण किया। ब्रेवरमैन ने अपने संदेश में कहा, मेरी मां और पिता केन्या और मॉरीशस से 1960 के दशक में आए थे। वे हमारे एशियाई समुदाय के गौरवान्वित सदस्य हैं और मेरा जन्म वेम्बली में हुआ, जो एशियाई समुदाय का केंद्रीय स्थल है। उन्होंने कहा, गृह मंत्री का पद मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। मैं आपको गौरवान्वित करूंगी। इन पुरस्कारों का यह 20वां वर्ष है। यह ब्रिटेन में दक्षिण एशियाई समुदाय के व्यक्तियों की उपलब्धियों को मान्यता देता है।

## क्वाड देशों ने संदिग्ध साइबर गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए एक-दूसरे की मदद का आह्वान किया

भाषा। वाशिंगटन



**क्वॉड के** सदस्य देशों ने राज्य प्रायोजित दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों के खिलाफ चेतावनी देते हुए कहा कि वे क्षेत्रीय साइबर अवसंरचना की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग करेंगे। क्वॉड के सदस्य देशों में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेन्नी वोंग, भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, जापान के विदेश मंत्री हयाशी योशिमासा और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने न्यूयॉर्क में आयोजित संयुक्त राष्ट्र महासभा के वार्षिक सत्र से इतर बैठक की। उन्होंने एक संयुक्त बयान जारी कर देशों से उनके क्षेत्र से संचालित रैनसमवेयर गतिविधियों से निपटने के लिए उचित कदम उठाने का आह्वान किया। क्वॉड देशों के विदेश मंत्रियों ने कहा, हम रैनसमवेयर सहित अन्य दुर्भावनापूर्ण साइबर गतिविधियों से अहम साइबर अवसंरचना पर मंडरा रहे खतरों से निपटने में एक-दूसरे का सहयोग करने को प्रतिबद्ध हैं। संयुक्त बयान में इस दिशा में कार्वाई करने का आह्वान किया गया। विदेश मंत्रियों ने कहा कि क्वॉड देश साइबर जगत के खुले, सुरक्षित, स्थिर, वहनीय और शांतिपूर्ण इस्तेमाल को लेकर प्रतिबद्ध हैं और वे साइबर जगत में जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए संयुक्त राष्ट्र के मसौदे को लागू करने की दिशा में देशों की क्षमता बढ़ाने से जुड़ी क्षेत्रीय पहलों का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा, हमारा दृढ़ विश्वास है कि हिंद-प्रशांत देशों की साइबर क्षमता बढ़ाने पर केंद्रित पहल से क्षेत्रीय साइबर अवसंरचना की सुरक्षा और लचीलापन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। बयान में कहा गया, मंत्रियों ने रैनसमवेयर खतरे के खिलाफ लड़ाई के हमारे सामूहिक लक्ष्य को इंगित किया जो हिंद-प्रशांत अर्थव्यवस्था, विकास और सुरक्षा संबंधी साइबर अवसंरचना के लिए खतरा है। हम क्षमता विकास एवं पहल में और सहयोग करने को प्रतिबद्ध हैं जिसका लक्ष्य क्षेत्रीय साइबर सुरक्षा को बढ़ाना है। ग्यारह फरवरी को हुई पिछली क्वॉड बैठक को याद करते हुए विदेश मंत्रियों ने कहा कि वे रैनसमवेयर के वैश्विक खतरे से निपटने को प्रतिबद्ध हैं क्योंकि यह हिंद प्रशांत क्षेत्र के आर्थिक विकास और सुरक्षा के लिए बाधा है।

## असैन्य पोतों का इस्तेमाल कर अपनी समुद्री क्षमता का विस्तार कर रहा चीन

भाषा। बैंकॉक

**श्रीलंका के** बंदरगाह पर कुछ सप्ताह पहले एक चीनी वैज्ञानिक पोत आया था, जो निगरानी उपकरणों से लैस था। दक्षिण चीन सागर में स्थित विवादित द्वीपों के आसपास मछली पकड़ने की सैकड़ों नौकाओं ने महीनों लंगर डाले थे और महासागर में जाने की क्षमता रखने वाली नौकाएं गश्त लगा रही थीं, जो भारी उपकरण और कई लोगों को ले जाने में सक्षम थी। ए सभी असैन्य पोत थे, लेकिन विशेषज्ञों और इन गतिविधियों से असहज हुए देशों की सरकारों का कहना है कि ए चीन की समुद्री क्षमता को बढ़ाने के लिए नागरिक-सैन्य मिलीजुली रणनीति का हिस्सा हैं, जिसके बहुत से उद्देश्यों का खुलासा बीजिंग ने नहीं किया है। पोत की संख्या के मामले में चीन की नौसेना दुनिया की सबसे बड़ी नौसेना है। वह सैन्य विस्तार के दृष्टिकोण से तेजी से नए युद्धपोत बना रही है। चीन की नौसेना ने जून में अपना पहला स्वदेशी विमानवाहक युद्धपोत पेश किया था और उसके कम से कम पांच नए विध्वंसक युद्धपोत शीघ्र ही बनकर तैयार हो जाएंगे। चीन, क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है और वह ताइवान के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियों में इजाफा कर रहा है। चीन, प्रशांत महासागर में नए सुरक्षा समझौते कर रहा है और कृत्रिम टापुओं का निर्माण कर रहा है, वहीं, दक्षिण चीन सागर में उसके दावों को अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के विरोध का सामना करना पड़ रहा है। असैन्य नौकाओं और पोतों के जरिए चीन वह काम करने की कोशिश कर रहा है, जो सीधे तौर पर सेना के जरिए नहीं किया जा सकता।

### जापान में मूसलाधार बारिश से जनजीवन प्रभावित

**तोक्यो।** जापान में तूफान तलस के कारण शनिवार को देश के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश हुई जिससे जनजीवन प्रभावित रहा। इसके अलावा भूस्खलन के चलते ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित रही तथा इस दौरान तालाब मे डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मध्य जापान के शिजुओका प्रांत मे एक तालाब मे एक वाहन गिर गया, जिसके बाद चालक को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

**सार्वजनिक सूचना**

यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री आर.के. अरोड़ा पुत्र श्री एम.एल.अरोड़ा के स्वामित्व वाली जी-13, साउथ एक्सटेंशन पार्ट- II, नई दिल्ली में स्थित संपत्ति जो सब रजिस्ट्रार, सब डिवीजन- III, नई दिल्ली के साथ दिनांक 22.05.1981 को टाइटल डीड नंबर 2688 द्वारा पंजीकृत किया गया है। जोकि पंजाब नेशनल बैंक, मानव चौक, शाखा अंबाला सिटी में दिनांक 09.08.2022 को गुम हो गई हैं।

शाखा प्रबन्धक, पंजाब नेशनल बैंक, मानव चौक, शाखा अंबाला सिटी

**Public Notice**

This is to inform general public that S.S.N Haksar and Mrs. Sushma Haksar were the absolute owners of Plot no. 6, Land area measuring 420 sq. mtrs., Road-3, in the residential colony known as DLF Qutub Enclaves Complex situated at Village Saarhaul, Tehsil and Distt. Gurgaon, Haryana vide sale deed dated 21.01.1987, (Doc. no. 6111). S.S.N Haksar and Mrs. Sushma Haksar have misplaced the below mentioned document. a. Original Allotment Letter issued by M/s Apollo Land & Housing Company Ltd. in respect of said property. b. Original Possession Letter issued by M/s Apollo Land & Housing Company Ltd. in respect of said property. c. Original Sale Deed dated 21.01.1987 executed by M/s Apollo Land & Housing Company Ltd. in favour of S.S.N Haksar and Mrs. Sushma Haksar in respect of said property. (Doc. no. 6111)Anyone who find the above said document shall handover the same to the Manager of Axis Finance Limited. Now, S.S.N Haksar and Mrs. Sushma Haksar are availing loan on this property from Axis Finance Limited. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public that Mr. Harinder Bhalla, Mr. Manu Bhalla, Mrs. Neelu Kapur are joint owners / mutate of Residential Flat Bearing No. 3402, on 4th Floor, (area measuring 1260 sq. fts), in Tower No. 03, (ATS Greens-II), at Plot no. A-58, Sector-50, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar, (U.P.) the said property by virtue of Mutation letter dated 20.10.2021, issued by Noida Authority, after demise of Late Mr. Narinder N. Bhalla, who was owner of the said property vide a transfer deed dated 18.03.2013, All persons are hereby informed that above mentioned owners/Mutate want to sell the said property to Mr. Saurabh Sameer/his nominee, who is taking Loan for purchase the said property from ICICI Bank Ltd., if anybody has any objection/s upon the ownership of Mr. Harinder Bhalla, Mr. Manu Bhalla, Mrs. Neelu Kapur in respect of the said property its Sale /Mortgage, and any kind of objection kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 07 days of the present.

Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

### चालू वित्त वर्ष में भारत 100 अरब डॉलर का एफडीआई जुटाने की राह पर : सरकार

**नई दिल्ली।** भारत अपने आर्थिक सुधारों और कारोबार करने में सुगमता के प्रयासों के बूते चालू वित्त वर्ष में 100 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने की दिशा में अग्रसर है। सरकार ने शनिवार को यह अनुमान जताया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा, देश में एफडीआई 101 देशों से आया जिसे 31 केंद्र शासित प्रदेशों और राज्यों में तथा 51 क्षेत्रों में निवेश किया गया। अपने आर्थिक सुधारों और कारोबार करने में सुगमता बढ़ाने के प्रयासों के बूते भारत चालू वित्त वर्ष में 100 अरब डॉलर का एफडीआई पाने की दिशा में बढ़ रहा है। देश को 2021-22 में अब तक का सर्वाधिक 83.6 अरब डॉलर का विदेशी निवेश प्राप्त हुआ था। मंत्रालय ने कहा कि विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए, सरकार ने उदार तथा पारदर्शी नीति अपनाई है जिसमें ज्यादातर क्षेत्र स्वचालित मार्ग के जरिए एफडीआई के लिए खुले हैं। सुधार के कदम अनावश्यक अनुपालन बोझ को कम करने, लागत घटाने और कारोबारी सुगमता को बढ़ाने के लिए उठाए गए हैं। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में भारत में एफडीआई इक्विटी प्रवाह छह फीसदी गिरकर 16.6 अरब डॉलर हो गया।

### ईडी ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में राजकोट की कंपनी की संपत्तियां कुर्क की


**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में जारी धनशोधन जांच के तहत राजकोट की एक कंपनी के संयंत्र, मशीनरी, भूमि और भूखंड को कुर्क कर दिया है। जांच एजेंसी ने शनिवार को बताया कि यह मामला 44 करोड़ रुपए की बैंक कर्ज धोखाधड़ी का है। जांच एजेंसी ने बताया कि मंदीप इंडस्ट्रीज नाम की कंपनी की जिन संपत्तियों को कुर्की की गई है उनका मूल्य करीब 16 करोड़ रुपए है। कुर्की का आदेश धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत दिया गया है। इस कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दर्ज किया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को कर्ज अदायगी में चूक की जिससे बैंक को 44.64 करोड़ रुपए का नुकसान उठाना पड़ा।

## भूमंडलीकरण का समाधान विकेंद्रीकरण: जयशंकर

भाषा। न्यूयॉर्क

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने कहा है कि भूमंडलीकरण का समाधान विकेंद्रीकरण है जबकि बहुपक्षवाद का समाधान 1945 का स्वरूप न होकर सुधरे हुए बहुपक्षवाद के रूप में निकलता है। जयशंकर ने शुक्रवार को यहां ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि फिलहाल हमले की जद में आ रही दो शब्दावली भूमंडलीकरण और बहुपक्षवाद की हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता है कि इनमें से किसी के भी साथ कुछ गलत है। सवाल बस यह है कि इन्हें किस तरह लागू किया गया है। क्या बहुपक्षवाद ने हमें नाकाम किया है। मैं यही कहूंगा कि बहुपक्षवाद का यह स्वरूप अपना काम नहीं कर पाया है। जयशंकर ने यह बात एक परिचर्चा के दौरान कही जिसमें ब्रिटेन के विकास, राष्ट्रमंडल एवं विकास कार्यालय राज्य मंत्री विकी फोर्ड और विश्व आर्थिक मंच के अध्यक्ष बोर्ज ब्रेंडे भी शामिल थे। जयशंकर ने कहा कि इस समस्या का समाधान असल में अधिक बहुपक्षवाद ही है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र

> कहा, बहुपक्षवाद का समाधान 1945 का स्वरूप न होकर सुधरे हुए बहुपक्षवाद के रूप में निकलता है



महासभा की बैठक की ओर संकेत करते हुए कहा, हम सभी इस समय क्यों इकट्ठा हुए हैं? इसकी वजह यह है कि हम अब भी संयुक्त राष्ट्र के प्रति भरोसा रखते हैं और इसके जरिए मिलजुलकर रास्ता निकालने में यकीन करते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन इस व्यवस्था के संरक्षकों की दिशा में संकीर्णता होना गलत है। मैं कहूंगा कि भूमंडलीकरण के बारे में भी यही बात लागू होती है। भूमंडलीकरण का अत्यधिक केंद्रीकृत होना इसकी असल समस्या था। इस स्थिति के समाधान की ओर इशारा करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, भूमंडलीकरण का समाधान विकेंद्रीकरण है, विकेंद्रित भूमंडलीकरण। मैं कहूंगा कि बहुपक्षवाद का समाधान सुधरा हुआ बहुपक्षवाद है, न कि इसका 80 साल पहले का 1945 वाला स्वरूप। उनका इशारा 1945 में गठित संयुक्त राष्ट्र की तरफ था। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों का बड़ा हिस्सा दुनिया की मौजूदा स्थिति को लेकर गुस्से में है क्योंकि राजनीतिक रूप से सही होने के नाम पर उन देशों को रोजाना फरेब का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को खुद से यह सवाल पूछने की जरूरत है कि मौजूदा व्यवस्था कब तक जारी रहने वाली है।

### रीट्स को वाणिज्यिक पत्र की मंजूरी मिलने से लघु अवधि के कर्ज जुटाना होगा आसान

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की तरफ से रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट्स) को वाणिज्यिक पत्र जारी करने की अनुमति दिए जाने से कम ब्याज पर लघु अवधि का कर्ज जुटाने में मदद मिलेगी। रियल एस्टेट उद्योग के विशेषज्ञों का ऐसा मत है। रीट्स की शुरुआत भारत में कुछ साल पहले ही हुई है। इसका मकसद किराया देने वाली परिसंपत्तियों के मौद्रीकरण के जरिए रियल एस्टेट की ओर निवेश आकर्षित करना है। इससे रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के व्यापक मूल्य का लाभ उठाने और खुदरा भागीदारी में मदद मिलती है। मौजूदा समय में भारतीय शेयर बाजारों में तीन सूचीबद्ध रीट्स हैं।

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large **Mr. Vikram Solanki** who is purchasing the **FLAT NO. 204, (FRONT RHS) ON FIRST FLOOR, WITHOUT ROOF RIGHTS AREA MEASURING 66.66 SQ. YARDS (i.e. 600 Sq. Ft.) , OUT OF KHASRA NO. 104MI, AT SIGNATURE APARTMENT IN THE VILLAGE OF KHORA COLONY GHAZIABAD, (U.P)** from **Mrs. Suman Yadav** W/o Mr. Sukhveer Singh & **Mr. Pradeep Yadav** S/o late Mr. Sukhveer Singh who had owners through revenue record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/title/ interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, on Second Floor, Opp. SBI, Sector-2, Noida, UP - 201301 Contact # 0120-4269379

**PUBLIC NOTICE**

It is to inform to the public at large **Mr. Mahesh Pal** S/o Mr. Mool Chand who is purchasing the **FLAT NO.001, FRONT RHS (WITHOUT ROOF RIGHTS), AREA MEASURING 475 SQ. FEET, OUT OF KHASRA NO. 104MI, AT SIGNATURE APARTMENT-B, IN THE VILLAGE OF KHORA COLONY, PARGANA LONI TEHSIL & DISTT GHAZIABAD, (U.P)** from **Mrs. Suman Yadav** W/o Mr. Sukhveer Singh & **Mr. Pradeep Yadav** S/o late Mr. Sukhveer Singh who had owners through revenue record, and same to be financed & mortgaged by **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** If any Person having any type of claim/right/ title/interest over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within 07 days from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien, disputes etc.

**Lucem Legal LLP**
B-93B, on Second Floor, Opp. SBI, Sector-2, Noida, UP - 201301 Contact # 0120-4269379

## मूनलाइटिंग पर कर्मचारियों के पक्ष में आईटी राज्य मंत्री

**कहा- बंदिश लगाने का तरीका होगा विफल**

भाषा। नई दिल्ली



**इलेक्ट्रॉनिक्स,** सूचना प्रौद्योगिकी और कौशल विकास राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने पेशेवरों के बीच मूनलाइटिंग के चलन को लेकर तेज हुई बहस के बीच कहा है कि ऐसे दिन अब बीत चुके हैं जब कर्मचारी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों में नौकरी पाने के बाद अपना पूरा जीवन उसी नौकरी में बिता देते थे। जब कोई कर्मचारी अपनी नियमित नौकरी के अलावा स्वतंत्र रूप से कोई अन्य काम भी करता है, तो उसे तकनीकी तौर पर मूनलाइटिंग कहा जाता है। प्रौद्योगिकी पेशेवरों के बीच मूनलाइटिंग के बढ़ते चलन ने उद्योग में एक नई बहस को जन्म दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो लिमिटेड ने एक साथ दो जगह काम करने यानी मूनलाइटिंग के आरोप में हाल ही में अपने 300 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है। इसके बाद यह मुद्दा बड़ी तेजी से चर्चा के केंद्र में आ गया है। चंद्रशेखर ने शुक्रवार को पब्लिक अफेयर्स फोरम ऑफ इंडिया (पीएएफआई) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मूनलाइटिंग के मुद्दे पर पेशेवर कर्मचारियों के नजरिए की सराहना की। उन्होंने कहा कि अपने कर्मचारियों पर बंदिश लगाने और उन्हें अपना स्टार्टअप खड़ा करने से रोकने का कंपनियों का प्रयास निश्चित रूप से असफल होने वाला है। उन्होंने कहा, आज के युवा आत्मविश्वास से भरे हुए हैं, वे अपना मूल्य बढ़ाना चाहते हैं और अपना पैसा कमाना चाहते हैं। इसलिए कंपनियों का ऐसा कहना कि आपको अपने स्टार्टअप पर काम नहीं करना चाहिए तथा कर्मचारियों पर रोक लगाने के उनके प्रयास निश्चित ही सफल नहीं होंगे। हालांकि मंत्री ने यह जरूर कहा कि मूनलाइटिंग की वजह से कंपनी के साथ किए गए अनुबंध दायित्वों का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, चंद्रशेखर ने इस कार्यक्रम में कहा कि यह कर्मचारी-उद्यमियों का दौर है और कॉरपोरेट जगत एवं कंपनियों को यह समझना होगा कि युवा भारतीय तकनीकी कार्यबल की सोच और रवैए में बदलाव आया है। उन्होंने कहा, बंदिश लगाने का हर तरीका विफल होगा। नियोक्ता चाहते हैं कि कर्मचारी उनसे सदा जुड़े रहते हुए उद्यमशील भी बने रहें। लेकिन इस बात को वही कर्मचारी खुद अपने पर भी तो लागू कर सकते हैं। चंद्रशेखर ने कहा, यह वैसे ही है जैसे कि वकील या परामर्शदाता करते हैं। भविष्य में काम इसी प्रकार से होगा।

### त्योहारी सेल को ग्राहकों की शानदार प्रतिक्रिया मिलने से ई-कॉमर्स कंपनियां उत्साहित

भाषा। नई दिल्ली

**देश में त्योहारों** का मौसम शुरू होने से पहले ही विभिन्न ई-कॉमर्स कंपनियों की सेल भी शुरू हो चुकी है जिसे ग्राहकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिलने से ऑनलाइन विक्रेताओं का उत्साह बढ़ा है। खास बात यह है कि 23 सितंबर से शुरू हुई विभिन्न सेल में ऑनलाइन खरीदारी करने वालों में अब दूसरी, तीसरी श्रेणी के शहरों के निवासी महानगरों को भी पीछे छोड़ते दिख रहे हैं। दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने शनिवार को बताया कि त्योहारों के अवसर पर उसकी सेल के पहले 36 घंटों में उसे मिले ऑर्डर से पता चलता है कि दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में उसका ग्राहक आधार दोगुना बढ़ गया है। 75 फीसदी ग्राहक दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों से हैं। इस श्रेणी के शहरों में हमारे ग्राहकों की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में दो गुना बढ़ गई है। कंपनी की सेल 23 सितंबर से शुरू हुई है और अगले महीने दीपावली से पहले तक जारी रहेगी। सेल के पहले 36 घंटे में छोटे और मध्यम उद्यमों और स्टार्टअप के खास उत्पादों की रिकॉर्ड दस लाख बिक्री हुई है। उपाध्यक्ष एवं कंट्री मैनेजर मनीष तिवारी ने कहा, छोटे और मध्यम उद्यम, स्टार्टअप, कलाकार, महिला उद्यमी भारत भर के हमारे ग्राहकों को व्यापक उत्पादों की पेशकश कर रहे हैं जो उत्साहजनक है।

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता
**उत्तराखण्ड जल संस्थान,**
ऊधमसिंह नगर

पत्रांक : 1102/निविदा/2022-23 दिनांक: 24.09.2022

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

मुख्य महाप्रबन्धक महोदय, उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा **"जल जीवन मिशन"** के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु उत्तराखण्ड पेयजल निगम/उत्तराखण्ड जल संस्थान, उत्तराखण्ड सरकार या अन्य राज्य सरकार/भारत सरकार के किसी भी उपक्रम अथवा निगम में उल्लेखित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मो से आईटमवार दर अनुबन्ध के आधार पर ई-निविदा **(टु-बिड)** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना **www.uktenders.gov.in** पर दिनांक **30.09.2022** के सायं 5:00 बजे से उपलब्ध होगी।

| क्र. सं. | निविदा सूचना सं0 | योजना का नाम | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निम्नलिखित पेयजल योजनाओं के अन्तर्गत नलकूप छिद्रण, जलाशय निर्माण, पम्प हाउस निर्माण, स्टाफ क्वाटर निर्माण, राईजिंग मेन व वितरण मेन बिछाने, बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण, विद्युत यांत्रिक उपकरणों की आपूर्ति एवं एफ0एच0टी0सी0 कार्य तथा अन्य तत्सम्बन्ध समस्त कार्य श्रम, सामग्री एण्ड टी0एण्डपी0 सहित। | | | | | | |
| 1 | 30/2022-23 | **कुल्हा एकल ग्राम** (वि0ख0 गदरपुर) | 871600 | Rs. 7000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 2 | 31/2022-23 | **मुण्डिया कला एकल ग्राम** (वि0ख0 बाजपुर) | 629100 | Rs. 6000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |
| 3 | 32/2022-23 | **गणेशपुर बहुल ग्राम**-वि0ख0 बाजपुर | 500000 | Rs. 5000+GST | 120 दिन | 12 माह | A-Class |

शर्तें:-
1. प्रमुख सचिव उत्तराखण्ड शासन देहरादून के शासनादेश संख्या-6447 दिनांक 02.01.2013 के अनुसार अतिरिक्त परफॉरमेन्स सिक्योरिटी (Additional Performance Security) नियमानुसार देय होगी।
2. धरोहर धनराशि एफ.डी.आर./बी.जी./एन.एस.सी. के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक/डाकघर द्वारा निर्गत, जो **"अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर"** के नाम से बंधक हों, निविदा के साथ जमा करानी होगी।
3. ई-निविदा दिनांक **30.09.2022** के सायं **5:00** बजे से डाउनलोड की जा सकेगी एवं दिनांक **13.10.2022** की सायं 5:00 बजे तक पोर्टल पर अपलोड की जा सकेगी। तकनीकी निविदा दिनांक **14.10.2022** को प्रातः 11:00 बजे खोली जायेगी।
4. तकनीकी निविदा से सम्बन्धित प्री-बिड मीटिंग दिनांक **07.10.2022** को अपरान्ह **3:30** बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के अधिशासी अभियन्ता कक्ष में आहुत की जायेगी।
5. निविदा प्रपत्र के साथ अपलोड की गई धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र का मूल्य, शपथ पत्र, स्टाम्प पेपर आदि के Original documents अधिशासी अभियन्ता, उत्तराखण्ड जल संस्थान, ऊधमसिंह नगर के कार्यालय में दिनांक **13.10.2022** के सायं 5:00 बजे तक जमा कराये जाने होंगे।
6. तकनीकी निविदा में सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदा खोलने की सूचना इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा की जायेगी।
7. उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना सीधे वैबसाईट www.uktenders.gov.in पर ही अपलोड की जायेगी। संशोधित निविदा सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जायेगा।
8. शेष शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है।

(तरूण शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

"जल संचय-जीवन संचय"

# हर प्राथमिक विद्यालय एक-एक बालक बालिका को बनायेगा ब्राण्ड एम्बेस्डर



निपुण बालक, बालिका खोज प्रतियोगिता 2022 का शुभारंभ करती डीएम पायनियर

संवाददाता। उरई (जालौन)

### इस प्रतियोगिता से जनपद के बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होगी: डीएम

**जनपद** के बेसिक शिक्षा विभाग के भविष्य में तील का पत्थर साबित होगी और यह बहुत अच्छे परिणाम देगी। इस प्रतियोगिता के द्वारा जनपद के बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होगी। उक्त बात जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने जनपद स्तरीय निपुण बालक, बालिका खोज प्रतियोगिता 2022 का शुभारंभ करते हुये कही। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता बेसिक शिक्षा विभाग के सभी शिक्षकों के लिये चुनौती है कि हर प्राथमिक विद्यालय से ऐसे निपुण बच्चे तैयार हों जो जनपद स्तर पर अपने विद्यालय के ब्राण्ड एम्बेस्डर के रूप में प्रतिभाग करके विद्यालय के शिक्षा के स्तर को प्रदर्शित करें और निपुणा जालौन के सपने को सामार कर सकें। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की रूपरेखा का फीता खोलकर अनावरण करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विद्यालय स्तर, न्याय पंचायत स्तर, ब्लाक स्तर के बाद जनपद स्तर पर प्रतियोगिता के बाद कक्षा 1, 2 व 3 के चयनित बालक, बालिकाओं को 30 दिसंबर को पुरुस्कार दिया जयोगा। निपुण भारत अभियान के अंतर्गत उत्तर प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाने तथा जनपद जालौन को निपुण जनपद बनाने के लिए जनपद के 1188 प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के एक अच्छा कक्षा 1 से 3 तक के सभी बालक, बालिकाओं की चार स्तरीय परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर परियोजना निदेशक डा. शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनडी शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कुमार, खंड शिक्षाधिकारी मुक्तेश कुमार, अमर सिंह, रंगनाथ चौधरी, शैलेंद्र उत्तम, नेत्रपाल सिंह, ज्ञान प्रकाश अवस्थी, सुनील राजपूत, दिग्विजय सिंह, अंकित सिंह, जिला समन्वयक विश्वनाथ प्रताप दुबे प्रशिक्षण, श्यामजी गुप्ता सामु. सह., सौरभ पाण्डेय निर्माण, एसआरजी लोकेश पाल, अभिलाष तिवारी, नितिन आनंद पाल उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में फरियादियों ने दर्ज करायीं शिकायतें

**कोंच (जालौन)।** लोगों की समस्याओं खासतौर पर राजस्व संबंधी विवादों आदि के निराकरण के लिए आयोजित होने वाले थाना समाधान दिवस में शनिवार को बारिश के चलते इक्का दुक्का फरियादी ही पहुंचे। हालांकि कोतवाली में फिर भी ठीक ठाक फरियादी पहुंचे लेकिन कैलिया और नदीगांव थानों में फरियादियों की संख्या नगण्य रही। कोतवाली में प्रभारी तहसीलदार आलोक कुमार कटियार की अध्यक्षता और अतिरिक्त निरीक्षक वीरेंद्र सिंह की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में 7 समस्याएं आईं जिनमें से एक का निस्तारण मौके पर किया गया, शेष के लिए टीमें बनाई गई। प्रभारी तहसीलदारध् नायब तहसीलदार कटियार ने राजस्व कर्मियों को हिदायत दी कि जो भी समस्याएं आईं हैं उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मौके पर जाकर करें। समस्याएं लंबित रखने पर नप सकते हैं। कैलिया में इंस्पेक्टर रवींद्रनाथ यादव की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में बरसात का असर दिखाई दिया, एक भी फरियादी नहीं पहुंचा।

# वाद-विवाद प्रतियोगिता में रेड हाउस ने मारी बाजी, प्रबंधक ने दिया पुरस्कार

**संतकबीरनगर।** प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं में वैचारिक प्रखरता बढ़ती है और मन की झिझक दूर होती है जिससे काफी आत्म बल मिलता है वाद-विवाद एक औपचारिक चर्चा है। जिससे तार्किक सुसंगती, तथ्यात्मक परिशुद्धता एवं भावनात्मक जुड़ाव मुख्य अंग होते हैं और यह व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होता है- डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी (प्रबंध निदेशक) सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में निजीकरण विषय पर चारों हाउस रेड, ग्रीन, येलो एवं ब्लू हाउस की कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपने-अपने तर्कों के माध्यम से अपना विचार रखा। इस प्रतियोगिता में चारों हाउस से रेड हाउस प्रथम, ब्लू हाउस द्वितीय, येलो हाउस तृतीय व ग्रीन हाउस चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।



विद्यालय के प्रबंध निदेशक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से छात्र-छात्राओं में वैचारिक प्रखरता बढ़ती है और मन की झिझक दूर होती है जिससे काफी आत्मबल मिलता है। वाद-विवाद एक औपचारिक चर्चा है जिससे तार्किक सुसंगती, तथ्यात्मक परिशुद्धता एवं भावनात्मक जुड़ाव मुख्य अंग होते हैं और यह व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होता है। साथ ही साथ विद्यालय के प्रबंध निदेशिका श्रीमती सविता चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों के वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय शिनजीकरणश् के संदर्भ में कुछ मुख्य बिंदुओं पर चर्चा की और कहा कि अवसर छोटा हो या बड़ा कभी गवाना नहीं चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी, जीपीएस प्राचार्य डॉ0 सी0पी0 श्रीवास्तव सहित शिक्षक-शिक्षिकाए उपस्थित रही।

# दिव्यांग बेटी ने ईको फ्रेंडली गोबर से दीपक व लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियों का किया निर्माण

संवाददाता। जालौन (उरई)

**नगर की** दिव्यांग बेटी ईको फ्रेंडली गोबर से बने आकर्षक दीयों और लक्ष्मी, गणेश की मूर्ति का निर्माण कर रही है। इन दीयों और मूर्तियों को सेवा पखवारा व वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत भाजपा नगर अध्यक्ष की टीम लोगों से खरीदने की अपील करेगी।

नगर के ऐतिहासिक मुरलीमनोहर तालाब पर स्थित श्रीवर्धन गोशाला के माध्यम से नगर के मोहल्ला गणेशजी में रहने वाली दिव्यांग व होनहार बेटी चारू ताम्रकार पुत्री सुनील ताम्रकार ने दो वर्ष पूर्व से गोबर के अलावा प्राकृतिक तत्व व रंगों से बने हुए ईको फ्रेंडली दीये बनाने का काम शुरू किया था। दीयों को आकार देने एवं रंगों के माध्यम से आकर्षक रूप से सजाने का कार्य चारू ताम्रकार पूरी मेहनत और लगन से करती हैं। उनके द्वारा की जा रही मेहनत लोगों के लिए प्रेरणादायक है। भले ही वह चलने फिरने में अक्षम है लेकिन अपनी कला का वह जीवंत प्रदर्शन कर लोगों की सराहना बटोर रही हैं। चारू ने बताया कि गोशाला से प्राप्त होने वाले गोबर से वह दीयों का निर्माण शुरू किया था। अब वह दीयों के साथ ही लक्ष्मी गणेश की मूर्तियां, स्वास्तिक आदि का भी निर्माण कर रही हैं। मूर्तियों को आकर्षक व चिकना बनाने के साथ ही चटकने से बचाने के लिए उसमें मुल्तानी मिट्टी को मिलाया जाता है। सुखाने के बाद उस पर कलर किया जाता है। बताया कि पिछले दो सालों से वह गरीब परिवारों को निशुल्क दीये व मूर्तियां वितरित कर रही हैं। इन मूर्तियों के माध्यम से उनकी इच्छा है कि लोग पर्यावरण सुरक्षा के प्रति आकर्षित हों। इससे प्रेरणा लेकर लोग गोपालन की सार्थकता को समझें और व्यवसायिक तौर पर इन दीयों का उत्पादन कर आर्थिक लाभ भी अर्जित कर सकें। उनके बारे में जब भाजपा नगर अध्यक्ष अभय सिंह राजावत को पता चला तो वह चारू के ताम्रकार के घर पहुंचे और उनकी बनाई मूर्तियों और दीयों को देखकर उनकी सराहना भी की। उन्होंने कहा कि सेवा पखवारा व वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत वह गोबर से बनाए इन दीयों को खरीदने के लिए लोगों से अपील करेंगे। ताकि लोकल उत्पाद को बढ़ावा मिल सके और लोग ईको फ्रेंडली दीपावली मना सकें। इस मौके पर कुंवर सिंह यादव, प्रदीप सक्सेना, आलोक भदौरिया, पप्पू चौहान, धीरज बाथम, अनिल शिवहरे, मनोज गुप्त आदि मौजूद रहे।



## क्विक न्यूज

### चयन प्रक्रिया 26 सितम्बर से होगी शुरू

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया है कि वर्ष 2022-23 में आवासीय क्रीडा छात्रावास में प्रवेश हेतु टेबुल टेनिस, बास्केटबाल, तीरंदाजी, कबड्डी, बैटमिंटन, जूडो, तैराकी, कुश्ती एवं क्रिकेट खेलों में जिला, मण्डल तथा राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल्स का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तरीय चयन का अयोजन 26 सितम्बर को प्रात: 11 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा श्रावस्ती में किया जायेगा। जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु दस रुपये जमा कर आवेदन पत्र जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट्स स्टेडियम, श्रावस्ती से कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। जिसमें जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स 26 सितम्बर को स्पोर्ट्स स्टेडियम भिनगा में मण्डल स्तर पर चयन 27 सितम्बर को क्षेत्रीय खेल कार्यालय गोण्डा में एवं राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल्स की तिथि 29 से 30 सितम्बर को के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में किया जायेगा। उन्होने बताया कि उक्त चयन/ट्रायल्स में भाग लेने हेतु 1 अप्रैल 2022 को बालक/बालिकाओं की तैराकी खेलों में आयु 12 वर्ष से कम तथा अन्य खेलों में 15 वर्ष से कम होनी चाहिये।

### थाना दिवस में एसडीएम, सीओ ने सुनी समस्यायें

**कोटरा( जालौन )।** शनिवार को कोटरा में थाना दिवस के अवसर पर एसडीएम राजेश सिंह और सीओ सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी प्रदुमन कुमार लेखपाल देवेंद्र गौतम एवं थाना प्रभारी कृष्ण पाल सिंह सरोज की उपस्थिति में शिकायतों का निस्तारण किया गया। शिकायतें कोटरा और धुरट ग्राम की थीं जिसका निस्तारण हो चुका था। थाना दिवस के अवसर पर एसडीएम राजेश सिंह ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण करना एवं जनता की सुरक्षा का देखभाल करना भी अहम जिम्मेदारी है।

### माकपा ने सरकार की विफलताओं को लेकर शुरू किया अभियान

**जालौन ( उरई )।** बढ़ती मंहगाई, चार श्रम संहिता एवं बढ़े हुए गृहकर के खिलाफमार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी अभियान चला रही है। लोगों को सरकार की विफलताओं के बारे में अवगत कराया जा रहा है। नगर क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने लोगों से सरकार की विफलताओं के बारे में बताया। इस दौरान पार्टी के जिला मंत्री कमलाकांत वर्मा ने मांग करते हुए कहा कि देश में खाने पीने की वस्तुओं पर टैक्स लगाया गया है। जिससे लोगों का पेट भरना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने खाने पीने की वस्तुओं पर जीएसटी वापस लेने, प्रदेश को सूखाग्रस्त घोषित करने, जातिगत गणना कराने, बढ़े हुए गृहकर को वापस लेने, परती जमीन पर भूमिहीनों को पट्टा देने, चार श्रम संहिताएं वापस लेने, न्यूनतम मजदूरी 26 हजार रुपये प्रतिमाह करने, शिक्षा समाप्ति पर रोजगार की गारंटी देने, 300 यूनिट बिजली मुफ्त करने की मांग सरकार से की है। इस मौके पर कमलेश कुमार आचार्य, सलीम, अरविंद, नीरज, रिंकू, महेंद्र प्रताप आदि मौजूद रहे।

### समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं फरियादियों की समस्यायें



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने राजापुर थाने में समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनकर जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। शनिवार को डीएम-एसपी ने राजापुर थाने में फरियादियों की समस्यायें सुनकर कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस व थाना दिवस में जनसुनवाई में जो समस्यायें मिलती हैं, उनका निस्तारण शासन की मंशानुसार कराया जाये, ताकि शासन स्तर से समस्याओं के निस्तारण बाबत समस्या ग्रस्त व्यक्ति से फीडबैक लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी मामले पुलिस व राजस्व टीमें मौके पर जाकर निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने सहायक चकबन्दी अधिकारी को निर्देश दिये कि चकबन्दी की शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण करें। थाना समाधान दिवस में एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां, प्रशिक्षु सीओ राजकमल, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बीएन कुशवाहा, नायब तहसीलदार राजापुर पुष्पेन्द्र सिंह, थानाध्यक्ष दीपेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### नियुक्त किये जेल पर्यवेक्षक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति ने मेरठ और बरेली मण्डल में जेल पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। आज यहां समिति के मुख्यालय में हुयी बैठक में इस आशय का निर्णय लेते हुये मेरठ मंडल इकाई से एडवोकेट रंजीत गिरिए बरेली मंडल से संजीव प्रजापति और रवि गौतम को गाजियाबाद मंडल से सचिव जेल पर्यवेक्षक का नियुक्ति पत्र सौंपा। प्रांतीय सचिव दीपक गुप्ता एवं प्रांतीय सह सचिव विजय भारद्वाज की उपस्थित में हुयी बैठक में विजय भारद्वाज ने उत्तर प्रदेश अपराध निरोधक समिति की मूल सिद्धान्तों पर प्रकाश डालते हुए बताया की अपराधी से नहीं अपराध से धृणा करो उत्तर प्रदेश को अपराध मुक्त प्रदेश बनाने में हम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्पों के साथ खड़े हैं।

## हाईटेंशन लाइन के खंभे में आये करंट से गाय की मौत

**जालौन ( उरई )।** हाईटेंशन लाइन के खंभे में आ रहे करंट के चलते पालतू गाय की मौत हुई। पीड़ित पशुपालक ने गाय की मौत होने की सूचना कोतवाली में दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी पशुपालक अशोक कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने पशुओं को चराने के लिए खेत पर ले जाते हैं। प्रतिदिन की भांति शनिवार की सुबह भी वह अपने पशुओं को चराने के लिए खेत पर ले जा रहे थे। रास्ते में हरसहाय के खेत में बिजली की हाईटेंशन लाइन का खंभा लगा है। बारिश के चलते उक्त खंभे में करंट आ रहा था। उनकी गाय चरते हुए खंभे के पास पहुंच गई। जहां खंभे में आ रहे करंट से चिपककर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। गाय की मौत से उसे आर्थिक नुकसान पहुंचा है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है।

# पात्र छात्र-छात्राओं को मिलेंगे 12 सौ रुपये: एबीएसए

संवाददाता। चित्रकूट

**महानिदेशक** स्कूल-शिक्षा एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी लवप्रकाश यादव के निर्देश पर विकासखण्ड कर्वी के सभी प्राथमिक विद्यालयों, उच्च प्राथमिक विद्यालयों एवं कम्पोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक में खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की कार्य योजना बनाई। शनिवार को छत्रपति साहूजी महाराज महिला महाविद्यालय में हुई समीक्षा बैठक में खण्ड शिक्षाधिकारी एनपी सिंह ने बैठक में मौजूद सभी एआरपी, नोडल शिक्षा संकुल व एसआरजी से विचार साझा किये। खासतौर पर गतिमान निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को प्राप्त करने की कार्य योजना बनाई। डीबीटी के तहत सभी पात्र छात्र-छात्राओं को शासन से अनुमन्य 12 सौ रुपये का लाभ दिलाना कायाकल्प के अवशेष कार्यों को पूरा करने की रणनीति बनाई।





प्रधानाध्यापकों की बैठक में बोलते एबीएसए पायनियर

कम्पोजिट ग्रांट से छोटे-छोटे कार्यों को पूर्ण कराते हुए सुविधाओं को क्रियाशील करने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के आवेदन, इंस्पायर एवार्ड आवेदन, शिक्षक छात्र के मध्य आत्मीय संबंध विकसित करने, मध्यान्ह भोजन संचालन, खाद्यान्न वितरण आदि बिन्दुओं पर प्रतिभागी प्रधानाध्यापकों को दिशा-निर्देश दिये। खण्ड शिक्षाधिकारी ने बेहतर कार्य करने वाले प्रधानाध्यापकों के कार्यों की सराहना की। ऐसे शिक्षकों से प्रेरणा लेने को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक विद्यासागर सिंह, प्रधानाध्यापक ऊषारानी त्रिपाठी, इन्द्रेश श्रीवास्तव, महेन्द्र सिंह, अशर्फीलाल सिंह, एआरपी दिलीप सिंह, संतोष साहू, अशोक पठारी आदि शिक्षक व शिक्षिकायें मौजूद रहे।

# एमबीबीएस के ओवरऑल टॉपर बन डा. सरल मिश्रा ने रच दिया इतिहास

- **राज्यपाल ने डायरेक्टर मैडल बैच 2017 से किया सम्मानित**

संवाददाता। उरई (जालौन)

**राम मनोहर** लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में 2017 बैच एमबीबीएस के ओवरऑल टॉपर बने इनको राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा डायरेक्टर मेडल बैच 2017 का अवार्ड दिया। डॉ. सरल मिश्रा ने तीसरे और चौथे वर्ष में मेडिसिन नेत्र रोग पेडियाट्रिक और प्रसूति रोग व स्त्री रोग में प्रथम व द्वितीय वर्ष में फर्माकोलॉजिकल एनाटॉमी और पैथोलॉजी में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करके अपने माता-पिता का नाम वह अपने शहर उरई जनपद जालौन का नाम रोशन किया। डॉ. सरल मिश्रा के पिता चंद्रहास मिश्रा उरई में एक मेडिकल स्टोर संचालित करते हैं। श्री मिश्र का कहना था कि उनके बेटे की बचपन से ही डॉक्टर बनने चाहत थी। डॉ. सरल मिश्रा की इंटर तक की शिक्षा मॉर्निंग स्टार सीनियर सेकेंडरी अकेडमी में हुई उसके बाद उन्होंने नीट का एग्जाम क्वालीफाई कर डॉक्टर राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में एमबीबीएस में दाखिला मिला था। डॉक्टर सरल मिश्रा ने 2017 बैच में ओवरऑल टॉप किया था। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, नारायण ग्रुप ऑफ अस्पताल के संस्थापक अध्यक्ष और पदम विभूषण डॉक्टर देवी प्रसाद शेट्टी विशेष अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। जहां राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने डॉ. सरल मिश्रा को सम्मानित किया। डॉ. सरल मिश्रा अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व अपने गुरुजन सुरेंद्र त्रिपाठी व आशुतोष शर्मा को देते हैं।

## पीड़ितों की समस्याओं का तत्काल किया जाये समाधान: एडीएम

**जालौन (उरई)।** अपर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित हुए थाना समाधान दिवस में मात्र दो फरियादियों ने ही अपनी शिकायत दर्ज कराई। जिन्हें संबंधित को सौंपा गया। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी की अध्यक्षता में कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में पूर्व सभासद कमलाकांत ने बताया कि उनकी मोहल्ला दलालनपुरा औरैया रोड पर मकान निर्माण सामग्री की दुकान है। उनकी दुकान से ग्राम सींगपुरा निवासी दीपक कुमार ने निर्माण सामग्री खरीदी थी। जिसका उन्होंने 20 हजार रुपये उधार किया था। अब वह उधार रुपये नहीं चुका रहे हैं। जब वह रुपये मांगते हैं तो पहले तो वह बहाने बनाकर टहलाते रहे अब उन्होंने रुपये देने से साफ इंकार कर दिया। इतना ही नहीं रुपये मांगने पर झगड़ा फसाद पर आमादा हैं। थाना समाधान दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश एएसपी ने अधीनस्थों को दिए हैं।

# ग्रामोदय विवि में स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों के योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी

संवाददाता। चित्रकूट

**मध्यप्रदेश** शासन के राज्यमंत्री रामखेलावन पटेल ने आव्हान किया कि राजनीतिक लोग जनजाति के एक - एक परिवार को गोद लेकर उनके बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजने का संकल्प लें। केंद्र और राज्य सरकार के अनुसचित जनजाति के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाएं संचालित कर रही है।आवश्यकता है ,जनजाति के सभी परिवारों को इन योजनाओं से लाभान्वित कराने के लिए सार्थक और सशक्त पहल की।

श्री पटेल आज महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति नायकों के योगदान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, प्रदर्शनी और छात्र संवाद का उदघाटन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में आये थे। श्री पटेल ने इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति के नायकों के योगदान को बताते हुए कहा कि देश की आजादी, एकता व अखंडता में जनजाति के नायकों ने अविस्मरणीय योगदान किया है। स्वतंत्रता संग्राम में यातनाएं सही है। बलिदान दिया है।जब जब भी आवश्यकता हुई है जनजाति के लोगों ने अपने राष्ट्र के आवश्यक योगदान किया। बावजूद इसके जनजाति के लोगों के संघर्ष, बलिदान, योगदान का इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान नही दिया गया है।मुझे विश्वास है कि ऐसे आयोजनों से जनजाति समाज की गौरवशाली परंपरा और स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष व बलिदान से सर्वसमाज रूबरू होगा और जनजाति समाज भी महिमा मंडित होगा। सीएमसीएलडीपी सभागार में सम्पन्न राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता ग्रामोदय विवि के कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने की। रामराज सिंह अध्यक्ष वीदुग्राविशो समिति मझगवां विशिष्ट अतिथि रहे। जनजाति कार्य विभाग मध्यप्रदेश में विशेष सहायक श्रीमती डॉ उमा कुमरे परते मुख्य वक्ता रही। अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली में सहायक उपनिदेशक श्रीमती मीनाक्षी शर्मा विषय विशेषज्ञ रही। इस दौरान दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ संगोष्ठी स्थल से सटे परिसर में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग नई दिल्ली द्वारा लगाई गई नयनाभिराम प्रदर्शनी के उद्घाटन के हुआ। राज्य मंत्री श्री पटेल भारतीय संस्कृति के अनुरूप नारियल तोड़ कर प्रदर्शनी का उदघाटन किया।मंत्री श्री पटेल प्रदर्शित जनजाति नायकों के चित्रों और उनके योगदान को पढ़कर काफी प्रफुल्लित हुए।मध्यप्रदेश राज्य के जनजाति के नायकों की जानकारी को प्रदर्शनी में पाकर उपस्थित लोगों को भी बताया कि हमारे राज्य के जनजाति समाज का भी योगदान स्वतंत्रता संग्राम में रहा।ललित कला की छात्राओं द्वारा आयोजन स्थल के प्रवेश द्वार पर बनाई गई भगवान विरसा मुंडा की आकर्षक रंगोली को उन्होंने सराहा और कलाकार छात्राओ के साथ चित्र भी खिंचवाया। मंत्री श्री पटेल ने आजादी के संग्राम में जनजाति के नायकों के योगदान की सूची और विवरण को पढ़ते हुए कहा कि अभी भी इसमें बहुत कुछ जोड़ने की आवश्यकता है।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के नेतृत्व में जनजाति के सर्वांगीण विकास हेतु किये जा रहे कार्यों और योजनाओं पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि देश की आजादी में हर छेत्र, हर वर्ग के लोगो का योगदान रहा है।प्रो मिश्रा ने स्वतंत्रता संग्राम में जनजाति के नायकों के योगदान को बताते हुए कहा कि जनजाति समाज के लोगों के योगदान को ठीक से प्रस्तुत नहीं किया गया था।



# भारत ने इंग्लैंड का सूपड़ा साफ किया

● दीप्ति, स्मृति और रेणुका चमके

## अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन का अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच



**भाषा।** लंदन

**आलराउंडर** दीप्ति शर्मा और सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के अर्धशतक के बाद रेणुका सिंह की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने शनिवार को यहां कम स्कोर वाले रोमांचक तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 16 रन से हराकर पहली बार मेजबान टीम का उसकी सरजमीं पर सूपड़ा साफ किया। इंग्लैंड की टीम लार्ड्स पर 170 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रेणुका (29 रन पर चार विकेट), झूलन गोस्वामी (30 रन पर दो विकेट), और राजेश्वरी गायकवाड़ (38 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 43.3 ओवर में 153 रन पर ढेर हो गई जिससे भारत ने श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। अनुभवी तेज गेंदबाज झूलन का यह अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच था। इंग्लैंड के खिलाफ ही चेन्नई में छह जनवरी 2002 को जीत के साथ अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करने वाली झूलन के लिए यह श्रृंखला यादगार रही। इंग्लैंड की ओर से चार्ली डीन ने सर्वाधिक 47 रन बनाए। उन्होंने 80 गेंद की अपनी पारी में पांच चौके जड़े। कप्तान एमी जोन्स (28) और सलामी बल्लेबाज ऐमा लैंब (21) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। भारत इससे पहले दीप्ति (106 गेंद में नाबाद 68, सात चौके) और स्मृति (79 गेंद में 50 रन, पांच चौके) के अर्धशतक के बावजूद 45.4 ओवर में 169 रन पर सिमट गया। इन दोनों के अलावा पूजा वस्त्रकार (22) ही दोहरे अंक में पहुंचने में सफल रही। चार्ली डीन और फ्रेया डेविस (नाबाद 10) ने 10वें विकेट के लिए 35 रन जोड़कर इंग्लैंड की जीत की उम्मीदें जगा दी थी। दीप्ति (24 रन पर एक विकेट) ने हालांकि समझदारी दिखाते हुए अपनी ही गेंद पर चार्ली डीन को रन आउट कर दिया। फ्रेया डेविस ने दीप्ति की गेंद पर सीधा शॉट खेला। गेंद दीप्ति के पास पहुंची लेकिन चार्ली डीन गेंदबाजी छोर पर काफी आगे निकल चुकी थी और भारतीय गेंदबाज ने गलती नहीं करते हुए उन्हें रन आउट करके भारत को जीत दिला दी। इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने लाईस पर नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 29 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए थे। स्मृति और दीप्ति ने पांचवें विकेट के लिए 58 रन की साझेदारी करके पारी को संवारने की कोशिश की। स्मृति हालांकि अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद तेज गेंदबाज केट क्रॉस की गेंद पर बोल्ड हो गईं। दीप्ति को पूजा वस्त्रकार (22) के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 40 रन जोड़कर टीम का स्कोर 150 रन के करीब पहुंचाया। चार्ली डीन ने पूजा को पगबाधा करके इस साझेदारी को तोड़ा जिसके बाद भारतीय पारी को सिमटने में अधिक समय नहीं लगा। दीप्ति हालांकि इससे पहले अपना अर्धशतक पूरा करने में सफल रहीं और नाबाद वापस लौटीं। इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज केट क्रॉस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 रन देकर चार विकेट चटकाए। फ्रेया कैंप (24 रन पर दो विकेट) और सोफी एक्लेस्टोन (27 रन पर दो विकेट) ने भी दो-दो विकेट हासिल किए।

## भारत की जूनियर ट्रैप टीम ने शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता

**भाषा।** ओसिएक (क्रोएशिया)

**भारत ने शनिवार** को यहां फाइनल में इटली को 6-4 से हराकर आईएसएसएफ शॉटगन विश्व चैंपियनशिप में जूनियर पुरुष ट्रैप टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। यह चैंपियनशिप का भारत का पहला पदक भी है। अमेरिका ने कांस्य पदक जीता। शपथ भारद्वाज, शारदुल विहान और आर्य वंश त्यागी की तिकड़ी के लिए यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है क्योंकि इटली ने शॉटगन वर्ग में लंबे समय से दबदबा बनाया हुआ है। इतना ही नहीं भारतीय टीम एडोआर्डो एंटोनियोली, इमानुएल इज्जी और जियानमारको बारलेटा की इटली की टीम से 0-4 से पीछे चल रही थी जिसके बाद उसने जोरदार वापसी की। इससे पहले शपथ, शार्दुल और आर्य वंश ने क्वालीफिकेशन चरण में संयुक्त 205 का स्कोर किया था जहां प्रत्एक सदस्य ने 25-25 लक्ष्यों के तीन दौर में निशानेबाजी की। इटली की टीम 206 अंक के साथ शीर्ष पर रही। भारतीय टीम ने दूसरे स्थान पर रहते हुए स्वर्ण पदक के मुकाबले में इटली के साथ जगह बनाई। भारतीय टीम के लिए कुछ भी आसान नहीं था। क्वालीफिकेशन में अमेरिकी टीम ने भी उसके समान स्कोर बनाया लेकिन भारतीय टीम ने शूट आफ में 2-0 की जीत से फाइनल में जगह बनाई।

## पश्चिम क्षेत्र जीत के करीब

●दलीप ट्राफी फाइनल


सरफराज खान का शतक

**भाषा।** कोयंबटूर

**पश्चिम** क्षेत्र वापसी करते हुए यादगार जीत दर्ज करने के करीब पहुंच गया है जिसने शनिवार को यहां दलीप ट्राफी फाइनल में जीत के लिए 529 रन का असंभव लक्ष्य देने के बाद दक्षिण क्षेत्र के शीर्ष और मध्यक्रम को झकझोर दिया। चौथे दिन स्टंप तक दक्षिण क्षेत्र छह विकेट पर 156 रन बनाकर करारी हार की कगार पर है जो अब भी 375 रन से पिछड़ रहा है। पहली पारी में अपनी प्रतिद्वंद्वी से 57 रन से पिछड़ने के बाद पश्चिम क्षेत्र ने चार विकेट पर 585 रन के विशाल स्कोर पर दूसरी पारी घोषित की। उसके लिए बीती रात के दोहरे शतकवीर यशस्वी जायसवाल के 265 रन पर आउट होने के बाद सरफराज खान ने जिम्मेदारी उठाई और नाबाद शतक (178 गेंद में 127 रन) जड़ा। पश्चिम क्षेत्र ने तीन विकेट पर 376 रन से आगे खेलना शुरू किया, तब जायसवाल 244 गेंद में 209 रन बना चुके थे। जायसवाल ने सुबह भी उसी लय में बल्लेबाजी जारी रखी और तीसरे दिन के 23 चौकों में सात चौके और जोड़े। लेकिन अंत में वह ऑफ स्पिनर कृष्णप्पा गौतम का शिकार बने। उन्होंने अपनी दोहरी शतकीय पारी में 330 गेंद का सामना किया और सरफराज के साथ चौथे विकेट के लिए 164 रन की भागीदारी निभाई। सरफराज ने फिर दक्षिण क्षेत्र के गेंदबाजों को जरा भी राहत नहीं लेने दी और अपनी टीम के स्कोर को बढ़ाना जारी रखते हुए उसे मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। सरफराज ने 11 चौके और दो छक्के जड़े तथा हेत पटेल (नाबाद 41 रन) के साथ 103 रन की अटूट साझेदारी से दक्षिण क्षेत्र की परेशानी बढ़ा दी। सरफराज के दलीप ट्राफी पदार्पण में शतक पूरा करते ही पश्चिम क्षेत्र के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने दूसरी पारी घोषित कर दी। पहली पारी में 98 रन की पारी खेलने वाले हेत पटेल ने तेजी से रन जुटाए, उन्होंने महज 61 गेंद का सामना किया जिसमें सात चौके और एक छक्का जड़ा था। पांच सत्र तक बल्लेबाजी कर पश्चिम क्षेत्र ने प्रतिद्वंद्वी टीम को निराश कर दिया और दक्षिण क्षेत्र की टीम इस सदमे से नहीं उबर सकी। यह दूसरी पारी में बल्लेबाजी के दौरान साफ दिखाई दिया जिसमें रोहन कुनुमल (100 गेंद में 93 रन) को छोड़कर उसके बल्लेबाज चुनौती देने में असफल रहे।

### सिंगापुर ने भारतीय फुटबॉल टीम को 1-1 से ड्रॉ पर रोका

**हो ची मिन्ह सिटी।** शानदार प्रदर्शन के बावजूद भारतीय टीम जीत दर्ज नही कर सकी और निचली रैंकिंग वाली सिंगापुर टीम ने उसे फीफा अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना फुटबॉल मैच में1-1 से ड्रॉ पर रोक दिया। सिंगापुर के लिए इखसान फंडी ने 37वें मिनट में गोल किया लेकिन छह मिनट बाद ही भारत के आशिक कुरूनियन ने कप्तान सुनील छेत्री की मदद से बराबरी का गोल दाग दिया। जैक्सन सिंह ने सिंगापुर के हाफ में प्रवेश किया और गेंद छेत्री को सौंपी जिन्होंने इसे आगे कुरूनियन को थमाया।

### फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप की भारतीय टीम स्पेन रवाना

**नई दिल्ली।** भारत में 11 अक्टूबर से होने वाले अंडर 17 फीफा महिला विश्व कप की भारतीय टीम अगले सप्ताह दोस्ताना अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने स्पेन रवाना हो गई। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने हालांकि यह नही बताया कि किन टीमों के खिलाफ भारत को खेलना है। एआईएफएफ ने एक विज्ञप्ति में कहा , फीफा अंडर 17 महिला विश्व कप की तैयारी के लिए ए मैच हो रहे है जो भारत में 11 अक्टूबर से शुरू होगा। मैचों का ब्यौरा जल्दी ही दिया जाएगा।

### बांग्लादेश, आयरलैंड ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

**दुबई।** बांग्लादेश और आयरलैड की महिला क्रिकेट टीमों ने अबुधाबी में क्वालीफाइंग प्रतियोगिता मे अपने सेमीफाइनल जीतने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका मे 2023 मे होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। बांग्लादेश की महिला टीम ने शुक्रवार को थाईलैंड पर 11 रन की जीत हासिल की जबकि आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को चार रन से मात दी। इस तरह दोनो टीमे आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के साथ शामिल हो गई है जिन्होने पहले ही 10 टीम के टूर्नामेंट के लिए अपनी जगह पक्की कर ली थी।

### स्कूली क्रिकेट टीम घोषित

**लखनऊ।** रायबरेली में होने वाली मंडलीय विद्यालयी सब जूनियर बालक अंडर.14 स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता और मंडलीय विद्यालयी जूनियर बालिका अंडर-19 स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए लखनऊ जनपद की टीमों की घोषणा कर दी गई। मंडलीय स्कूली क्रिकेट प्रतियोगिता रायबरेली में 26 सितंबर से होगी। जिले की बालक अंडर-14 कि केट टीम में वसीम खान, अमन वर्मा, हिमांशु यादव, राजवीर श्रीवास्तव, पुरू पांडेय, तनिष्क दिवाकर, रोनित सिंह, शौर्य श्रीवास्तव,उत्कर्ष शर्मा, जैन अली, मोहम्मद शेहफ ाज, वीर सक्सेना, मोहम्मद हम्माद खान, निपुण छाबड़ा, अभय भारती, ईशान श्रीवास्तव का चयन हुआ है। जूनियर बालिका अंडर-19 स्कूली क्रिकेट टीम : सलोनी राजपूत, आशीर्वा कश्यप, रिया वर्मा, आपसा, अवंतिका, तनिष्का सिंह, शशि बालन, निधि सिंह, क्रिस्टीना सिंह, शिवानी मौर्या,महक रावत, आकांक्षा रावत, यशी सिंह, नेहा गुप्ता, साजिया खान, रितु सेठ, टीम मैनेजर रू राज कुमार त्रिपाठी, कोच रू कोमल चौरसिया।

### एरिगेसी फाइनल में

**न्यूयॉर्क।** युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने जूलियस बाएर जेनरेशन कप ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में वियतनाम के लिएम क्वांग लि को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उनका सामना दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से होगा।

## नेट पर भी आक्रामक गेंदबाजी करती थीं झूलन : मिताली

● विदाई पर बोलीं

**भाषा।** नई दिल्ली



**झूलन** गोस्वामी की क्रिकेट के प्रति प्रतिबद्धता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वह नेट में भी आक्रामक गेंदबाजी करती थी और उनके सामने अकसर बल्लेबाजी करते हुए उनकी लंबे समय की साथी और कप्तान मिताली राज हुआ करती थीं। जुलाई में अपने करिश्माई करियर को अलविदा कहने वाली भारत की शानदार महिला बल्लेबाज मिताली ने महान तेज गेंदबाज झूलन का पूर्व क्रिकेटरों के क्लब में स्वागत किया। झूलन का विदाई मैच इंग्लैंड के खिलाफ लार्ड्स पर शनिवार को खेला जा रहा भारत का तीसरा और अंतिम वनडे होगा। दो दशक तक साथ में ड्रेसिंग रूम साझा करने वाली मिताली और झूलन ने भारत में महिला क्रिकेट के विकास को देखा है, दोनों यादगार जीत में साथी रही हैं और दोनों ने कुछ बुरी हार भी देखी हैं। झूलन के अनंत प्रभाव, लंबे समय तक खेलने और इतने वर्षों के अथक परिश्रम पर पीटीआई से बात करते हुए मिताली ने चकदा एक्सप्रेस के शुरूआती दिनों से बातचीत शुरू की जब वह 19 साल थी और भारतीय टीम में शामिल हुई थीं। मिताली ने कहा, हम हमउम्र हैं, इसलिए हम दोनों काफी सहज रहती और हमारी बातचीत भी ऐसी ही होती। उनसे बात करना बहुत आसान रहता। वह हमेशा मैदान पर ऊर्जा से भरी रहती थीं, शायद इसलिए कि वह तेज गेंदबाज हैं। झूलन (39 वर्ष) अपने अथक समर्पण की बदौलत ही वनडे में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाली गेंदबाज बनीं। हालांकि स्विंग उनका सबसे बड़ा हथियार नहीं था लेकिन अपनी सटीक गेंदबाजी और सीम के बखूबी इस्तेमाल से वह इतने सारे विकेट अपनी झोली में डालने में सफल रहीं। मिताली ने याद करते हुए कहा कि नेट में भी उनका प्रतिस्पर्धी भाव दिखाई देता था। उन्होंने कहा, नेट पर मैं अकसर उनसे कहती, तुम गेंदबाजी में इतनी आग क्यों उगलती हो (आक्रामक गेंदबाजी करती हो), आखिर मैं तुम्हारी साथी ही हूं ना। फिर वह कहतीं, तुम्हें आउट करना सबसे मुश्किल है। वह हमेशा प्रतिस्पर्धी रहतीं, घरेलू क्रिकेट में भी, जिसमें भी हम अकसर एक दूसरे के खिलाफ खेलते थे। मुझे इस प्रतिद्वंद्विता में भी मजा आता था। एक तेज गेंदबाज से उम्मीद होती है कि वह बाहर से दिखने में सख्त हो लेकिन झूलन अंदर से बहुत नरम दिल की हैं। मिताली ने घरेलू क्रिकेट में एक मैच का वाकया बताया जिसमें झूलन का यह पक्ष दिखता है।
मिताली ने कहा, हम सेमीफाइनल (रेलवे बनाम बंगाल) में खेल रहे थे। घरेलू सत्र में मैं हेलमेट नहीं ले जाती। झूलन मेरे सिर पर ही निशाना बनाए थी और मैंने उने कई बाउंसर छोड़ दिए थे। थोड़ी देर बाद वह मेरे पास आईं और बोलीं, तुम हेलमेट क्यो नहीं पहन रहीं? मैंने कहा, मैं हेलमेट नहीं लाई , तो कैसे पहनूंगी? वो भी मजेदार दिन थे। पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि प्रतिद्वंद्वी भी उनका पूरा सम्मान करते थे, विशेषकर जब वह अपने शिखर पर थीं। उनकी सटीक गेंदबाजी उन्हें सबसे अलग करती थी। वह स्विंग में इतनी अच्छी गेंदबाज नहीं थी, वह गेंद को अंदर बाहर कर सकती थीं। कटर गेंद उनकी ताकत थी। जब वह अपने शिखर पर थीं तो वह कभी भी ढीली गेंद नहीं फेंकती थीं। तेज गेंदबाज रूमेली धर और अमिता शर्मा के संन्यास के बाद झूलन भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण में अहम बन गईं, भले ही टीम स्पिन पर निर्भर रहती। मिताली और झूलन ने ऐसे समय में एक साथ खेलना शुरू किया था जब महिला क्रिकेट की काफी अनदेखी की जाती थी। लेकिन 2006 में बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) के अंतर्गत आने के बाद इसमें बदलाव शुरू हुआ।

### ईडन गार्डंस पर एक स्टैंड का नाम झूलन के नाम पर रख सकता है कैब

**कोलकाता।** बंगाल क्रिकेट संघ ईडन गार्डंस पर एक स्टैंड का नाम भारत की महान गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर रखने की सोच रहा है। पश्चिम बंगाल के चकदा कस्बे की रहने वाली 39 वर्ष की झूलन इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को तीसरे और आखिरी वनडे के साथ क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। कैब अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने कहा , हम ईडन गार्डंस पर एक स्टैंड का नाम झूलन के नाम पर रखने की सोच रहे है।वह खास क्रिकेटर है और लीजैंड में उनका नाम दर्ज होता है। हम जरूरी अनुमति के लिए सेना से संपर्क करेंगे। हम वार्षिक दिवस पर उनके लिए विशेष सम्मान समारोह की भी योजना बना रहे है। कैब मे हम महिला क्रिकेट को भी समान तवज्जो देते है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को भले ही वह अलविदा कह रही है लेकिन हम चाहेंगे कि वह महिला आईपीएल खेले।

### झूलन को गार्ड आफ आनर दिया गया

**लंदन।** शानदार करियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रही भारतीय महिला टीम की तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को शनिवार को यहां इंग्लैड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे मे बल्लेबाजी के लिए उतरते समय मेजबान टीम की खिलाडियो ने गार्ड आफ आनर दिया। मैच के 40वें ओवर मे नौवे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरी महिला क्रिकेट की अब तक की सबसे बड़ी खिलाड़ियों मे से एक 39 वर्षीय झूलन को इंग्लैड की क्रिकेटरो ने प्रतिष्ठित लॉर्ड्स मैदान मे दो पंक्तियों मे खड़े होकर सम्मान दिया। झूलन महिला क्रिकेट मे सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज के रूप मे अपने दो दशक के शानदार करियर का अंत करेंगी।

## हर्षल व चहल की फॉर्म पर होगी निगाह

● भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरा और निर्णायक मैच आज

**भाषा।** हैदराबाद



**पिछले मैच** में जीत दर्ज करके श्रृंखला को बराबर करने वाला भारत रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जब तीसरा और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने के लिए उतरेगा तो उसकी निगाह अपने दो प्रमुख गेंदबाजों हर्षल पटेल और यूज़वेंद्र चहल की फॉर्म पर टिकी रहेगी। भारत ने नागपुर में दूसरे मैच में छह विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला बराबर की लेकिन उसके लिए अपने गेंदबाजों विशेषकर हर्षल और चहल की फॉर्म चिंता का विषय है। भारतीय टीम टी20 विश्व कप से पहले इन दोनों को फॉर्म में वापसी करते हुए देखना चाहेगी। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह की वापसी अच्छी खबर है लेकिन वरिष्ठ तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की खराब फॉर्म चिंता का विषय है। भुवनेश्वर एशिया कप और फिर आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में भी नहीं चल पाए थे। उन्हें दूसरे मैच से बाहर कर दिया गया था क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा मैदान गीला होने के कारण आठ ओवर का कर दिए गए इस मैच में केवल चार गेंदबाजों के साथ उतरना चाहते थे। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल ने चोट से उबरने के बाद वापसी की है लेकिन वह आत्मविश्वास से भरे हुए नहीं दिखे। उन्हें लय हासिल करने के लिए एक दो मैच और खेलने होंगे। अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी के लिए मशहूर इस तेज गेंदबाज ने वर्तमान श्रृंखला में छह ओवरों में 81 रन लुटाए हैं और वह सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए हैं। हर्षल को लेंथ हासिल करने में दिक्कत आ रही है और उन्हें अभी तक एक भी विकेट नहीं मिला है। भारत बीच के ओवरों में स्पिनरों पर निर्भर है तथा जहां अक्षर पटेल का अच्छा प्रदर्शन उसके लिए अच्छी खबर है वहीं चहल की खराब फॉर्म चिंता का विषय। बल्लेबाजी में भारतीय शीर्ष क्रम में शामिल रोहित, केएल राहुल और विराट कोहली को अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाने की जरूरत है। सूर्यकुमार यादव भी पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन अच्छी बात यह है कि हार्दिक पंड्या लगातार अच्छा खेल दिखा रहे हैं। भारत के बल्लेबाजों की एक और कमजोरी लेग स्पिन है। लेग स्पिनरों के खिलाफ उनका संघर्ष जारी है और एडम जंपा भी उनकी इस कमजोरी का फायदा उठा रहे हैं। भारतीय टीम में फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक को आगे भी मौका मिलने की संभावना है। रोहित चोटिल जडेजा की जगह लिए गए अक्षर को भी टीम में बनाए रखना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया भी भारत की तरह अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित है।

### टी20 अंतरराष्ट्रीय में नए सिक्सर किंग बने रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में शुक्रवार को खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच मे अपनी नाबाद 46 रन की पारी के दौरान पहला छक्का जड़ते ही क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। अब तक 138 मैच खेल चुके रोहित ने 20 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के लगाए और टी20 अंतरराष्ट्रीय मे अपने कुल छक्कों की संख्या 176 पर पहुंचाई जो कि नया रिकॉर्ड है। रोहित ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 121 मैचों में 172 छक्के लगा रखे हैं। गुप्टिल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप में सातवीं बार भाग लेंगे और तब उनके और भारतीय कप्तान के बीच छक्कों की जंग भी रोचक होगी। रोहित और गुप्टिल के अलावा फिलहाल किसी भी अन्य खिलाड़ी के इस जंग मे शामिल होने की संभावना नही है क्योंकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल काबिज है। वह 124 छक्कों के साथ रोहित और गुप्टिल से काफी पीछे हैं। भारत की तरफ से रोहित के अलावा विराट कोहली (106 मैचों में 104 छक्के) ने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 से अधिक छक्के लगाए हैं। विश्व के कुल 10 बल्लेबाज क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारूप मे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 से अधिक छक्के लगा चुके है।

## फेडरर ने टेनिस को अलविदा कहा,नडाल के साथ जोड़ी बनाई



**भाषा।** लंदन

**यह टेनिस के** लिए विशेष दिन था, जब रोजर फेडरर अपना आखिरी मैच खेलने के लिए कोर्ट पर उतरे और उनका साथ कोई और नहीं बल्कि वह राफेल नडाल दे रहे थे जिनके साथ उनकी कई वर्षों तक कड़ी प्रतिद्वंदिता रही। फेडरर ने शुक्रवार की रात को अपने चमकदार करियर को अलविदा कहा। इस 41 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने करियर में 20 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते और वह कई सप्ताह तक दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी भी रहे। उन्होंने लेवर कप में अपना आखिरी मैच खेला जिसमें वह टीम यूरोप की तरफ से युगल मैच खेलने के लिए कोर्ट पर उतरे। उनके जोड़ीदार नडाल थे और इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को टीम विश्व के फ्रांसिस टियाफो और जैक सॉक से हार का सामना करना पड़ा। टीम विश्व के खिलाड़ियों ने इस मैच को 4-6, 7-6 (2), 11-9 से जीता लेकिन यह केवल रिकॉर्ड के लिए है क्योंकि इस मैच के मायने कुछ और थे। यह विश्व टेनिस पर लंबे समय तक राज करने वाले फेडरर को विदाई देने का अवसर था। जब मैच समाप्त हुआ और फेडरर ने पेशेवर टेनिस को अलविदा कहा तो उन्होंने सबसे पहले नडाल और फिर टियाफो और सॉक को गले लगाया। फेडरर इसके बाद भावुक हो गए और जब वह टीम यूरोप के अन्य खिलाड़ियों से मिलने जा रहे थे तो वह अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए। स्टेडियम में मौजूद दर्शक तालियां बजा रहे थे लेकिन साथ ही उनकी सिसकियां भी निकल रही थी। फेडरर ने इसके बाद दर्शकों का आभार व्यक्त किया जो दो घंटे से अधिक समय तक चले और रात 12 बजकर 30 मिनट पर समाप्त हुए मैच के दौरान अलविदा फेडरर, अलविदा फेडरर कह रहे थे। स्विजरलैंड के इस स्टार खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वह इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के बाद टेनिस से संन्यास ले लेंगे। इसके बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि युगल मैच उनका आखिरी मैच होगा। फेडरर को पिछले साल विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में हार के बाद अपने दाहिने घुटने के तीन ऑपरेशन कराने पड़े थे। इसके बाद वह कोर्ट पर नहीं उतर पाए और इस तरह से विंबलडन का वह मैच उनका आखिरी एकल मैच साबित हुआ। फेडरर ने पिछले दिनों एक साक्षात्कार में कहा था, जब मैंने तय किया कि यह (संन्यास लेना) सर्वश्रेष्ठ फैसला है तो मैं दुखी था। मुझे इसका दर्द महसूस हो रहा था। शुक्रवार को मैच से पहले फेडरर ने ट्वीट किया, मैंने हजारों बार ऐसा किया है लेकिन यह अलग तरह का अहसास है। आज रात मैच देखने के लिए आने वाले सभी का आभार। इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी ने अपने करियर में 20 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते जिनमें विंबलडन में आठ, ऑस्ट्रेलियाई ओपन में छह, अमेरिकी ओपन में पांच और फ्रेंच ओपन में एक खिताब शामिल है। फेडरर ने कुल मिलाकर 103 एकल खिताब जीते और वह 310 सप्ताह तक एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहे। इसके अलावा उनके नाम पर डेविस कप खिताब और ओलंपिक पदक भी दर्ज है। खेल से इतर उन्हें एक आदर्श खिलाड़ी माना जाता था जिन्होंने टेनिस को नई ऊंचाइयां प्रदान की।


### भावुक हो गए दोनों दिग्गज

#### कोर्ट पर कड़ी प्रतिद्वंद्विता पर दिल में सम्मान

**नई दिल्ली।** टेनिस के दो महारथियो रोजर फेडरर और रफेल नडाल ने एक-दूसरे के बगल में बैठकर हाथ पकड़कर एक साथ रोते हुए लोगो को एक और अविस्मरणीय पल दिया जिसे भविष्य में भी कभी नही भूला जा सकेगा। लंदन के ओ टू एरेना में एक भी आंख ऐसी नही थी जो नम नही हो जहां फेडरर ने लीवर कप के दौरान टेनिस के खेल से अश्रुपूर्ण विदाई ली। यह अविस्मरणीय और भावनात्मक क्षण था। जो खिलाड़ी फौलाद के बने प्रतीत होते थे वे भावनाओं में पिछलते नजर आ रहे थे। कोई संकोच नही था, कोई शर्म नही थी। यह ऐसा ही अवसर था। जब फेडरर अपना आखिरी मैच खेलने के बाद अपने साथियों, अपने प्रशंसकों और परिवार का शुक्रिया अदा करने लगे तो उनकी आंखो से आंसू छलक पड़े और फिर वह जोर-जोर से रोने लगे। यह अविस्मरणीय क्षण था, आखिर फेडरर भी इंसान ही है। इसमे कोई संदेह नही कि ए दोनों टेनिस कोर्ट पर कदम रखने वाले सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वी रहे जिन्होंने खेल को फिर से परिभाषित किया। उन्होंने दिखाया कि मानव शरीर को कितना मजबूत किया जा सकता है और क्या हासिल किया जा सकता है। और इसके बावजूद उन्होंने दिखाया कि उनके फौलादी शरीर के अंदर उनके पास बच्चों जैसा दिल है जो जीत के उत्साह और हार की पीड़ा से कही अधिक चीजे समझता है। उन्होंने दिखाया कि खेल के मैदान मे कड़े प्रतिद्वंद्वी होने के बावजूद आप अपने प्रतिद्वंद्वियो के प्रति सम्मानपूर्ण सकते है। यह एक प्रेरक मानवीय पहलू है जो फेडरर और नडाल को आज की दुनिया मे एक अलग मुकाम पर ले जाता है जब आक्रामकता की आड़ मे दूसरे का अपमान करना फैशन बन गया है। उन्होंने अपने हाथ मे रैकेट लेकर जो किया वह हमेशा नवोदित खिलाड़ियों के लिए बहुमूल्य शिक्षा रहेगी।


## हरमीत-सुतिर्था को एकल खिताब

**भाषा।** सूरत



**गुजरात के** हरमीत देसाई ने शनिवार को यहां शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुरूष एकल टेबल टेनिस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि पश्चिम बंगाल की सुतिर्था मुखर्जी ने दबदबे भरी जीत से महिला एकल खिताब अपने नाम किया। स्थानीय नायक हरमीत ने फाइनल में हरियाणा के सौम्यजीत घोष को 4-0 से और ओलंपियन सुतिर्था ने महिलाओं के फाइनल में राष्ट्रीय चैम्पियन श्रीजा अकुला को 4-। से मात दी। सुतिर्था ने इस तरह राष्ट्रीय खेलों का समापन तीन स्वर्ण पदक से किया, उन्होंने महिला एकल के अलावा युगल और टीम स्पर्धा में सोने का पदक जीता। हरमीत और एक अन्य गुजराती टेबल टेनिस खिलाड़ी मानुष शाह ने दो दो स्वर्ण पदक जीते। गुजरात के पुरूषों ने टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता था। मानुष शाह ने कृत्विका सिन्हा रॉय के साथ मिलकर गुजरात के लिए मिश्रित युगल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया जिससे खचाखर्च भरे स्टेडियम में दर्शकों ने उनके लिए खड़े होकर तालियां बजाईं। पश्चिम बंगाल टेबल टेनिस स्पर्धा में चैम्पियन रहा, जिसके नाम चार स्वर्ण, एक रजत और तीन कांस्य पदक रहे।

### राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा नहीं लेंगी चोटिल सिंधू, उद्घाटन समारोह के दौरा मौजूद रहेंगी



**हैदराबाद।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू राष्ट्रीय खेलों में हिस्सा नहीं लेंगी क्योंकि वह टखने की चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाई हैं। यह दिग्गज खिलाड़ी हालांकि उद्घाटन समारोह में मौजूद रहेगी। बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान टखने में चोट लगा बैठी सिंधू 29 सितंबर को अन्य स्टार खिलाड़ियों के साथ उद्घाटन समारोह के लिए गुजरात में मौजूद रहेंगी। सूरत में दो अक्टूबर से बैडमिंटन की स्पर्धाएं शुरू होंगी। सिंधू ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि मैं चोट के कारण खेलों में प्रतिस्पर्धा पेश नहीं कर पा रही हूं। अगर मैं फिट होती तो निश्चित रूप से अपने राज्य (तेलंगाना) का प्रतिनिधित्व करती।